


हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बाल दिवस आज




अमोनियम नाइट्रेट, ऑक्साइड और फ्यूल ऑयल जैसे पदार्थों से तैयार किए जाने वाले विस्फोटक को आतंकी 'शिपमेंट' और 'पैकेज' जैसे कोडवर्ड से संबोधित करते थे




# जनवरी में लाल किले की कई बार की गई थी रेकी, आतंकी विदेशी हैंडलर्स से एन्क्रिप्टेड रूट के माध्यम से करते थे बात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के फरीदबाद मॉड्यूल के संदिग्ध आतंकी यानी सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के संबंध में गिरफ्तार किए गए डॉ. मुजम्मिल गनई लालकिला क्षेत्र की पहले भी रेकी कर चुका है। उसके मोबाइल फोन के डेटा के विश्लेषण से पता चला है कि उसने इस साल जनवरी में लाल किला क्षेत्र की कई बार टोह ली थी। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी को लोगों से लगातार पूछताछ कर रही है।


आतंकी उमर नबी

**आतंकी उमर का उसकी मां के सैंपल से डीएनए मैच, कार में वही था, उसने ही खुद को उड़ाया था**


फरीदाबाद में लाल कार की तलाशी

**जांच एजेंसियों ने आतंकियों के फोन से इन कोड वर्ड्स को बरामद किया, जिससे उनके संचार के तरीके का पर्दाफाश हुआ**

### आतंकियों के तुर्किये के आव्रजन टिकट मिले

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें संदेह है कि ये रेकी 26 जनवरी को ऐतिहासिक स्मारक को निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी, जो उस समय क्षेत्र में गहन गश्त के कारण विफल हो गई होगी। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं को उनके पासपोर्ट में तुर्किये के आव्रजन टिकट मिले हैं और वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या दोनों अपनी यात्रा के दौरान किसी विदेशी आका से भी मिले थे।

### अब एअर इंडिया की टोरंटो दिल्ली उड़ान में बम की अफवाह

पिछले दो दिनों से लगातार एयरपोर्ट से लेकर कई उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हैं। इसी बीच गुरुवार को भी कनाडा के टोरंटो से दिल्ली आ रही उड़ान को बम की धमकी मिली।

### अल फलाह यूनिवर्सिटी में खड़ी मिली ब्रेजा, गाड़ी शाहीन के नाम इस्तेमाल कर रहा था कोई और

फरीदाबाद के धौज में स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी से जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक और कार बरामद की है। ये ब्रेजा कार इस मामले में गिरफ्तार हो चुकी जैश की महिला विंग की कमांडर डॉक्टर शाहीन के नाम पर है। यह कार सितंबर 2025 में ही खरीदी गई थी। कार को यूनिवर्सिटी का एक अन्य डॉक्टर इस्तेमाल कर रहा था। उसे भी हिरासत में ले लिया गया है। इससे पहले जो एक डिजायर कार मिली थी वह भी डॉक्टर शाहिन की ही थी। उस डिजायर कार में एक एके-47 राइफल मिली थी।


डॉक्टर शाहीन और उसकी कार

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### रॉ प्रमुख जैन को सुरक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के प्रमुख पराग जैन को कैबिनेट सचिवालय में सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन ने एक जुलाई को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए देश की बाह्य खुफिया एजेंसी का कार्यभार संभाला था। कैबिनेट समिति ने आदेश जारी किया है।



### गूगल मैप्स बताएगा एयर क्वालिटी इंडेक्स

**नई दिल्ली।** सर्दियों के मौसम में कई शहरों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। गूगल ने इसी समस्या को हल करने के लिए एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) फीचर लॉन्च किया है। अब आप अपने मोबाइल या कंप्यूटर पर ही किसी भी जगह की रियल टाइम हवा की स्थिति देख सकते हैं। इससे तय कर सकते हैं कि जाना ठीक रहेगा या नहीं।



### पंचायत सचिव 50 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बालाघाट।** जिले में लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत परसवाड़ा के ग्राम पंचायत खरपड़िया सचिव और ग्राम पंचायत उकवा के प्रभारी सचिव योगेश हिरवाने को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जमीन पर भवन निर्माण की एनओसी देने के नाम पर दो लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।



**बिहार चुनाव के आज आएंगे नतीजे, 8 बजे से शुरू होगी मतगणना**

# एग्जिट पोल की असली परीक्षा...पास होंगे या फेल या देखने को मिलेगा कोई नया खेल


नीतीश कुमार


तेजस्वी यादव

*बिहार विधानसभा की 243 सीटों के मतदान प्रतिशत 67.13% रहा, जो 1951 के बाद से अब तक का सर्वोच्च स्तर है*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में एनडीए या महागठबंधन की सरकार? यह आज साफ हो जाएगा। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे शुक्रवार को आएंगे। राज्य के 38 जिलों के 46 मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, जो 8 से 8:30 बजे के बीच स्कैनर से स्कैन करके की जाएगी। अगर पोस्टल बैलेट की गिनती 8:30 बजे तक पूरी नहीं भी हुई, तब भी ईवीएम से वोटों की गिनती समानांतर रूप से शुरू हो जाएगी। बिहार विधानसभा की 243 सीटों के मतदान प्रतिशत 67.13% रहा, जो 1951 के बाद से अब तक का सर्वोच्च स्तर है। आयोग ने 14 नवंबर 2025 को सुचारू रूप से मतगणना प्रक्रिया के लिए भी प्रावधान किए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने 38 जिलों के डीएम के साथ गिनती की समीक्षा की।

**बिहार का अगला सीएम कौन आज बताएगी ईवीएम**


भाजपा के लिए हलवाइयों ने लड्डू बनाने का काम पहले से ही शुरू कर दिया है

- ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए को बहुमत का अनुमान सिर्फ एक में महागठबंधन आगे
- 38 जिलों के 46 केंद्रों पर मतगणना होगी एक राउंड में 14 ईवीएम खुलेंगी
- किसी भी गड़बड़ी की स्थिति में वीवीपैट की पर्चियों की गिनती की जाएगी
- मतगणना परिसर में मोबाइल ले जाने पर पूरी तरह से रोक

### भाजपा दफ्तर पर पोस्टर लगा- बिहार है तैयार 14 नवंबर को फिर आ रही एनडीए सरकार

### एकमात्र एग्जिट पोल जो बिहार में बना रहा महागठबंधन की सरकार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जारी हुए अधिकतर एग्जिट पोल के नतीजों में एनडीए को भारी बढ़त के साथ बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है। वहीं, एक एग्जिट पोल ऐसा है जिसमें तेजस्वी यादव के महागठबंधन को जीत मिलते हुए दिखाई गई है। इस एजेंसी का नाम जर्नो मिरर है। इस एग्जिट पोल में महागठबंधन को 243 में से 130 से 140 सीटें मिलने का अनुमान लगाया है। वहीं, एनडीए को बहुमत से दूर रखते हुए 100 से 110 सीटों के बीच सिमटते हुए दिखाया गया है।

### मनेर से 500 किलो लड्डू का ऑर्डर, कोलकाता से मंगाए फूल

नतीजे को लेकर दोनों गठबंधनों के दलों ने अपने-अपने तरीके से जश्न मनाने की तैयारी पहले से ही कर रखी है। पटना की अधिकतर बैंड पार्टी बुक हैं और मिठाइयां बनायी जा रही हैं। प्रत्याशी के समर्थक कोलकाता से फूल मंगा रहे हैं। जदयू प्रदेश कार्यालय में अभी से खुशी का माहौल दिख रहा है। प्रदेश मुख्यालय को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारी है। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी कहा गया है कि अपने घरों को वे सभी सजा लें। जदयू प्रदेश कार्यालय को बिजली के झालर और फूलों से सजाया जाएगा। पटना स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मतगणना से ठीक एक दिन पहले ही उत्सव के रंग में रंगने लगा है। यहां भाजपा कार्यालय में गुरुवार सुबह से ही सजावट, मिठाइयों के ऑर्डर और जश्न की तैयारियां चल रही हैं। कार्यकर्ता लगातार पोस्टर, बैनर और झंडे लगा रहे हैं। कार्यालय की दीवारों पर नए पोस्टर चिपकाए जा रहे हैं, जिन पर लिखा है- बिहार है तैयार, 14 नवंबर को फिर आ रही एनडीए सरकार। इसके लिए कोलकाता से विशेष फूल मंगवाए जा रहे हैं, जबकि मनेर से 500 किलो लड्डू का ऑर्डर पहले ही दिया जा चुका है।

**सीएम ने 1.33 लाख किसानों को अंतरित किए भावांतर योजना के 233 करोड़, कहा**

# योजना की 'शुरुआत के 15' दिन में ही निभाया किया वादा


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोयाबीन भावांतर योजना में राशि अंतरित की

**15 जनवरी तक सोयाबीन विक्रय कर सकेंगे पंजीकृत किसान**

**देवास जिले में 183.25 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को देवास में आयोजित कार्यक्रम में एमएसपी की गारंटी की पूर्ति करते हुए सोयाबीन भावांतर योजना में 1 लाख 33 हजार किसानों के खाते में 233 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर दी। उन्होंने कहा कि इस तरह हमारी सरकार ने योजना की शुरुआत करने के 15 दिन में ही किसानों से किया वादा पूरा कर दिया है। डॉ. यादव गुरुवार को देवास में राशि अंतरित करने के बाद बड़ी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भावांतर योजना के तहत पंजीकृत किसान 15 जनवरी तक अपनी सोयाबीन मंडियों में बेच सकेंगे। पूरे प्रदेश में 220 से अधिक मुख्य मंडियों और 80 उप मंडियों में खरीदी की जारही है।

### देवास में भावांतर योजना के लिए सर्वाधिक पंजीयन

मुख्यमंत्री के देवास पहुंचने पर रोड-शो में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और किसानों सहित नागरिकों ने भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सभी का अभिवादन करते हुए किसानों को भावांतर योजना में मिले लाभ की बधाई दी। कार्यक्रम में कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि मध्यप्रदेश किसानों के लिए भावांतर योजना संचालित करने वाला देश का इकलौता राज्य है।

**शास्त्री पदयात्रा में बेहोश, सड़क पर लेटे**

### अचार-पराठा खाकर फिर यात्रा शुरू की

एजेंसी ▶▶ मथुरा


■ पहले आया था बुखार, सुरक्षा बढ़ाई

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन एकता पदयात्रा का गुरुवार को सातवां दिन था। यात्रा अब यूपी में दाखिल हो चुकी है। मथुरा पहुंचने से पहले लगातार दूसरे दिन धीरेंद्र शास्त्री की तबीयत बिगड़ गई। यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर उन्हें अचानक चक्कर आ गया। वे सड़क पर ही लेट गए।

**एसीबी की बड़ी कार्रवाई**

### क्लर्क 15 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार, जज भी फंसे

एजेंसी ▶▶ मुंबई


■ पक्ष में फैसला सुनाने के लिए मांगे थे 25 लाख

मुंबई में एक दीवानी अदालत से हाल ही में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां अदालत में क्लर्क के पद पर तैनात एक शख्स को एक जमीन विवाद मामले में पक्ष में फैसला दिलाने के लिए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की ओर से 15 लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

**जमीनी विवाद: 3 परिजनों की जान गई**

### लाठी-डंडों के हमले से मामा भांजे-नाना की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोक नगर


■ आठ बीघा जमीन के लिए दो सगे भाइयों में विवाद

अशोक नगर में आठ बीघा जमीन के लिए दो सगे भाइयों में विवाद हो गया। तलवार, लाठी-डंडों के हमले में मामा-भांजा और नाना की मौत हो गई। नाना और भांजे की मौके पर मौत हो गई, जबकि मामा ने भोपाल ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। कचनार इलाके के करैया बैनेट गांव में खिलान सिंह यादव के पास 8 बीघा जमीन है।

**ईडी की बड़ी कार्रवाई: दिल्ली से मुंबई तक 15 ठिकानों पर छापेमारी**

# 12 हजार करोड़ रु. के घोटाले में जेपी इंफ्राटेक के एमडी मनोज गौड़ अरेस्ट

**हजारों खरीदारों ने अपने घरों की डिलीवरी न मिलने की शिकायत की थी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर के हजारों होमबायर्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ग्रेटर नोएडा के नामी बिल्डर जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई उस 12,000 करोड़ रुपए के मनी लांड्रिंग और फ्रॉड केस से जुड़ी है जिसमें हजारों खरीदारों ने अपने घरों की डिलीवरी न मिलने की शिकायत की थी। ईडी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) 2002 के तहत इस केस की जांच शुरू की थी। मई में एजेंसी ने दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई समेत करीब 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी।


मनोज गौड़


फाइल फोटो

**धर्मेंद्र को देखने आए लोगों पर भड़के सनी देओल**

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

# शर्म नहीं आती...तुम्हारे घर में मां-बाप नहीं हैं?



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र इन दिनों स्वास्थ्य समस्याओं के चलते चर्चा में हैं। हाल ही में सांस लेने में दिक्कत होने के कारण उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, लेकिन अब वह सुरक्षित रूप से घर लौट चुके हैं। घर पर ही उनका इलाज जारी है और डॉक्टर्स की निगरानी में वो रिकवर कर रहे हैं।

इस दौरान उनकी सेहत का हाल जानने के लिए उनके करीबी घर पहुंच रहे हैं। इस बीच पैपराजी का घर के बाहर तांता लगा हुआ है। गुरुवार सुबह एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सनी देओल काफी गुस्से में नजर आ रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि सनी देओल अपने घर से बाहर निकलते हैं और सामने खड़े पैपराजी को देखते ही आगबबूला हो जाते हैं। उन्होंने जोर-जोर से चिल्लाते हुए कहा कि आप लोगों को शर्म नहीं आती? आपके घर में भी मां-बाप और बच्चे होंगे, और आप वीडियो बना रहे हैं। शर्म नहीं आती। इस दौरान सनी ने हाथ जोड़ते हुए पैपराजी को कड़ी नसीहत दी। एक अन्य वीडियो में सनी देओल, बॉबी देओल और उनकी मां प्रकाश कौर नजर आ रही हैं।


लोगों पर नाराज होते सनी देओल

**तीसरे दिन भी प्रदेश में राजगढ़, इंदौर और भोपाल रहेंगे ठंडे**

रात का तापमान इंदौर में 7.4 राजगढ़ 7.6 और भोपाल में 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा

# भोपाल, इंदौर व राजगढ़ में बढ़ेगी ठिठुरन एक दर्जन जिलों में चलेगी 'शीतलहर'

### हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होने की वजह से प्रदेश ठिठुरन बढ़ गई है। अनूपपुर और बालाघाट में पिछले 2 दिन से दिन ठंडा होने के बाद गुरुवार को यहां दो डिग्री तापमान में उछाल आया। जबकि भोपाल, राजगढ़ और इंदौर में सीवियर कोल्ड वेव रही। यहां शुक्रवार को भी सीवियर कोल्ड वेव रहेगी। यहां रात का तापमान इंदौर में 7.4, राजगढ़ 7.6 और भोपाल में 8.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।



### इस बार टूट गया 25 साल का रिकॉर्ड

प्रदेश में नवंबर के दूसरे ही सप्ताह में कड़ाके की ठंड से कई शहरों में रिकॉर्ड टूट गए हैं। भोपाल में नवंबर का पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां न्यूनतम तापमान 8 डिग्री पहुंच चुका है, जो साल 2015 के बाद सबसे कम है। इंदौर में पारा 7 डिग्री तक जा चुका है। इंदौर में पिछले 25 साल में नवंबर में इतनी सर्दी कभी नहीं पड़ी।

### पहाड़ी राज्यों से आ रही बर्फीली हवा

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि इस बार हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ एक सप्ताह पहले ही सक्रिय हो गया। उत्तर से दक्षिण की ओर बहने वाली हवा का असर प्रदेश में भी पड़ रहा है। जिससे ठंड का असर तेज हो गया है। नवंबर के दूसरे सप्ताह में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। पारे में खासी गिरावट देखने को मिल रही है। खासकर ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों में इसका सीधा असर है। दरअसल, यहां उत्तरी हवाएं सीधी आती हैं।






# आज साफ हो जाएगा कि किसका होगा बिहार? किसकी होगी जीत...किसकी होगी हार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों का इंतजार आज खत्म हो जाएगा। शुक्रवार सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी, जिसके बाद शुरुआती रुझान सामने आने लगेंगे। पूरे राज्य में मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। वहीं, लगभग सभी सर्वेक्षण एजेंसियों के एग्जिट पोल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बड़ी जीत का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने की संभावना जताई गई है। राजग गठबंधन में जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तान अवामी मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) शामिल हैं। उधर, हरियाणा के नतीजे के समान महागठबंधन को अपनी अरसकार बनाने का आस है।

**8** बजे से शुरू होगी मतगणना | **38** जिलों में होगी काउंटिंग | **44** मतगणना केंद्रों पर तैयारी पूरी | **14** काउंटिंग टेबल का निर्धारण

### बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम आज आएंगे


मतगणना स्थल जाने वालों पर यातायात पुलिस की नजर

### जहां बदली गईं वीवीपैट मशीनें, वहां पर्ची मिलान के बाद होगी गिनती

बिहार विधानसभा चुनाव के जिन मतदान केंद्रों पर वीवीपैट मशीन बदली गई थीं, वहां अब वोटो की गिनती पहले जैसी नहीं होगी। चुनाव आयोग ने नया निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब उन सभी जगहों पर जहां मशीनें बदली गई हैं, वहां वीवीपैट पर पर्चियों का मिलान पहले किया जाएगा, उसके बाद ही वोटो की गिनती शुरू होगी।

### सीसीटीवी के साथ 2 लेयर सिक्योरिटी के बीच होगी काउंटिंग

चुनाव के नतीजे आने से पहले सुरक्षा के लिए मुस्तैदी से इंतजाम किए जा रहे हैं। मतपेटियों और वीवीपैट की सुरक्षा पूरी मुस्तैदी से की जा रही है। सभी ईवीएम को कड़े सुरक्षा घेरे के अंदर रखा गया है। आयोग के अनुसार राज्य सरकार की पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बलों की टुकड़ी को भी सुरक्षा के लिए लगाया गया है। निर्वाचन आयोग ने राज्यभर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा है। मतदान में उपयोग की गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को दो स्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। आयोग का कहना है कि जनता के फैसले को सुरक्षित और किसी भी तरह के नुकसान या छेड़छाड़ से बचने के लिए सभी सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

### मतगणना के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए

बिहार में शुक्रवार को होनी वाली मतगणना के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना का कार्य राज्य के सभी 38 जिलों में स्थित 44 मतगणना केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शुरू होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने बताया है कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतगणना के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों और राज्य पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

### सबसे बहले मोकामा और अंत में आएगा दीघा का नतीजा

पटना जिले की मोकामा सीट का रिजल्ट पहले आएगा। सबसे आखिर में दीघा सीट का रिजल्ट आएगा। एएन कॉलेज में मतगणना केंद्र है। 14 काउंटिंग टेबल का निर्धारण किया गया है। पोस्टल बैलेट काउंटिंग के लिए में निर्धारित संख्या में अलग से काउंटिंग टेबल की व्यवस्था की गई है।

*केंद्रीय मंत्री गिरिराज का बड़ा दावा*

## 2010 चुनाव से भी ज्यादा सीटें जीतेगा एनडीए



भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक पर भ्रष्ट नेताओं का कथित रूप से समर्थन करने का आरोप लगाया और बिहार चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का विश्वास जताया। सिंह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि गठबंधन 206 से ज्यादा सीटें जीतेगा, जो 2010 के विधानसभा चुनावों से भी बेहतर प्रदर्शन होगा क्योंकि लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक का हिस्सा राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव एक भ्रष्ट व्यक्ति हैं जो सिर्फ अपने परिवार के लिए जीते हैं और इसलिए कोई भी व्यक्ति उन्हें वोट नहीं देना चाहेगा। सिंह ने कहा कि चाहे अखिलेश यादव हों, लालू हों, तेजस्वी यादव हों या राहुल, बिहार में कोई इन लोगों को वोट क्यों देगा? लालू जैसे भ्रष्ट व्यक्ति को कोई वोट क्यों देगा।

**तेजस्वी ने नतीजों से पहले की उम्मीदवारों से बात**

## कांग्रेस को आई हरियाणा की याद, राजनीतिक हलचल तेज



बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने वाले हैं। उससे पहले ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तेजस्वी यादव ने अपने विधायकों से बात की है और उनसे कहा है कि वह हर हालात के लिए तैयार रहें। कहा यह भी जा रहा है कि विधायकों को कहीं शिफ्ट करने की तैयारी है ताकि बहुमत न मिलने की स्थिति में उन्हें टूटने से बचाया जा सके। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही तेजस्वी यादव ऐक्टिव हो गए हैं। उन्होंने अपने सभी उम्मीदवारों से संपर्क साधा है और उनसे हर हालात के लिए तैयार रहने को कहा है।

### बिहार के नतीजों से पहले कांग्रेस को याद आया हरियाणा



इस बीच कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एग्जिट पोल्स को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को याद करिए। तब कहा गया था कि हरियाणा में कांग्रेस को बंपर जीत मिलेगी, लेकिन क्या हुआ? अब यहां के नतीजों पर भी इंतजार करिए। एग्जिट पोल गलत साबित होंगे।

**नतीजों से पहले बोली आप**

### बिहार में चोरी हो गए 80 लाख वोट



बिहार में नतीजों से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने 80 लाख वोटों की चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 80 लाख लोगों के मताधिकार को छीना गया है।

**केआरके ने किया बड़ा दावा**

### ईसीआई भाजपा को कभी नहीं हारने देगा



चुनाव को लेकर भाजपा के इरादों पर भी कई सवाल उठे। लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने मोदी सरकार पर कई निशाने साधे। केआरके ने दावा किया कि चुनाव आयोग भाजपा को चुनाव नहीं हारने देगा। केआरके ने एक्स पर एक ट्वीट में लिखा है, वो सब लोग मूर्ख हैं जो सोच रहे हैं कि विपक्ष बिहार चुनाव जीत जाएगा। ऐसा नहीं होने वाला। ईसीआई भाजपा को बिहार और यूपी कभी नहीं हारने देगा। इस ट्वीट के साथ केआरके ने अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को भी टैग किया है।

*रिजल्ट से ठीक एक दिन पहले जेडीयू वॉर रूम पहुंचे नीतीश*

## चुनाव और मतगणना से जुड़ी निगरानी और रणनीति तैयार की

चुनाव के नतीजों से ठीक एक दिन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को अचानक जदयू के वॉर रूम पहुंच गए। बताया जा रहा है कि यह वॉर रूम चुनाव और मतगणना से जुड़ी निगरानी और रणनीति के लिए तैयार किया गया है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा पहले से तय नहीं था।नीतीश चुनाव से जुड़े अपडेट संबंधित तैयारी का निरीक्षण करने के लिए जेडीयू के वॉर रूम पहुंचे। इस दौरान वहां काम करने वाले कर्मचारी भी हैरान हो गए।




### डेटा के विश्लेषण की जानकारी ली

जदयू का यह वार रूम हाईटेक मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस है। यहां बड़ी स्क्रीन पर रियल टाइम में वोट गिनती और रुझान की निगरानी की जाएगी। हर सीट पर एजेंट्स और कोऑर्डिनेटर्स से लगातार फीडबैक लिया जाएगा। सीएम ने चुनावी डेटा के विश्लेषण की भी जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि मतगणना के दिन अफवाहों से बचा जाए।

### 'टाइगर जिंदा है' के लगे पोस्टर

नतीजे से पहले ही पटना में पोस्टर लगने लगे हैं। महागठबंधन ने एग्जिट पोल का बहिष्कार कर रहे हैं। एनडीए नेताओं का जोश हाई है। पटना में अभी से पोस्टर वार शुरू हो गया है। नीतीश कुमार के समर्थकों ने 'टाइगर अभी जिंदा है' का पोस्टर लगाया है।

---

## खबर संक्षेप

### मुकुल रॉय की विधानसभा की सदस्यता रद्द



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के करीबी और तृणमूल कांग्रेस के नेता मुकुल रॉय को कलकत्ता हाई कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने रॉय की विधानसभा की सदस्यता दल-बदल विरोधी कानून के तहत गुरुवार को रद्द कर दी। रॉय भाजपा के टिकट पर सदन के लिए चुने गए थे, बाद में टीएमसी में चले गए।

### छत्तीसगढ़ में 27 लाख के इनामी 6 माओवादी ढेर



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने नेशनल पार्क क्षेत्र के घने जंगलों में बड़ी कार्रवाई की है। खुफिया सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। गोलीबारी में 6 कुख्यात माओवादी मारे गए। इन पर 27 लाख रुपए का इनाम था।

### राजभवन के पास पेट्रोल हमले के आरोपी को जेल



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने राजभवन गेट के बाहर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में आरोपी करुक्का विनोद को 10 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। यह घटना 25 अक्तूबर 2023 की है, जब आरोपी ने राजभवन के गेट नंबर 1 के पास दो पेट्रोल बम फेंके थे।

### भूपेश के बेटे की 61.20 करोड़ की संपत्ति कुर्क



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की चल रही जांच के तहत बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की 61.20 करोड़ की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई है।

---

## बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता

*शीर्ष न्यायालय ने सिब्बल से कहा*

# स्थिति बहुत गंभीर है! अभी मत आइए अदालत, मास्क को बताया 'अपर्याप्त'

कोर्ट ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के बजाए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंद्रूकर की पीठ ने यह टिप्पणी की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने न केवल गंभीर चिंता जताई है बल्कि एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि स्थिति 'बहुत गंभीर' है। इसके साथ ही कोर्ट ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंद्रूकर की पीठ ने गुरुवार को यह टिप्पणी की। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि स्थिति बहुत गंभीर है! आप सभी यहां क्यों उपस्थित हैं? हमारे पास वर्चुअल सुनवाई की सुविधा है। कृपया इसका लाभ उठाएं। यह प्रदूषण स्थायी नुकसान पहुंचाएगा। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि हम मास्क का उपयोग कर रहे हैं। इस पर जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि मास्क भी पर्याप्त नहीं हैं। यह पर्याप्त नहीं होगा। हम मुख्य न्यायाधीश से भी इस बारे में बात करेंगे।

## सुनवाई के लिए अदालत ने कहा- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं

### *दिल्ली में तीसरे दिन भी एक्यूआई गंभीर श्रेणी में*

**यहां वायु गुणवत्ता नहीं सुधरी**


सुप्रीम कोर्ट

राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को भी दिन में घना कोहरा छाया रहा और वायु गुणवत्ता लगातार तीसरे दिन 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गयी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ओर से जारी सुबह के वायु गुणवत्ता बुलेटिन में एक्यूआई 404 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के मुताबिक, 37 निगरानी केंद्रों में से 27 ने एक्यूआई का स्तर 'गंभीर' श्रेणी में बताया, जिनमें बुराड़ी (433), चांदनी चौक (455), आनंद विहार (431), मुंडका (438), पूसा (302), बवाना (460) और वजीरपुर (452) शामिल हैं।

**ईवी वाहनों को बढ़ावा देने दिया सुझाव**

### लग्जरी पेट्रोल-डीजल गाड़ियों पर चरणबद्ध तरीके से लगे बैन

सुप्रीम कोर्ट ने देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए एक अहम सुझाव देते हुए कहा कि पेट्रोल और डीजल से चलने वाली लग्जरी गाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से बंद करने पर विचार किया जा सकता है। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमनी ने कोर्ट को बताया कि सरकार भी इस विचार से सहमत है। सरकार इस दिशा में अग्रसर है। इस प्रोजेक्ट से 13 मंत्रालय सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह सुझाव दिया। इस याचिका में सरकार की ईवी को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग की गई है।



### यहां पहले महंगी गाड़ियों पर बैन से शुरुआत संभव

जस्टिस सूर्य कांत ने कहा कि अब बाजार में बड़े और उच्चस्तरीय इलेक्ट्रिक वाहन भी उपलब्ध हैं, इसलिए शुरुआत उच्च श्रेणी के पेट्रोल/डीजल वाहनों पर प्रतिबंध से की जा सकती है. उन्होंने कहा कि अब इलेक्ट्रिक वाहनों में भी बड़े और आरामदायक मॉडल आ गए हैं। तो क्यों न पहले बहुत महंगी गाड़ियों पर रोक लगाई जाए? इससे आम आदमी प्रभावित नहीं होगा क्योंकि ऐसी गाड़ियां केवल बहुत कम लोग खरीद सकते हैं।

### सीजेआई की बेंच कर रही सुनवाई

एक दिन पहले ही यानी बुधवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई ) जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से उनके राज्यों में पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए की गई कार्रवाई के बारे में रिपोर्ट तलब की है। पराली जलाना दिल्ली और गंगा के मैदानी इलाकों के अन्य राज्यों में वायु प्रदूषण को बढ़ाने वाले कारकों में से एक है।

### वायु प्रदूषण से ये परेशानी होगी

दरअसल, 'गंभीर' एक्यूआई स्वस्थ व्यक्तियों के लिए भी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है और सांस या हृदय संबंधी समस्याओं वाले लोगों को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। राजधानी और आसपास के शहरों में वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वायु प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि इमारतें और सड़कें मुश्किल से दिखाई दे रही हैं।

---

**यूआईडीएआई ने ईसीआई को जानकारी**

## पश्चिम बंगाल में 34 लाख आधार कार्ड धारक 'मृत' मिले

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



पश्चिम बंगाल में आधार पहचान प्रणाली की शुरुआत के बाद से अब तक करीब 34 लाख आधार कार्ड धारक 'मृत' पाए गए हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने यह जानकारी निर्वाचन आयोग को दी है। यूआईडीएआई ने बताया कि राज्य में लगभग 13 लाख ऐसे लोग भी थे जिनके पास आधार कार्ड नहीं था, लेकिन अब उनकी मृत्यु हो चुकी है। यह जानकारी बुधवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल और यूआईडीएआई अधिकारियों की बैठक में साझा की गई। बैठक मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत हुई, जिसका उद्देश्य मृत, फर्जी और दोहराए गए मतदाताओं की पहचान कर मतदाता सूची को शुद्ध करना है। आयोग ने निर्देश दिया है कि यदि किसी आवेदक का नाम ऐसे व्यक्ति के साथ जुड़ा पाया गया जो आधार डाटाबेस से हटाया जा चुका है, तो संबंधित अधिकारी उसे सत्यापन के लिए बुला सकता है। मतदान अधिकारियों ने बताया कि चूंकि अधिकांश आधार बैंक खातों से जुड़े हैं, इसलिए बैंकों से भी उन खातों की जानकारी ली जा रही है जिनमें वर्षों से केवाईसी अपडेट नहीं हुआ, ताकि मृत व्यक्तियों के नाम हटाए जा सकें।

**एसआईआर का दूसरा चरण**

### देश के 12 राज्यों में 37 करोड़ वोटरों ने लिया प्रपत्र

देश के 12 राज्यों में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण में एक और रिकॉर्ड आयोग ने अपने नाम किया है। इसके तहत 12 नवंबर तक 37 करोड़ मतदाताओं को गणना प्रपत्र- ईएफ वितरित किए गए हैं। आयोग ने कहा कि कोई वैध मतदाता छूटे न और अवैध मतदाता जुड़े न इस भावना के साथ आयोग काम कर रहा है। यद्यपि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु जैसे राज्य इसका विरोध कर रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक अब तक 50.69 करोड़ ईएफ मुद्रित किए गए हैं।इस तरह से मुद्रण का काम 99.41 फीसदी पूरा हो गया है। इसमें से 72.66 प्रतिशत 37.05 करोड़ वितरित किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरु किया है।



---

**पुणे में भीषण हादसा**

## पुल पर ट्रक ने 6 गाड़ियों को मारी टक्कर, 8 जले

एजेंसी ▶▶ पुणे



महाराष्ट्र में पुणे-बेंगलुरु हाईवे पर गुरुवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। यह भीषण दुर्घटना नवले ब्रिज के पास हुई, जहां दो कंटेनर, एक मिनी बस और कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे के बाद वाहनों में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई है, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुणे दमकल विभाग की कई टीमें मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। हादसा शाम के व्यस्त समय में हुआ, जिसलंबा जाम लग गया। पुलिस और बचाव दल राहत-बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। खबर मिलते ही दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं।

**कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय ने बीज बिल सार्वजनिक किया**

## सरकार ने मांगे सुझाव, किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाएंगे

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा- बजट सत्र में पेश करेंगे**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय ने बीज विधेयक, 2025 को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार हितधारक 11 दिसंबर तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में संकेत दिया था कि मंत्रालय संसद के बजट सत्र के दौरान नया बीज कानून पेश करेगा। बयान में कहा गया है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिसने मंत्रालय के अंतर्गत मसौदा तैयार किया है, ने विधेयक के अंतिम संस्करण को आकार देने में हितधारकों की भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया है।

### *यह आधुनिक कृषि और बाजार जरूरतों के अनुरूप बनाने पर जोर*


शिवराज सिंह चौहान

प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य बीज अधिनियम, 1966 और बीज (नियंत्रण) आदेश, 1983 को बदलकर बीज नियमन को आधुनिक कृषि और बाजार जरूरतों के अनुरूप बनाना है। नया विधेयक बीज गुणवत्ता को नियंत्रित करने, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने, नकली उत्पादों पर रोक लगाने वाला है।

**छोटे अपराध क्षम्य करने का प्रस्ताव**

विधेयक में अनुपालन बोझ को कम करने के लिए छोटे अपराधों को गैर-अपराधीकरण करने का प्रस्ताव है। वहीं गंभीर उल्लंघनों के लिए कठोर दंड बरकरार रखा गया है, यह कारोबार सुगमता पहल के अनुरूप है।

### बीज विधेयक 2025 ड्राफ्ट के मुख्य प्रावधान

- सभी प्रकार के बीजों का पंजीकरण बिक्री से पहले अनिवार्य है।
- बीज उत्पादकों को बाजार में बिकने वाले बीजों की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करनी होगी।
- मानदंडों के पालन के लिए अधिकृत एजेंसियों द्वारा बीज सर्टिफिकेशन उपलब्ध कराए जाएंगे।
- बीजों की उचित लेबलिंग अनिवार्य है। इसमें वैरायटी, स्रोत, गुणवत्ता और अंकुरण दर बताना होगा।
- गलत विवरण या निम्न गुणवत्ता वाले बीजों की बिक्री पर कानूनी कार्रवाई एवं दंड का प्रविधान है।
- बीज परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी जो गुणवत्ता की जांच और विवाद निपटारे में सहायता करेंगी।
- बीजों का आयात नियमों के अनुसार ही हो सकेगा, ताकि खराब क्वालिटी के बीज न आ सकें।




## खबर संक्षेप

### भारतीय सिख श्रद्धालु दर्शन कर पाक से रवाना

**लाहौर।** गुरु नानक देव जी की 556वीं जयंती से संबंधित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए 10 दिनों की पाकिस्तान यात्रा पर आए 2000 से ज्यादा भारतीय सिख तीर्थयात्री गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच भारत के लिए रवाना हुए। मुख्य कार्यक्रम 5 नवंबर को लाहौर से लगभग 80 किलोमीटर दूर गुरुद्वारा जन्मस्थान ननकाना साहिब में आयोजित किया गया था, जहां गुरु नानक का जन्म हुआ था। यात्रा के अंतिम चरण में लाहौर के गुरुद्वारा डेरा साहिब में ठहरे भारतीय सिखों को सुरक्षा में वाघा चेक पोस्ट ले जाया गया।



### श्रीलंकाई सेना की गिरफ्त में 328 भारतीय मछुआरे

**कोलंबो।** श्रीलंका ने कथित तौर पर उसके जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में इस साल कम से कम 328 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और मछली पकड़ने की उनकी 41 नौकाएं जब्त की हैं। श्रीलंका के मत्स्य पालन उप मंत्री रत्ना गामागे ने कहा कि भारतीय मछुआरों की नवीनतम गिरफ्तारी 10 नवंबर को की गई। श्रीलंकाई नौसेना ने जाफना के अनलातिवु द्वीप के पास अपनी जल सीमा में कथित तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया और उनकी मछली पकड़ने की नौका जब्त कर ली।



## दिल्ली बम धमाके में हो रहे रोज नए खुलासे, सबूत इकट्ठा कर रहीं सुरक्षा एजेंसियां

# धमाके से दस दिन पहले दिल्ली में ही था डॉ. आदिल, बाहर कचरे से मिला फ्लाइट टिकट


*दिल्ली से 535 किलोमीटर दूर यूपी की राजधानी लखनऊ की डॉ. शाहीन सिद्दकी को दिल्ली बम ब्लास्ट में संदिग्ध माना जा रहा है। डॉ. शाहीन सिद्दकी दो माह (60 दिन) पूर्व राजधानी लखनऊ आई थी। हालांकि वह कहां ठहरी थी और किन लोगों से संपर्क में थी। इस बारे में पता लगाया जा रहा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली बम धमाके के पीछे और कौन-कौन लोग हैं, सुरक्षा एजेंसियां इसे लेकर तेजी से जांच कर रही हैं। मामले में जांच एजेंसियों द्वारा प्रतिदिन नए खुलासे किए जा रहे हैं। आरोपी डॉ. आदिल अहमद के घर के बाहर कचरे से फ्लाइट का टिकट मिला है, जो 31 अक्तूबर का है। यह टिकट श्रीनगर से दिल्ली का है। इससे साफ स्पष्ट होता है कि धमाके से 10 दिन पहले आदिल दिल्ली में था। वहां से कब सहारनपुर लौटा था यह जांच का विषय है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डॉ. आदिल अहमद को सहारनपुर से 6 नवंबर को गिरफ्तार किया था।

पूछताछ के बाद उसके कश्मीर स्थित घर से एके-47 बरामद हुई थी। डॉ. आदिल की गिरफ्तारी के बाद ही फरीदाबाद में विस्फोटक सामग्री मिली थी। 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास धमाका हुआ था। डॉ. आदिल सहारनपुर में थाना कुतुबशेर क्षेत्र के मानकमऊ स्थित अमन विहार कॉलोनी में किराये के मकान में रहता था। वह जिस मकान में रहता था, उसके बराबर और सामने खाली प्लॉट है। बुधवार को घर के बाहर कचरे में डॉ. आदिल का फ्लाइट का टिकट मिला है। टिकट पर आदिल का नाम और तिथि अंकित है। टिकट 31 अक्तूबर का श्रीनगर से दिल्ली का है। यानी डॉ. आदिल ने 31 अक्तूबर को श्रीनगर से दिल्ली की यात्रा की थी। टिकट पर आदिल का नाम दर्ज है। यानी धमाके से 10 दिन पहले आदिल दिल्ली में था। उसके बाद ही सहारनपुर लौटा था। फ्लाइट के टिकट को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

- **3 लाख रुपए से 20 क्विंटल एनपीके उर्वरक खरीदा**
- **अल-फलाह यूनिवर्सिटी के पास नहीं मान्यता**



डॉ. आदिल अहमद,



इंडिगो एयरलाइंस का टिकट

### डॉ. शाहीन के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खंगाल रही पुलिस



दिल्ली से 535 किलोमीटर दूर यूपी की राजधानी लखनऊ की डॉ. शाहीन सिद्दकी को दिल्ली बम ब्लास्ट में संदिग्ध माना जा रहा है। डॉ. शाहीन सिद्दकी दो माह (60 दिन) पूर्व राजधानी लखनऊ आई थी। हालांकि वह कहां ठहरी थी और किन लोगों से संपर्क में थी। इस बारे में पता लगाया जा रहा है। उसके राजधानी आने की जानकारी जम्मू-कश्मीर पुलिस को भी दी गई है। यह जानकारी मिलने के बाद डॉ. शाहीन और उसके भाई डॉ. परवेज के पड़ोसियों से नए सिरे से पूछताछ की जा रही है। अब जांच एजेंसियां उसके घर से बरामद मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप और हार्ड डिस्क को खंगालने में जुटी हैं।

### अल-फलाह यूनिवर्सिटी को एनएसी का नोटिस

नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (एनएएसी) ने यूनिवर्सिटी को फर्जी एक्रेडिटेशन क्लेम के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अलावा, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी यूनिवर्सिटी की फंडिंग पर फॉरेंसिक ऑडिट करने जा रहा है। एनएएसी के डायरेक्टर गणेशन कन्नाबिरण ने 12 नवंबर को जारी नोटिस में कहा कि अल फलाह यूनिवर्सिटी ने अपनी वेबसाइट पर गलत दावा किया है। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी (एआईयू) ने यूनिवर्सिटी की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है।

### एनआईए की हिरासत में खाद-बीज विक्रेता

*फरीदाबाद से पकड़े गए डॉ. मुजम्मिल को विस्फोटक सामग्री उपलब्ध कराने के आरोप में एनआईए टीम ने पिनगवां से खाद बीज विक्रेता को हिरासत में लिया गया है। आरोपी की पहचान डब्बू सिंगला निवासी पिनगवां के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि वह अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर मे अब तक करीब तीन सौ किलो अमोनियम नाइट्रेट की सप्लाई कर चुका है।*

### विस्फोट स्थल से 300 मीटर दूर मिला कटा हाथ

गुरुवार को फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) और दिल्ली पुलिस की एक संयुक्त टीम को एक व्यक्ति का कटा हुआ हाथ मिला है जो विस्फोट स्थल से करीब 300 मीटर दूर बताया जा रहा है। यह कटा हाथ लाल किला कॉरिडोर के सामने स्थित लाजपत राय मार्केट के पास बने शौचालय की छत से एक हाथ मिला है।

### तुर्कमान गेट के पास मस्जिद में गया था उमर

दिल्ली विस्फोट से जुड़े एक सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध डॉ. उमर सोमवार शाम को विस्फोट से पहले तुर्कमान गेट के पास मस्जिद से बाहर निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। इसके बाद जांच एजेंसियों ने मस्जिद प्रशासन से भी संपर्क किया है। ताकि पुष्टि हो सके कि फुटेज में दिखाई देने वाला व्यक्ति वास्तव में वही है या कोई और।

## सीएम उमर अब्दुल्ला बोले

# जम्मू-कश्मीर का हर निवासी आतंकी नहीं निष्पक्ष जांच की मांग

**श्रीनगर।** दिल्ली के लाल किले के पास हुआ आतंकी हमले पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया दी है। सीएम ने घटना को बेहद निंदनीय बताते हुए कहा कि कोई भी धर्म निर्दोष लोगों की इतनी बेरहमी से हत्या को जायज़ नहीं ठहरा सकता। इसकी जांच जारी रहेगी, लेकिन हमें एक बात याद रखनी चाहिए, जम्मू-कश्मीर का हर निवासी आतंकवादी नहीं है या आतंकवादियों से जुड़ा नहीं है। ये कुछ ही लोग हैं जिन्होंने यहां हमेशा शांति और भाईचारे को बिगाड़ा है। सीएम ने कहा कि हम हर कश्मीरी मुसलमान को एक ही विचारधारा से देखते हैं और सोचते हैं कि उनमें से हर एक आतंकवादी है, तो लोगों को सही रास्ते पर रखना मुश्किल हो जाता है।



जम्मू-कश्मीर सीएम उमर अब्दुल्ला

### आतंकवाद के खिलाफ भारत को समर्थन

दुनियाभर के कई नेताओं ने दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए घातक आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए भारत को अपना समर्थन दिया है। हमले की निंदा करते हुए, सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून ने इस भयानक हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की। भारत में आयरिश राजदूत केविन केली ने कहा कि समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। मिस्र के राजदूत कामेल जायेद गलाल ने कहा कि किसी भी आपराधिक मामले को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। हम इसका समर्थन करते हैं।

### जिम्मेदारों को मिले कड़ी सजा

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए, लेकिन हमें निर्दोष लोगों को इससे दूर रखना चाहिए। क्या हमने इससे पहले विश्वविद्यालयों के प्रोफ़ेसरों को नहीं देखा? कौन कहता है कि पढ़े-लिखे लोग ऐसी चीजों में शामिल नहीं होते?, होते हैं। मैं इस बात से हैरान हूं कि उन्हें नौकरी से तो निकाल दिया गया।




## भारत और नेपाल के बीच डील

# रेल-आधारित माल ढुलाई होगी सुगम मल्टी-मॉडल ट्रेड 'कनेक्टिविटी' होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और नेपाल ने गुरुवार को रेल-आधारित माल ढुलाई को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार में बढ़ोतरी होगी। यह समझौता जोगबनी (भारत) और विराटनगर (नेपाल) के बीच रेलवे माल ढुलाई को सुगम बनाएगा, जिसमें विस्तारित परिभाषा के तहत बल्क कार्गो भी शामिल है। यह उदारीकरण प्रमुख ट्रांजिट कॉरिडोर– कोलकाता-जोगबनी, कोलकाता-नौतनवा (सुनौली) और विशाखापत्तनम-नौतनवा (सुनौली) तक विस्तारित है, जिससे दोनों देशों के बीच मल्टी-मॉडल ट्रेड कनेक्टिविटी और तीसरे देशों के साथ नेपाल के व्यापार को मजबूती मिलेगी। भारत और नेपाल ने ट्रांजिट समझौते के प्रोटोकॉल में संशोधन करते हुए एक विनिमय पत्र का आदान-प्रदान किया।



दोनों देशों के बीच एमओयू का आदान-प्रदान किया

## 43 दिनों के बाद अमेरिका में शटडाउन समाप्त

# पार्टियों में समझौता, 31 जनवरी 2026 तक बिना रोक-टोक कामकाज होगा

20 हजार उड़ानें रद्द, 10 लाख लोगों को नहीं मिला वेतन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में 43 दिनों तक चले शटडाउन का आखिरकार अंत हो गया है। बुधवार शाम को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शटडाउन खत्म करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस से पारित विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए।

हस्ताक्षर करने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेट्स द्वारा लगाए गए शटडाउन ने भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके चलते 20 हजार फ्लाइट्स या तो रद्द हुईं या फिर उनमें देरी हुई।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### सरकार को पूरी तरह से चालू होने में समय

ट्रंप ने कहा कि शटडाउन से हुए नुकसान की गणना करने में अभी हफ्तों का समय लगेगा और महीने भी लग सकते हैं। अभी भी सरकार को पूरी तरह से चालू होने में हफ्ते भर का समय लग सकता है। उड़ानों को पूरी तरह से संचालित होने में भी कुछ दिन लगेंगे।

### तीन विधेयकों में दी राशि

*शटडाउन खत्म करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच जो समझौता हुआ है, उसके तहत 31 जनवरी 2026 तक बिना रोक-टोक कामकाज हो सकेगा। शटडाउन खत्म करने के समझौते के तहत तीन वार्षिक व्यय विधेयकों को वित्तपोषित किया गया है।*

### ओपनएआई भारत के साथ काम करने को उत्साहित

**सैनफ्रांसिस्को।** ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा है कि भारत आने वाले समय में ओपनएआई के सबसे अहम साझेदारों में से एक बनने जा रहा है। उन्होंने यह बात सैनफ्रांसिस्को में हुए इंडिया ग्लोबल फोरम के एक सत्र के दौरान कही। ऑल्टमैन ने कहा कि उन्हें भारत की कंपनियों, इंजीनियरों और उनकी सोच पर बहुत भरोसा है। उन्होंने कहा कि भारत के पास मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्यमशीलता की भावना और अच्छी नीति माहौल है, जिसकी वजह से देश एआई की दुनिया में बड़ा योगदान देने की स्थिति में है।

# आईएसआईएस को पाकिस्तान ट्रेनिंग देना बंद करे, ये ठीक नहीं

एजेंसी ▶▶ काबुल

अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने गुरुवार को पाकिस्तान पर हवाई क्षेत्र का बार-बार उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच इस्तांबुल में तीसरे राउंड की वार्ता हुई थी, जो फेल रही। इसे लेकर मुत्ताकी ने पाकिस्तान पर द्विपक्षीय वार्ता के दौरान अवास्तविक और अनुचित मांग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद की तरफ से अफगान संप्रभुता के बार-बार उल्लंघन के कारण अफगानिस्तान और पाकिस्तान के भीतर सैनिकों के बीच तनाव बढ़ गया। अगर उकसाया गया तो अफगानिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि हमारे हवाई क्षेत्र और बाजारों पर बमबारी की गई, यहां तक कि हमारी राजधानी के ऊपर के हवाई क्षेत्र का भी उल्लंघन किया गया। अफगानिस्तान के पास जवाब देने के अलावा को विकल्प नहीं बचा था। मुत्ताकी ने खुलासा किया कि तीन दौर की बातचीत विफल रही क्योंकि पाकिस्तान ने काबुल से मांग की थी कि पाकिस्तान में कोई सुरक्षा संबंधी घटना नहीं होगी। बता दें, दोनों पक्षों के बीच शुरुआती बैठक कतर में और बाद में इस्तांबुल में हुई थी। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा के लिए कैसे जिम्मेदार हो सकते हैं? क्या हम उनकी पुलिस या सेना को नियंत्रित करते हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि अफगानिस्तान पर हमला करने के लिए पाकिस्तान के अंदर दाएश (आईएसआईएस) के तत्वों को ट्रेनिंग दी जा रही है। अफगानी मिनिस्टर ने इस्लामाबाद से ऐसी कार्रवाइयों को रोकने का आग्रह किया।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने बोत्सवाना में नेशनल असेंबली को संबोधित किया

# दोनों देश के बीच रक्षा सहित कई क्षेत्र में सहयोग निरंतर मजबूत हो रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के विकसित भारत 2047 विजन और अफ्रीका के एजेंडा 2063 के तहत दोनों देश मिलकर एक न्यायपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत और बोत्सवाना की साझेदारी लोकतंत्र, मानव गरिमा और समान विकास के साझा मूल्यों पर आधारित है। राष्ट्रपति मुर्मू ने गुरुवार को बोत्सवाना की राजधानी गाबोरोन में नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि बोत्सवाना लोकतंत्र, सुशासन और प्रभावी नेतृत्व का उदाहरण है, जहां राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है।

### बोत्सवाना के तीन जनजातीय नेताओं को दी श्रद्धांजलि | दोनों देशों की साझेदारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित



बोत्सवाना में नेशनल असेंबली में संबोधन देती हुई राष्ट्रपति मुर्मू

### एक हजार से अधिक युवाओं ने भारत में प्रशिक्षण प्राप्त किया

*राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत और बोत्सवाना के बीच सहयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, कृषि, रक्षा, व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में निरंतर मजबूत हुआ है। भारत बोत्सवाना के मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण में अपनी भागीदारी पर गर्व महसूस करता है। पिछले एक दशक में बोत्सवाना के एक हजार से अधिक युवाओं ने भारत में शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त किया है।*

### डायमंड ट्रेडिंग कंपनी का दौरा किया

*इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मु ने बोत्सवाना की डायमंड ट्रेडिंग कंपनी का दौरा किया, जहां उनका स्वागत खनिज और ऊर्जा मंत्री बोगोलो केनेवेंडो तथा विदेश मंत्री फेन्यो बुटाले ने किया।*

*इसके बाद उन्होंने थ्री दिकगोसि स्मारक का दौरा कर बोत्सवाना की स्वतंत्रता आंदोलन के तीन जनजातीय नेताओं खामा तृतीय, सेबेले प्रथम और बाथोएन प्रथम को श्रद्धांजलि अर्पित की।*

### भारतीय कंपनियां कई क्षेत्रों में सक्रिय

*राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय कंपनियां बोत्सवाना के हीरा, ऊर्जा और अवसंरचना क्षेत्रों में सक्रिय हैं और नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल नवाचार, औषधि निर्माण तथा खनन क्षेत्रों में भी व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने दोनों देशों के व्यावसायिक समुदायों से आर्थिक साझेदारी की पूरी क्षमता का उपयोग करने की अपील की।*



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया रिलायंस कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्रों का वर्चुअल उद्घाटन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अत्याधुनिक कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स साझेदारी और प्रगति का प्रतीक हैं। यह कचरे को ऊर्जा में बदलते हैं। मध्यप्रदेश की धरती बेहद उपजाऊ है। कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स के जरिए ऊर्जा उत्पादन से प्रदेश में पराली, नरवाई जलाने जैसी घटनाएं भी कम होंगी। उन्होंने कहा कि हम मध्यप्रदेश में भविष्य की ऊर्जा तैयार कर रहे हैं।

डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिलायंस ग्रीन एनर्जी कंपनी द्वारा भोपाल, इंदौर एवं सतना में नवनिर्मित तीन कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट्स का वर्चुअल उद्घाटन कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) आज की जरूरत है। समेकित ऊर्जा उत्पादन पद्धति से हम देश और प्रदेश को स्वच्छ, हरित और उज्ज्वल भविष्य की ओर लेकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निजी भागीदारी और सहयोग से हम मध्यप्रदेश को हरित ऊर्जा का हब बनाएंगे।

## पराली जलाने जैसी घटनाएं होंगी कम मध्य प्रदेश को बनाएंगे हरित ऊर्जा का हब

कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स कचरे को ऊर्जा में बदलने का उत्कृष्ट उदाहरण


भोपाल, इंदौर एवं सतना में नवनिर्मित तीन कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट्स का वर्चुअल उद्घाटन करते सीएम डॉ. मोहन।

## डॉ. मोहन ने किया था तीनों सीबीजी प्लांट्स का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा इन तीनों सीबीजी प्लांट्स का वर्ष 2023-24 में भूमिपूजन किया गया था और बुधवार को उनके द्वारा लोकार्पण भी किया गया। कम्पनी द्वारा प्रदेश में कुल 6 संयंत्र स्थापित किए गए हैं। इनमें से तीन का लोकार्पण बुधवार को सम्पन्न हुआ। जबलपुर, बालाघाट और सीहोर में एक-एक संयंत्र निर्माणाधीन होकर तेजी से प्रगति पर हैं। डॉ. यादव ने कहा कि आज भोपाल के आदमपुर छावनी क्षेत्र में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा स्थापित मध्यप्रदेश के सबसे बड़े और अत्याधुनिक कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट का उद्घाटन किया जा रहा है। यह प्लांट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वेस्ट-टू-वेल्थ' और 'एनर्जी फ्रॉम वेस्ट' के विज़न को साकार करने का प्रतीक है। इसका उद्देश्य स्वच्छ और सतत ऊर्जा उत्पादन के साथ भारत के 2070 तक 'नेट जीरो कार्बन एमिशन' लक्ष्य प्राप्ति में भूमिका निभाना है।

### झीलों की नगरी में 20 एकड़ भूमि पर बन रहा वेस्ट से वेल्थ का सेंटर

कार्यक्रम में रिलायंस कम्पनी के पदाधिकारियों ने बताया कि भोपाल के 20 एकड़ भूमि में 130 करोड़ रुपए की लागत से बने कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट से प्रतिदिन 22.5 टन बायो गैस का उत्पादन होगा, जिसके लिए 260 टन कृषि अवशेष जैसे पराली और नेपियर घास का उपयोग किया जाएगा। यही कचरा, जो पहले प्रदूषण का कारण बनता था, अब ऊर्जा का स्रोत बनेगा। यह अपने आप में 'कचरे से कंचन' की साकार मिसाल है। इस प्लांट से निकलने वाली गैस का उपयोग बायो-सीएनजी के रूप में वाहनों, घरेलू और औद्योगिक उपयोग में होगा, जो लगभग 2000 ऑटो रिक्शा और लघु वाहनों को ईंधन प्रदान कर सकेगी। इस प्लांट से 250 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

---

सीएम डॉ. मोहन ने जनजातीय गौरव वर्ष पर ऑल इंडिया एनजीओ मीट का किया शुभारंभ

# हमारी सरकार जनजातीय वर्ग के हित में काम कर रहे एनजीओ के साथः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जनजातीय वर्ग के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सरकार जनजातीय वर्ग के हित में काम कर रहे एनजीओ के साथ खड़ी है। जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए विचार मंथन जरूरी है। इसके लिए देशभर से स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी भोपाल में एकत्रित हुए हैं। इस विचार मंथन से जो अमृत निकलेगा, वह हमारी पूंजी है।

उन्होंने कहा कि जनजातियों के कल्याण के लिए सरकार सभी स्वयंसेवी संस्थाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रम चलाने वाली संस्थाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेगी। डॉ. यादव बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में भगवान बिरसा मुंडा की 150 जयंती एवं जनजातीय गौरव वर्ष के उपलक्ष्य में केन्द्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑल इंडिया एनजीओ मीट को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- जनजातीय वर्ग हमारी संस्कृति की आत्मा, जननायकों की सहज रहे स्मृतियां : सीएम
- जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए विचार मंथन जरूरी


कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में ऑल इंडिया एनजीओ मीट को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### एनजीओ का कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एनजीओ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने, वंचितों एवं हाशिए पर खड़े समूहों की आवाज उठाने व सरकार और जनता के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करने वाली संस्थाएं हैं। एनजीओ ग्रामीण विकास एवं सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में योजनाओं को लागू करने और सरकारी नीतियों को जमीनी स्तर पर पहुंचाने में सरकार एवं जनता की मदद करते हैं। एनजीओ का शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका एवं वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन आदि के क्षेत्र में काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आज के इस नेशनल कॉन्क्लेव में 4 सेक्टरों शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, वन अधिकार अधिनियम एवं ट्राइबल गवर्नेंस पर इन्टरैक्टिव चर्चाएं होंगी। इसमें प्राप्त निष्कर्ष केन्द्र एव राज्य सरकार को अपनी योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।*

### नेशनल कॉन्क्लेव के आयोजन से गौरवान्वित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम गौरवान्वित हैं कि देश-प्रदेश के जनजातीय भाइयों के कल्याण के क्षेत्र में कार्य कर रहे एनजीओ के नेशनल कॉन्क्लेव आयोजन का सौभाग्य हमें मिला है। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार ने हमेशा जनजातीय सशक्तिकरण को ही अपनी नीतियों के केन्द्र में रखा है। जनजातीय कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लागू करने तथा दूर-दराज के क्षेत्रों में जनजातीय समुदायों के विकास में एनजीओ बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### जनजातीय समुदाय के विकास में गैर-सरकारी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समुदाय के शैक्षणिक, आर्थिक और सामाजिक कल्याण के लिए गैर-सरकारी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस पुनीत कार्य में राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ संस्थाओं के साथ खड़ी है। राज्य सरकार ने रानी दुर्गावती के 300वें जयंती वर्ष में उन्हें समर्पित कैबिनेट बैठक का आयोजन जबलपुर में किया। राज्य सरकार राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह के जनहितैषी कार्यों को भी जनता के बीच लेकर आई है। हमारी सरकार ने खरगोन जैसे ट्राइबल बेल्ट में टंट्या मामा भील के नाम पर विश्वविद्यालय स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि शासन के कार्यों में स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग मिलने से लक्ष्य प्राप्ति में आसानी होती है।

### जननायकों की स्मृतियों को सहेज रही है सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाना हो या देश भर में जननायकों के सम्मान में संग्रहालयों और स्मारकों का निर्माण हो। हम अपने जननायकों की स्मृतियां सहेज रहे हैं। पाठ्यक्रमों में जननायकों की जीवनी को शामिल किया है, जिससे आने वाली पीढ़ी अपने असली नायकों से परिचित हो सके। हमारी सरकार ने जन-जन तक अमर राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह की वीरता को पहुंचाने और उनकी स्मृतियों को सहेजने के लिए जबलपुर में राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय का निर्माण कराया है।

---

डीआरजी, दंतेवाड़ा और एसटीएफ का प्रयास

# 27 लाख के छह इनामी खूंखार नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिले में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र के कांदुलनार, कचलारम और गुज्जाकोंटा के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 27 लाख रुपये के इनामी छह खूंखार नक्सली मारे गए हैं।

इस संयुक्त अभियान को डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा और एसटीएफ की टीमों ने अंजाम दिया। सुरक्षाबलों को डीकेएसजेडसीएम पापाराव, मद्देड़ एरिया कमेटी इंचार्ज डीवीसीएम कन्ना उर्फ बुचन्ना, डीवीसीएम उर्मिला, डीवीसीएम मोहन कड़ती सहित पश्चिम बस्तर डिवीजन के करीब 50 से 60 माओवादियों के एक बड़े समूह की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबलों ने तत्काल इलाके में एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। 11 नवंबर की सुबह लगभग 10 बजे से शुरू हुई यह मुठभेड़ रुक-रुक कर दो दिनों तक जारी रही, जिसमें अंततः छह प्रमुख नक्सलियों को मार गिराने में सफलता मिली।



### मौके से भारी मात्रा में बरामद हुए हथियार

*पुलिस ने एनकाउंटर के बाद जानकारी देते हुए बताया था कि मुठभेड़ स्थल से 3 एके-47 राइफल, 4 सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), 6 इंसास राइफल, एक कार्बाइन, 6.303 राइफल, एक बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल), दो रॉकेट लांचर, 12 बोर की दो बंदूकें, एक देशी पिस्तौल, दो भरमार बंदूकें और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किए गए हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि बसवराज पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक करोड़ रुपये, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 50 लाख रुपये, आंध्र प्रदेश और ओडिशा सरकारों ने 25-25 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। उन्होंने बताया कि अनुमान है कि देश के सभी वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में उस पर कुल 10 करोड़ रुपये का इनाम था।*

---

मऊगंज में उमड़ा जनसैलाब

# केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया ने सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण कर किया उन्हें याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के पटेहरा में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। पूरा क्षेत्र सरदार पटेल अमर रहें और अपना दल (एस) जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमृतलाल पटेल ने की, जबकि संचालन मान सिंह पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल, राष्ट्रीय सचिव सूर्यभान सिंह, विधायक प्रदीप पटेल (मऊगंज), विधायक डॉ. सुनील पटेल (रोहनिया, उत्तर प्रदेश), विधायक डॉ. आर. के. सिंह (मड़ियाहूं, यूपी), विधायक जीतलाल पटेल (विश्वगंज, प्रतापगढ़) तथा राज्य मंत्री रेखा पटेल प्रमुख रूप से शामिल रहे।




कार्यक्रम के दौरान "केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल" ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश की एकता और अखंडता में सरदार पटेल के योगदान को याद किया। अनुप्रिया पटेल ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में मान सिंह बिसेन, डॉ. अखिलेश पटेल, अशोक पटेल, सुखेन्द्र सिंह पटेल, डी. पी. पटेल, त्रिलोकी सिंह, रघुनंदन पटेल, हरदास कुशवाहा, सीता शरण सिंह, मनोज पटेल सहित विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री तक पहुंची शिकायत, डीएफओ को निरस्त करना पड़ा आदेश

**भोपाल।** डीएफओ अनूपपुर को चार नवंबर को जारी किया गया कर्मचारी विरोधी आदेश मुख्यमंत्री के यहां शिकायत करने के बाद निरस्त करना पड़ा। मप्र कर्मचारी मंच ने सरकार से नियम विरुद्ध एवं सरकार के आदेशों के विपरीत तथा बिना अधिकार के आदेश जारी करने वाले डीएफओ की उच्च स्तरीय जांच करने की मांग की है। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि डीएफओ अनूपपुर विपिन पटेल ने चार नवंबर 2025 को बिना शासन आदेश के उच्चतर पद के प्रभार में पदस्थ वन कर्मचारियों को पदावनत करने का कर्मचारी विरोधी आदेश पारित किया था। उक्त कर्मचारी विरोधी आदेश का कर्मचारी मंच ने विरोध करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर आदेश को निरस्त को करने की मांग की थी। मुख्यमंत्री के संज्ञान में आने के बाद एवं कर्मचारी मंच के विरोध के कारण डीएफओ अनूपपुर को कर्मचारी विरोधी आदेश को निरस्त करना पड़ा।

पुलिस, मंडी, खाद्य विभाग की टीमें तैनात

# चैकिंग के दौरान दो ट्रक अवैध धान बरामद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

कल से शुरू होने वाले धान खरीदी सीजन के मद्देनजर जिले के सीमावर्ती इलाकों में अवैध धान परिवहन की रोकथाम के लिए प्रशासन ने चौकसी तेज कर दी है।

सीमाओं पर चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं और निगरानी के लिए राजस्व, पुलिस, मंडी और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम तैनात की गई हैं। इसी अभियान के तहत चिल्फी घाटी में संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए दो ट्रक में भरे कुल 647 क्विंटल अवैध धान को जब्त किया। नायब तहसीलदार ऋतु श्रीवास ने बताया कि जांच के दौरान ट्रक को रोककर पूछताछ की गई। वाहन चालकों ने बताया कि धान उत्तर प्रदेश से लाया जा रहा था, लेकिन वे इस संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। संयुक्त टीम द्वारा धान को जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले में धान खरीदी के दौरान निगरानी और सघन जांच अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि जिले में अवैध धान परिवहन को रोका जा सके।

घटना के बाद बाल-बाल बचा ऑटो चालक

# इलेक्ट्रिक ऑटो को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

सिविल लाइन थाना अंतर्गत रजगामार रोड चावल गोदाम के पास एक तेज रफ्तार कार इलेक्ट्रिक ऑटो को टक्कर मारते हुए स्विफ्ट डिजायर में जा घुसी। इस हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और हड़कप मच गया। इसकी सूचना 112 को दी गई।

बताया जा रहा है कि कार क्रमांक सीजी 12 बीजी 3303 को एक डॉक्टर चला रहा था, इस दौरान सिविल लाइन थाना अंतर्गत चावल गोदाम तिराहा चौक के पास दो बाइक सवार पहले कार की चपेट में आने से बचे। इसके बाद सवारी वाली इलेक्ट्रिक ऑटो से कार जा टकराई और फिर स्विफ्ट डिजायर को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे जा घुसी। इस हादसे में इलेक्ट्रिक ऑटो चालक को मामूली छोटी आई है। चौक पर होटल संचालक ने बताया कि इस चौक पर अक्सर



हादसे होते रहते हैं। कई लोगों की जान जा चुकी है। ठीक एक माह पहले एक बस की चपेट में आने से बाइक सवार की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। तिराहा होने के कारण यह घटना सामने आई थी। इस जगह पर स्टॉपर होना बहुत जरूरी है, नहीं तो और भी लोगों की जान जा सकती है।

इस मार्ग पर भारी वाहनों का दबाव है और इस चौक पर ब्रेकर होना बेहद जरूरी है। इस मार्ग पर जिला मेडिकल कॉलेज, आरटीओ, तहसील के अलावा, पुलिस लाइन नगर सेवा कार्यालय और तीन निजी अस्पताल और दो विद्यालय संचालित हैं, जो महज एक किलोमीटर की दूरी पर ही है।

---

समत्व भवन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले अधिकारी

पदाधिकारियों ने कहा- हम सरकार की निवेश प्रोत्साहन योजना का लेंगे भरपूर लाभ

# टोपान स्पेशलिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मप्र में करेगी 950 करोड़ का निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में सभी निवेशकों का हृदय से स्वागत है। निवेशकों को सरकार अपनी योजनाओं का लाभ देने के साथ इकाई या कारखाना स्थापित करने में सहयोग भी करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री से टोपान स्पेशलिटी फिल्म्स प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी (जापानी समूह से अधिगृहित) के भारतीय एवं जापानी पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। इस कंपनी का मुख्यालय जापान एवं पंजाब में है।

यह समूह करीब 950 करोड़ रुपए की लागत से धार जिले के पीथमपुर के औद्योगिक प्रक्षेत्र के सेक्टर-7 में करीब 71,200 टन सालाना क्षमता की बीओपीपी एवं सीपीटी फिल्म निर्माण इकाई स्थापित करना चाहता है। यह शत-प्रतिशत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के रूप में होगा। इसी सिलसिले में निवेश की अग्रिम कार्रवाई के संबंध में मुख्यमंत्री से कंपनी पदाधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कंपनी के सीएफओ एवं होल टाइम डायरेक्टर अमित जैन, कमर्शियल हेड रितेश तिरखा, मैनेजिंग एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिरोशी सुजुकी, जनरल मैनेजर तासुकु सेना, सेक्टर स्टाफ तोमोहिरो कोमा एवं टेक्निकल एडवाईजर तोशीयुकी माकी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा करते टोपान कंपनी के अधिकारी।

### मप्र में पहली बार निवेश कर रही कंपनी

कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि कंपनी की ओर से मप्र पहली बार निवेश किया जा रहा है। कंपनी मप्र की निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत उपलब्ध निवेश प्रोत्साहन को अधिक से अधिक प्राप्त करना चाहती है। कंपनी पदाधिकारियों ने बताया कि वर्ष 1988 में टोपान समूह की स्थापना एक भारतीय कंपनी के रूप में हुई थी, जिसे आगे चलकर जापानी समूह की ओर से अधिग्रहित किया गया। कंपनी मुख्य रूप से पैकेजिंग फिल्म, लेबल फिल्म, ग्राफिक लेमिनेशन फिल्म के निर्माण का कार्य करती है। इकाई की पंजाब स्थित विनिर्माण इकाई लगभग 45 एकड़ में स्थापित है। इस समूह का वैश्विक टर्नओवर एक लाख 25 हजार करोड़ रुपए (14 बिलियन यूएस डॉलर) है।

## मजदूर की सड़क दुर्घटना में मौत, परिजन को 33 लाख रुपए का मुआवजा

**भोपाल।** सड़क दुर्घटना में मज़दूर महेश शहरिया की हुई मृत्यु के मामले में भोपाल की एक अदालत ने उसके परिजनों को तैतीस लाख रुपए की राशि दिलाए जाने के आदेश पारित किए गए हैं। अपर जिला न्यायाधीश संजय अग्रवाल द्वारा यह फैसला सुनाया गया है। जानकारी के अनुसार, महेश शहरिया अपनी पत्नी रेखा के साथ शमशाबाद से अपने घर बालमपुर भोपाल मोटर साइकल से 9 जुलाई 2024 को आ रहा था, एक ट्रेवलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी, जिससे महेश की मृत्यु हो गई थी एवं पत्नी रेखा गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। परिजन द्वारा भोपाल अदालत में क्षतिपूर्ति राशि के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया गया था। अधिवक्ता रणधीर सिंह ने बताया कि अदालत द्वारा ट्रेवलर के चालक को दोषी पाते हुए ट्रेवलर की बीमा कंपनी ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी को ब्याज सहित 33 लाख जमा करने के आदेश दिये गये है।

विद्यार्थी, नागरिक, जनप्रतिनिधि और अधिकारी रहे शामिल

# 'रन फॉर यूनिटी' के तहत निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कोरबा में 'रन फॉर यूनिटी' के तहत एक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर सभी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए एक साथ शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ पटेल स्मारक, कॉलोनी क्षेत्र से हुआ। 'रन फॉर यूनिटी' मार्च ट्रांसपोर्ट नगर चौक, सीएसईबी चौक, महाराणा प्रताप प्रतिमा, ओपन थिएटर और नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहा जैसे प्रमुख स्थानों से होते हुए कोसाबाड़ी तक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ। इस छह किलोमीटर से अधिक लंबी पदयात्रा में प्रतिभागियों ने अपना जोश और



उत्साह प्रदर्शित किया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, महापौर संजू देवी राजपूत और अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कोसाबाड़ी चौराहे पर 'रन फॉर यूनिटी' का समापन हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन और कोरबा कलेक्टर अजीत वसंत ने सरदार पटेल के राष्ट्र हित में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया और इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया जा रहा है और कोरबा में इसका आयोजन विशेष रूप से हुआ। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

### निगमायुक्त ने गौशाला, गार्डन, सीएम हेल्प लाइन, राजस्व, स्वच्छता, और अन्य आवश्यक कार्यों की समीक्षा की

# शहर के सभी गार्डन, डिवाइडर और चौराहों को करें व्यवस्थित : निगमायुक्त

जबलपुर।

**निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा गुरुवार को सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त, विभागीय प्रमुखों के साथ-साथ नगर निगम के सभी इंजीनियरों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यो की बारी-बारी से समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने गौशाला, गार्डन, पी.एम. आवास योजना, स्वच्छता, राजस्व, सी.एम. हेल्प लाइन आदि कार्यो की समीक्षा की और सभी संबंधितों को कार्यो में सुधार लाने की चेतावरी देते हुए फील्ड पर रहने और व्यवस्थित कार्य कराने के निर्देश दिये।**

निगमायुक्त श्री अहिरवार ने सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जो रोटीन के कार्य चल रहे हैं, उसको बिना प्रभावित किये हुए सी.एम. हेल्प लाइन के प्रकरणों और राजस्व वसूली अभियान को सर्वोच्य प्राथमिकता देकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। इन दोनों कार्यो में किसी प्रकार की कोई लापरवाही कतई बर्दास्त नहीं की जायेगी। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त ने विशेषकर उद्यान विभाग और गौशाला के रखरखाव व्यवस्था को बहुत बेहतर ढंग से मजबूत करने और पारदर्शी बनाने के सख्त निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को अंतिम चेतावनी दी है। इसके साथ-साथ सभी इंजीनियरों को भी हिदायत देते हुए कहा है कि सिटी ब्यूटीफिकेशन के अलावा शहर को साफ-स्वच्छ और सुन्दर ढंग से व्यवस्थित रखने की जिम्मेदारी आप सबकी है। आप सभी इंजीनियर्स भी अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण करें और एक दूसरे से समन्वय बनाकर कार्यो को सम्पादित करें, एक दूसरे पर टालामटोली न करें। उन्होंने बैठक में सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शहर के सभी गार्डन, डिवाइडर और चौराहों को भी व्यवस्थित करने की दिशा में कार्य करें।





## गौरव दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय 15 नवम्बर को प्रस्तावित जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सदर स्थित गैरीसन ग्राउंड पहुंचे। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर सिंह ने कार्यक्रम के सभी पहलुओं पर चर्चा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की भव्यता को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों से आने वाले वाहनों के लिए मुर्गी मैदान, वेटनरी ग्राउंड आदि पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने 15 नवम्बर को प्रस्तावित जनजातीय गौरव दिवस की व्यवस्थाओं के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। जिसमें मुख्य रूप से मंच, पंडाल, बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रदर्शनी, गौरव रथ यात्रा, रोड-शो, ग्रीन रूम, सर्किट हाउस, पार्किंग स्थल, अतिथियों के सम्मान आदि विभिन्न कार्यों के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे गये। साथ ही बाहर से आने वाले वाहनों के लिए कलर कोडिंग व पार्किंग आदि व्यवस्थाओं पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने हर सेक्टर में अधिकारियों को नियुक्त कर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम का सफल संपादन करें।

### महिला को पट्टे में मिली जमीन का मामला

# हाईकोर्ट ने छतरपुर कलेक्टर को जारी किया अवमानना नोटिस

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के बावजूद पट्टे में मिली जमीन शासकीय अभिलेख में महिला के नाम दर्ज नहीं की गई। लिहाजा, अवमानना याचिका दायर की गई। जिस पर सुनवाई करजे हुए जस्टिस द्वारिकाधीश बंसल की सिंगल बेंच ने कलेक्टर छतरपुर को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया। अवमानना याचिकाकर्ता लवकुश नगर, छतरपुर निवासी देशराज ठाकुर की ओर से अधिवक्ता शंभूदयाल गुप्ता व कपिल गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता की मां जमुना बाई को 1.600 हेक्टेयर कृषि भूमि का पट्टा भूमि स्वामी अधिकार के तहत दिया गया था। तभी से याचिकाकर्ता तथा उसकी मां उक्त भूमि में काबिज थे और शासकीय अभिलेख में उसकी मां का नाम दर्ज था।



इसके बाद साल 2010 में कम्प्यूटर अभिलेख में खसरा का संधारण करते समय जमीन उसकी मां के स्थान पर शासकीय भूमि में दर्ज कर दी गई। खसरे में नाम दर्ज किए जाने के संबंध में उसने तहसीलदार के समक्ष आवेदन किया था। तहसीलदार ने सितम्बर 2018 में शासकीय मद में उसकी मां का नाम दर्ज करने का आदेश जारी किया था। इसके बाद भी उसकी मां का नाम खसरे में नही जोड़ा गया। जिसके बाद उसने संभागायुक्त सागर, जिला कलेक्टर को अभ्यावेदन दिया। इसके बाद भी शासकीय दस्तावेजों में उसकी मां का नाम नहीं दर्ज किया गया। इसीलिए हाई कोर्ट की शरण ली गई थी। हाई कोर्ट ने कलेक्टर को निर्देशित किया था कि तीस दिनों को याचिकाकर्ता के अभयावेदन का निराकरण करें। निर्धारित समय सीमा गुजर जाने के बावजूद आदेश का पालन नहीं किया गया। इसीलिए अवमानना याचिका दायर की गई।

# कलेक्टर ने ज्वलंत विषयों की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश



**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की बैठक लेकर एसआईआर की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य को प्राथमिकता से करें और मतदाताओं का मैपिंग सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि रेल्वे स्टेशन के आस-पास अनियोजित रूप से वाहन खड़े रहते हैं, उन पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसी प्रकार हाईकोर्ट के आस-पास वाहनों से रास्ता जाम हो जाता है, अतः उन वाहनों के लिए उचित पार्किंग स्थल सुनिश्चित करें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले में जहां कहीं भी अवैध होर्डिंग लगे हैं, तत्काल उन पर कार्यवाही करें। डिवाइडरों में अमानक होर्डिंग, बैनर, फ्लेक्स लगाने से यातायात बाधित होता है, ऐसी स्थिति में दुर्घटनाओं की संभावना भी होती है, अतः इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही करें। बैठक में उन्होंने अनुभाग वार सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि लोक शिकायतों के निराकरण में प्रगति लायें। बैठक में सभी एसडीएम व तहसीलदार मौजूद थे।

## ईसीआई पदाधिकारियों ने किया एसआईआर प्रगति कार्य का विश्लेषण

जबलपुर।

भारत निर्वाचन आयोग के सचिव अश्विनी कुमार मोहल और अवर सचिव कनिष्क कुमार द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह की उपस्थिति में जिले में चल रहे एसआईआर के कार्यों की समीक्षा की। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। जिसमें उन्होंने विधानसभा वार मतदाताओं की मैपिंग की समीक्षा की। मतदाताओं को गणना पत्रक की उपलब्धता व उसके कलेक्शन तथा डिजिटलाईजेशन के संबंध में जानकारी ली। साथ ही बीएलओ से कार्य प्रगति के बारे में पूछा गया। विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए की जानकारी लेते हुए राजनैतिक दलों की बैठक व युक्तियुक्तकरण के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बीएलओ इस कार्य को गंभीरता से लेकर करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ज्योति परस्ते ने एसआईआर के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### एसआईआर के कार्य का किया फील्ड निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग के सचिव अश्विनी कुमार मोहल और अवर सचिव कनिष्क कुमार द्वारा विधानसभा 96 बरगी अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 101,102 प्राथमिक शाला भवन कूडन कक्ष क्रमांक 01,02 का भ्रमण किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी ली। भ्रमण के दौरान संबंधित क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# ट्रेन में व स्टेशन पर खानपान की गुणवत्ता और स्वच्छता में सुधार लाने के निर्देश

### वंदे भारत ट्रेन व स्टेशन का वाणिज्य प्रबंधक ने किया निरीक्षण

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर मंडल के मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने ने गाड़ी संख्या 20174 वंदे भारत एक्सप्रेस का जबलपुर से पिपरिया तक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ट्रेन की स्वच्छता, खान-पान की गुणवत्ता एवं यात्री सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया तथा ऑनबोर्ड स्टाफ को आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए।वंदे भारत एक्सप्रेस में निरीक्षण के उपरांत श्री सोने ने पिपरिया स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एम. पी. गुप्ता, सहायक मंडल अभियंता विनय प्रताप सिंह सहित स्टेशन के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार, स्वच्छ एवं सुरक्षित स्टेशन परिसर तथा पारदर्शी वेंडिंग प्रणाली सुनिश्चित करना है। सभी विभाग समन्वयपूर्वक कार्य करें ताकि पिपरिया स्टेशन यात्रियों के लिए एक आदर्श स्टेशन के रूप में विकसित हो। निरीक्षण के दौरान श्री सोने ने यात्रियों से संवाद कर फीडबैक भी लिया और उन्हें दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान स्टेशन की समग्र स्वच्छता, यात्री सुविधाएँ, खान-पान व्यवस्था, निर्माणाधीन कार्य, सुरक्षा एवं रखरखाव की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया। श्री सोने ने स्टेशन परिसर में स्थापित एटीवीएम, लिफ्ट, एस्केलेटर, एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल, जन-आहार एवं वेंडिंग यूनिट्स का भी निरीक्षण किया तथा यात्रियों की सुविधा के लिए स्वच्छता एवं सेवा स्तर में निरंतर सुधार के निर्देश दिए।





## जेई और कंप्यूटर ऑपरेटर 7 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए

**जबलपुर।** जबलपुर लोकायुक्त ने एक बड़ी ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया। आवेदक गौरी शंकर यादव निवासी नर्मदा नगर, गोहलपुर ने शिकायत की थी कि उसके नए मकान में बिजली कनेक्शन लगाने के लिए मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्रीय विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, उखरी रोड कार्यालय के जूनियर इंजीनियर वरुण कुमार दरबे और कंप्यूटर ऑपरेटर विनोद कोरी द्वारा 8,000 की रिश्वत मांगी गई थी। बाद में 7,000 में सौदा तय हुआ। शिकायत की जांच के बाद लोकायुक्त टीम ने 13 नवंबर ट्रैप की कार्रवाई की, जिसमें विनोद कोरी को 7,000 रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। यह कार्रवाई निरीक्षक उमा कुशवाह के नेतृत्व में की गई। टीम में निरीक्षक राहुल गजभिए, निरीक्षक शशिकला मस्कुले सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई जारी है।

### जनजातीय गौरव दिवस कल

# राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित होंगीं जनजातीय समाज की प्रमुख हस्तियां

### जनजातीय समाज के महानायकों तथा संस्कृति और पंरपराओं पर केंद्रित प्रदर्शनी भी लगेगी

**जबलपुर।** भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन पर जबलपुर में 15 नवंबर को आयोजित किये जा रहे जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से जारी हैं। पूरे कार्यक्रम की परिकल्पना इस प्रकार की गई है कि इसमें जनजातीय समाज की संस्कृति और पंरपराओं की झलक स्पष्ट दिखाई दे। जनजातीय गौरव दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम सदर स्थित गैरिसन ग्राउंड में होगा, इसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों से लगभग 45 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। इनमें अधिकांश केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के हिट में चलाई जा रही योजनाओं के हितग्राही होंगे। इतनी बड़ी संख्या में आ रहे इन हितग्राहियों की बैठक व्यवस्था के लिये कार्यक्रम स्थल को 30 सेक्टरों में बांटा गया है। कायक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, जनजातीय मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके, प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के नर्मदा जिले से वर्चुअल संबोधन होगा। जनजातीय गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जनजातीय समाज की संस्कृति और पंरपराओं तथा भगवान बिरसा मुंडा, वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह सहित देश की आजादी के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले जनजातीय महानायकों के जीवन पर केंद्रित प्रदर्शनी लगाई जा रही है। स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा लगाई जा रही इस भव्य और विशाल प्रदर्शनी में गोंड, बैगा, भील, कोल, कोरकू, भारिया और सहरिया जनजाति की संस्कृति को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित करने अलग-अलग गैलरी बनाई जा रही है। इसके अलावा जनजातीय क्षेत्र के उत्पाद एवं व्यंजन भी इस प्रदर्शनी का आकर्षण होंगे। केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा जनजातीय वर्ग के लिये संचालित योजनाओं के स्टॉल भी प्रदर्शनी में लगाये जा रहे हैं।

**क्रांति गौंड सहित प्रतिभाओं का होगा सम्मान**

जनजातीय समाज के प्रमुखों तथा पद्मश्री भज्जू श्याम, पदमश्री अर्जुन सिंह धुर्वे, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौंड, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज रागिनी मार्को और सृष्टि सिंह सहित राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर देश एवं प्रदेश का मान बढाने वाली जनजातीय समाज की हस्तियों का सम्मान भी इस कार्यक्रम में किया जायेगा। देश की आजादी के लिये संघर्ष तथा शोषणकारी औपनिवेशिक व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध का नेतृत्व करने वाले जनजातीय महानायकों का स्मरण करने आयोजित किये जा रहे गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भगवान बिरसा मुंडा, वीरांगना रानी दुर्गावती, राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह एवं टंट्या भील के चित्र पर माल्यार्पण कर करेंगे। कार्यक्रम के शुभारंभ के पहले मुख्यमंत्री समन्वय चौक से सृजन चौक तक रोड शो में शामिल होंगे। डॉ यादव प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा कार्यक्रम में जनजातीय समाज के लिये संचालित योजनाओं के तहत हितलाभों का वितरण और विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। जनजाति गौरव दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया जा रहा है।

## जगह-जगह क्षतिग्रस्त नहर खोल रही विभाग की पोल

# नहरों के रखरखाव में लाखों खर्च, फिर भी स्थिति जस-की-तस




**सिहोरा।** लगभग दो दशक पुरानी नहरों के रखरखाव हेतु तैनात अधिकारियों कर्मचारियों का भारी भरकम अमला नहरों का कितना रखरखाव कर रहा है यह तो नहरो की दुर्दशा स्वयं बयां कर रही है।मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति होने के कारण किसानों की जीवन रेखा कहलाने वाली टुटी फुटी नहर किसानो के लिए परेशानी का सबब बन रही है। अनियमितता की बुनियाद पर बनी नहर बीस सालों से पानी का बहाव झेल रही नहरें जर्जर हो चुकी है। तटबंध कट चुके हैं। सिंचाई की सुविधा के लिए जीवन रेखा बनी नहर जर्जर और खस्ता हालत से रबी की फसल की तैयारी में खेतों की सिंचाई करने का संकट बनता दिख रहा है। अनेक किसानो ने नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 4 कार्यपालन यंत्री से संभाग के अंतर्गत आने वाली नहरों में तत्काल सुधार कराए जाने की मांग की है मालूम रहे नर्मदा विकास संभाग के अंतर्गत सिहोरा मझौली तहसील आती है दोनों तहसीलों में किसानों के खेतों में सिंचाई सुविधा के लिए नहरो का जाल बिछा है।किसानो ने आरोप लगाया कि नर्मदा विकास संभाग क्रमांक 4 में पदस्थ कार्यपालन यंत्री सहायक यंत्री और उपयंत्री और तकनीकी स्टाफ जबलपुर कटनी से अप डाउन करते हैं जिससे कार्य प्रभावित तो होते ही हैं साथ ही किसानों की समस्यायों का निराकरण भी नहीं हो पाता है तथा अधिकारी कभी कभी कार्यालय पहुंचकर अपने कर्तव्य की महज खाना पूर्ति करते हैं और सभी नहरो की जांच के लिए स्थल निरीक्षण नहीं करते हैं।

### ऐसी नहरों से कैसे सिंचाई होगी

टूटी नहरों के कारण किसानों को खेतों की सिंचाई के पानी के लिए मोहताज होना पड़ेगा। टूटी फूटी नहरों से हर साल करोड़ो लीटर पानी बेकार बह जाता है इस कारण टेल एरिया के किसानों को समय पर पानी नहीं मिल पाता। सिंचाई विभाग में भारी भरकम अमला है। नियमित कर्मचारियों के अलावा कार्यभारित व दैनिक वेतन भोगियों की संख्या भी कम नहीं है नहरों की निगरानी के लिए बड़े अधिकारियों के अलावा मैदानी अमला स्थल सहायक, क्षेत्र सहायक व दर्जनों चौकीदार भी है। इनका काम नहरों की निगरानी करना है लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही से जगह-जगह से नहरे टूटी हुई है। हालांकि नहरों की मरम्मत के नाम पर प्रति वर्ष लाखों रुपए पानी की तरह बहाए जाते हैं इसके बाद भी नहरों की स्थिति नहीं सुधर रही है। अत्यंत जर्जर नहरों की मरम्मत नहीं हो सकी है।

### सिंचित रकबा 31899 हेक्टेयर

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के किसान एवं लगभग 31899 हेक्टेयर भूमि की प्यास बुझाने लगभग दो दशक पूर्व सिंचाई नहरो का निर्माण किया गया था। विभागीय अधिकारी प्रोजेक्ट पूर्ण न होने के कारण रखरखाव की कोई राशि प्राप्त न होने का हवाला देकर अपने कर्तव्यों की इती श्री कर लेते हैं।

## जीवन में अध्यात्म और विज्ञान दोनों जरूरी हैं : महापौर

# गुरू मीमां ने छात्र-छात्राओं को सफलता के लिए बताया जीवन में ''स'' का महत्व




**जबलपुर।** मानस भवन में आयोजित फिलंथरॉपिक फाउंडेशन की संस्थापक श्री मीमां जो कि आध्यात्मिक गुरू, विचारक और जीवन मार्गदर्शक है, जो पिछले तीन दशकों से अध्यात्म और सेवा के माध्यम से मानवता में चेतना, करूणा और संतुलन का प्रकाश फैला रही हैं। वे एक शिव साधिका हैं, पूर्ण रूप से शिव और शक्ति को समर्पित, उनका जीवन स्वयं एक साधना है, जहां अध्यात्म ध्यान में नहीं, कर्म और करूणा में प्रकट होता है। आध्यात्मिक गुरू श्री मीमां की उपस्थिति में गरुवार को मानस भवन में आयोजित नगर निगम विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच शिक्षा और ज्ञान का महत्व विषय पर प्रेरणादायक वचनों से प्रेरित किया और बताया जीवन में ''स'' का बहुत महात्व है। ''स'' से ही हम जीवन में सपने देखते हैं, लेकिन उसे पूरा करने के लिए ''स'' रूपी संकल्प का होना जरूरी है और संकल्प पूरा करने के लिए हमें ''स'' रूपी संघर्ष करना पड़ता है। संघर्ष के दौरान हमें सहनशील होना पड़ता है तभी हमें सफलता प्राप्त होती है और सफलता के बाद हमें लगातार सफलता प्राप्त करने के लिए सहज होना भी जरूरी होता है, ताकि सफलता से हमारे अंदर अंहकार न आ जाए। इसलिए हमें हमेशा सफलता पर अग्रसर होने के साथ-साथ सहज परोपकारी परमार्थी होना चाहिए, इस बात का सदैव ध्यान रखना चाहिए। उद्बोधन के दौरान उन्होंने बच्चों से परीक्षा का डर किस तरह से दूर कर सकते हैं इस संबंध में भी बच्चों की शंका का समाधान किया गया और उन्हें ध्यान और योग के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर गुरु मां का स्वागत करते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने कहा अध्यात्म और विज्ञान जीवन में दोनों जरूरी है विज्ञान जहां हमें आधुनिक बनाता है वहीं अध्यात्म हमे जीवन को सफल बनाने की प्रेरणा देता है। निगम विद्यालय के बच्चे निश्चित तौर पर बहुत ही प्रतिभा सम्पन्न हैं। उन्हें समय-समय पर अध्यापन के प्रति प्रेरित किया जाता है, जिसके परिणाम बहुत अच्छे प्राप्त हुए हैं। आयोजन में निगमाध्यक्ष निकुंज विज ने आयोजन की सार्थकता को स्पष्ट करते हुए कहा कि बच्चों के मन से पढ़ाई और परीक्षा का भय जो रहता है, श्री मीमां के इन प्रेरणादायी वचनों से निश्चित तौर पर उनका उत्साहवर्धन हुआ और भय दूर हुआ है। इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव, निगम विद्यालय प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पांडेय, श्रीमती दीप्ति शर्मा, श्रीमती रागिनी गर्ग एवं विजय श्रीवास्तव, श्रीमती किरण बट्टी, श्रीमती संध्या जैन, श्रीमती संगीता दीक्षित, आदि ने अध्यात्मिक गुरू श्री मीमां का स्वागत किया।

# चाकूबाजी की 2 वारदातों में 2 घायल

**जबलपुर।** विजयनगर और लार्डगंज थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने तीन युवकों पर चाकू व लोहे के पाईप से हमला कर घायल कर दिया।

विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजाब बैंक कालोनी कोतवाली निवासी 21 वर्षीय अभिषेक अहिरवार गत रात लगभग 8.30 बजे चिकन खरीदने सोनम मार्केट के पास गया था वहां पर मेघराज चौधरी और शिवा यादव मिल और पुरानी रंजिश व शराब पीने के लिए 100 रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर मेघराज चौधरी ने गाली गलोज कर उस पर चाकू से हमला कर दिया और शिवा यादव ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

इसी तरह लार्डगंज में सुपरमार्केट पंजाब बैंक के बाजू से लार्डगंज निवासी 44 वर्षीय अनीष केशरवानी गत रात लगभग 11.45 बजे राजपूत ज्वेलर्स के सामने राईट टाउन में अपने दोस्त प्रदीप श्रीवास एवं प्रदीप के साथियों के साथ बात कर रहा था तभी संजू कनोजिया आया और उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये की मांग करने लगा, रूपये देने से मना करने पर संजू कनोजिया गाली गलोज करने लगा, उसी समय संजू और उसका लड़का आया और फिर दोनों उसके साथ गाली गलोज करते हुये लोहे के पाईप से उस पर हमला कर दिया। दोस्त प्रदीप श्रीवास बीच बचाव करने लगा तो संजू कनोजिया ने लोहे के पाईप से एवं संजू के लड़के ने चाकू से हमलाकर प्रदीप के पसली एंव सिर में चोटे पहुंचा दी। मारपीट करने के बाद दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(ए), 296(बी), 115(2), 119(1), 118(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# निगम के सभी संभागों में वंदे मातरम् की हुई गरिमामय प्रस्तुति




**जबलपुर।** शासन के निर्देशों और कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में गुरुवार को नगर निगम के सभी 16 संभागों में नागरिकों के बीच उत्सवी माहौल में वंदे मातरम कार्यकम बड़े ही भव्य और आकर्षक रूप में आयोजित किया गया तथा वंदे मातरम् की प्रस्तुति दी गई। वंदे मातरम् की प्रस्तुति से संभागों में मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर देश भक्ति और राष्ट्र प्रेम के प्रतीक वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ स्मरणोत्सव के अंतर्गत संगीतमयी वंदे मातरम् की संगीतमयी प्रस्तुति दी गई। वंदे मातरम् की प्रस्तुति के दौरान संभाग क्रमांक 1 से 16 तक के संभागीय अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# पाटन में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



**पाटन।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 में गणेश मंदिर से श्मशान घाट कत्का नाला पुलिया तक आर.सी.सी. नाली/नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन 13 नवंबर 2025 को किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष शक्ति देवकुमार यादव, वार्ड पार्षद श्रीमति राजमणि प्रदीप पटेल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमति जयश्री चौहान, नगरपालिका कर्मचारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# हाई कोर्ट बार जैसा अपनापन और कहीं नहीं मिलता : न्यायमूर्ति विवेक रूसिया

### नवागत प्रशासनिक न्यायाधीश व न्यायमूर्ति एसएन भट्ट का हुआ अभिनंदन

**जबलपुर।** मप्र हाई कोर्ट की मुख्य पीठ जबलपुर के नवागत प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व न्यायमूर्ति एसएन भट्ट के सम्मान में गुरुवार को अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक न्यायाधीश ने कहा कि हाई कोर्ट बार जैसा अपनापन और कहीं नहीं मिलता। चूंकि यहीं से वकालत की शुरुआत कर न्यायिक आसंदी तक पहुंचने का सौभाग्य मिला, अतः इस बार के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहूंगा।

इस अवसर पर प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया व न्यायमूर्ति एसएन भट्ट के साथ हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा, एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत रूपराह, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष संजय अग्रवाल, हाई कोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा मंचासीन रहे।

### जबलपुर से साहित्यकार पुरी अधिवेशन के लिए आज रवाना होंगे

**जबलपुर।** भारतीय लेखकों की प्रतिष्ठित संस्था ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया का 49वां राष्ट्रीय अधिवेशन इस वर्ष ओडिशा की धार्मिक नगरी पुरी में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया जबलपुर चैप्टर से वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उषा दुबे, डॉ. सलमा जमाल, डॉ. चन्द्रा चतुर्वेदी, राकेश तिवारी, दीपक तिवारी एवं श्रीमती वर्षा तिवारी अपनी सहभागिता दर्ज कराने हेतु आज 14 नवम्बर को पुरी के लिए रवाना होंगे। दो दिवसीय यह अधिवेशन 15 एवं 16 नवम्बर को आयोजित होगा।

# किशोरावस्था ऐसे पौधे के समान, जो भविष्य में फलदार वृक्ष के रूप में परिवर्तित होती है

### मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की उड़ान कार्यशाला में बोले चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने कहा कि किशोरावस्था एक ऐसे पौधे के समान है, जो भविष्य में फलदार वृक्ष के रूप में परिवर्तित होती है। अतः इस अवस्था में किशोरों को अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहते हुए अपने सकारात्मक विचारों एवं कृत्यों से समाज को नई दिशा दिए जाने का प्रयास करना चाहिए। वे मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सभागार में उड़ान किशोर सशक्तिकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर एवं स्लोगन की सराहना करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रशासनिक न्यायाधिपति विवेक रूसिया ने कहा कि भाषा विकास के माध्यम में बाधा उत्पन्न नहीं करती है, अपितु आत्मविश्वास व निरंतर प्रयास से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता ह। न्यायाधिपति विवेक अग्रवाल ने कहा कि यह कार्यशाला किशोरों के सशक्तिकरण को समर्पित है, जो कि हमारे भविष्य के नागरिक, नीति-निर्माता और समाज के संवाहक हैं। उदघाटन सत्र के दौरान न्यायोत्सव के अंतर्गत जबलपुर के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यशाला की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए स्वागत उद्बोधन में सुमन श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने कहा कि यह कार्यशाला विधिक सेवा संस्थाओं की प्रतिबद्वता और न्यायपालिका के उस संकल्प का प्रतीक है जो हमारे किशोरों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु समर्पित हैं।

### विधिक सेवा प्राधिकरण की न्यायोत्सव बाईक रैली आज

**जबलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक सेवा सप्ताह 2025 के अंतर्गत 14 नवंबर को बाईक रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में लगभग 100 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। रैली का शुभारंभ सायं चार बजे जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, गेट नंबर दो से होगा। बाईक रैली कलेक्टर चौराहा, रेल्वे स्टेडियम, पुल नंबर दो, एम्पायर टाकिज तिराहा, सृजन चौक, टैगोर गार्डन, यादगार चौक, झंडा चौक, शिवाजी ग्राउंड तिराहा, भीरवानी पेट्रोल पंप चौराहा, नर्मदा रोड, भंडारी हॉस्पिटल, तीसरा पुल, खालसा कालेज, आफिसर मेस चौक, पुल नंबर तीन, नागरथ चौक, इंकमटैक्स चौराहा, तैयब अली चौक, घंटाघर चौक से होते हुए वापस जिला न्यायालय पहुंचेगी।

# राज्य स्तरीय ओपन टूर्नामेंट में अनिल ने जीते तीन गोल्ड मेडल

**बरेला।** राज्य स्तरीय मास्टर एथलेटिक्स ओपन टूर्नामेंट में गोला, तवा और 200 मीटर की दौड़ में नगर के संदीपनी विद्यालय में पदस्थ खेल शिक्षक अनिल कुमार सोनकर ने तीन गोल्ड मेडल जीतकर नगर का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने अनिल कुमार सोनकर को सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर डीके गुप्ता एवं जिला कीड़ा अधिकारी श्रीमती मधुमिता हजारा सहित शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।




## युवाओं में देशभक्ति का जज्बा पैदा करेगा यूनिटी मार्चः आशीष दुबे

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर तिरंगा झंडा लेकर निकाली पदयात्रा





**सिहोरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देश भर में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर एक भारत आत्म निर्भर भारत के तहत चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत सिहोरा में भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण द्वारा सांसद आशीष दुबे, विधायक संतोष बरकडे, सुशील इंदू तिवारी विधायक पनागर, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, राजकुमार पटेल जिलाध्यक्ष ग्रामीण, नंदनी मरावी पूर्व विधायक, संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष, रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष, ज़िला महामंत्री राजेश दाहिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर, उपाध्यक्ष अनुपम सराफ,पुष्पराज सिंह बघेल, आशीष पटेल, भाजयूमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, अलका गर्ग, मंत्री अर्चना साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पांडे, नगर पालिका उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, कुंडम राजेश साहू, रामकृष्ण पटेल, अंकित तिवारी की उपस्थिति में विशाल यूनिटी मार्च पदयात्रा निकाली गई। जो अरुणाभ घोष स्टेडियम से प्रारंभ होकर गौरी तिराहा, झंडा बाजार, कालभैरव चौक, मैना कुआं बाबाताल से होकर निकली तथा खितौला में संपन्न हुआ। इस यूनिटी मार्च में बड़ी संख्या में स्कुलों के बच्चे, युवक युवती, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि हाथों में तिरंगा लिए देश भक्ति के गीत गाते और नारे लगाते हुए शामिल हुए। सांसद आशीष दुबे ने कहा तत्कालीन ग्रहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने पांच सौ अधिक रियासतों का विलय भारत में कराया। युवा भारत की ताकत है और उनमें देशभक्ति का जज्बा पैदा करने तथा उनमें उर्जा का संचार करने एंव सरदार पटेल द्वारा देश के लिए किए गये कार्यों को बताने सभी लोकसभा क्षेत्र में इस तरह के आयोजन चलायें जा रहे हैं। विधायक संतोष बरकडे ने कहा सरदार पटेल ने भारत को सशक्त और मजबूत करने का प्रयास किया इस मार्च ने सभी को जोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने सभी को अखंड भारत बनाये रखने का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम में शामिल भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने कार्यकम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए सरदार बल्लभ भाई पटेल के कार्यकाल को याद किया और कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय हैं। आयोजन के प्रभारी जिला महामंत्री रुपेश पटेल ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया एंव संचालन सह प्रभारी अंकित तिवारी ने किया।




**श्री सुनील रजक-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री सुनील रजक (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल मेहता-** गौरीघाट रोड निवासी श्री अनिल मेहता (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती चंद्रकला श्रीवास-** गोरा बाजार केंट निवासी श्री बिंदा दीन श्रीवास की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकला श्रीवास (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हरचरण कौर-** गुप्तेश्वर बचई मूर्तिकार के निकट निवासी श्री हरवंश सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती हरचरण कौर (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री एसएल चौरसिया-** खमरिया वेस्टलैंड स्थित गुरूद्वारा लाइन निवासी श्री एसएल चौरसिया (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सज्जन सोनकर-** राम मनोहर लोहिया वार्ड निवासी श्री सज्जन सोनकर (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कन्हैया लाल-** तिलहरी निवासी श्री कन्हैया लाल (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शशि किरण कश्यप-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री शंकर लाल कश्यप की धर्मपत्नी श्रीमती शशि किरण कश्यप (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कलावती गौतम-** विवेक कॉलोनी अधारताल निवासी श्री सालिग राम गौतम की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती गौतम (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कविता कोरी-** शीतलामाई मंदिर के निकट निवासी श्री शरद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती कविता कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेंद्र कुमार गुप्ता-** रामेश्वरम कॉलोनी विजयनगर निवासी श्री सुरेंद्र कुमार गुप्ता (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विलायती सिंह-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री विलायती सिंह (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राकेश मलिक-** गोरखपुर गुरूद्वारा के पास निवासी श्री राकेश मलिक (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चन्नू ठाकुर-** लालमाटी चांदमारी रोड निवासी श्री लल्लू प्रसाद ठाकुर के पुत्र श्री चन्नू ठाकुर (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजा बाई पटेल-** शारदा नगर करमेता पाटन रोड निवासी श्री राम लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती राजा बाई पटेल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लालमती बाई-** राइट टाउन बस स्टैंड के पास निवासी श्री जगदीश की धर्मपत्नी श्रीमती लालमती बाई (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजकुमार जाटव-** बीके एंपायर बिलहरी निवासी श्री राजकुमार जाटव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- ... से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- ... से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज ... से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362180

## खबर संक्षेप

### आयशर मोटर्स के लाभ में 24 प्रतिशत वृद्धि




**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 1,369 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 1,100 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 45 प्रतिशत बढ़कर 6,172 करोड़ रुपये हो गई।

### सेन्को गोल्ड का शुद्ध लाभ हुआ चार गुना




**कोलकाता।** सेन्को गोल्ड लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना होकर 48.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 12.1 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में सेन्को गोल्ड लिमिटेड की एकीकृत आय सालाना आधार दो प्रतिशत बढ़कर 1,536.1 करोड़ रुपये हो गई।

### ओपनएआई ने पेश किया जीपीटी-5.1




**नई दिल्ली।** अमेरिकी कंपनी ओपनएआई ने अपने नए संस्करण जीपीटी-5.1 को पेश किया है। कंपनी का कहना है कि यह नया मॉडल पहले की तुलना में ज्यादा बातचीत करने वाला और दोस्ताना है। कंपनी ने बताया कि इस अपडेट में ऐसे नियंत्रण जोड़े गए हैं, जिससे चैटजीपीटी उपयोगकर्ताओं की पसंद के अनुसार जवाबों का लहजा आसानी से बदला जा सके।

### वोल्टास का लाभ 76.3% घटकर 31.5 करोड़




**नई दिल्ली।** एयर कंडीशनिंग विनिर्माता और इंजीनियरिंग सेवा प्रदाता वोल्टास लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76.28 प्रतिशत घटकर 31.5 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वोल्टास लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 132.83 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था।

### एल्केम लैब्स के लाभ में 11 प्रतिशत का इजाफा



**नई दिल्ली।** एल्केम लैबोरेटरीज का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 11 प्रतिशत बढ़कर 779 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 702 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### एनबीसीसी का तिमाही मुनाफा 25 फीसदी बढ़ा



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़कर 156.68 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का पिछले वर्ष की इसी तिमाही में मुनाफा 125.13 करोड़ रुपये रहा था। एनबीसीसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर में उसकी कुल आय बढ़कर 3,017.15 करोड़ रुपये हो गई।

# आरबीआई का बड़ा फैसला, गोल्ड के बाद अब सिल्वर लोन भी ले सकेंगे ग्राहक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर पैसों की जरूरत है तो अब आप चांदी के बदले भी बैंक से लोन ले सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए सिल्वर लोन यानी चांदी के बदले कर्ज लेने की अनुमति दे दी है। अब तक केवल सोने के बदले ऋण यानी गोल्ड लोन की सुविधा उपलब्ध थी। अब जरूरतमंद लोग अपने चांदी के आभूषण, सिक्के या अन्य चांदी से जुड़ी वस्तुएं गिरवी रखकर बैंक या गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (एनबीएफसी) से लोन ले सकेंगे। नए नियम एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होने वाले हैं। ग्राहकों को यह सुविधा कॉमर्शियल बैंक, अर्बन और रूरल को-ऑपरेटिव बैंक और एनबीएफसी के अलावा हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों के माध्यम से मिलेगी।

## अभी तक केवल गोल्ड लोन की सुविधा उपलब्ध थी

### किस तरह के उत्पाद पर लोन नहीं

हालांकि, रिजर्व बैंक ने यह साफ किया है कि प्योर गोल्ड या चांदी की ईंटों (बुलियन) या उनके वित्तीय उत्पाद के बदले लोन नहीं दिया जा सकेगा। वित्तीय उत्पाद में गोल्ड ईटीएफ या म्यूचुअल फंड यूनिट्स शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने यह नई सुविधा आरबीआई (गोल्ड एंड सिल्वर लोन) डायरेक्शंस, 2025 नियम के तहत शुरू किया है। इनका मकसद कीमती धातुओं के ऋण बाजार में पारदर्शिता, एकरूपता और निगरानी को मजबूत बनाना है।




### लोन चुकाने के बाद आभूषण की वापसी

रिजर्व बैंक के नियम के अनुसार जब उधारकर्ता पूरा लोन चुका देगा तो बैंक को 7 दिन के भीतर आभूषण या चांदी लौटानी होगी। यदि बैंक की गलती से देरी होती है, तो ग्राहक को 5000 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा देना होगा। यदि ग्राहक समय पर लोन नहीं चुका पाता तो बैंक उसकी गिरवी रखी हुई चांदी या ज्वेलरी की नीलामी कर सकता है। हालांकि, इसके पहले ग्राहक को नोटिस भेजकर सूचित किया जाएगा।

### लोन न चुकाने पर नीलामी का अधिकार

नीलामी की रिजर्व प्राइस मौजूदा बाजार मूल्य के 90 प्रतिशत से कम नहीं रखी जाएगी। दो बार नीलामी असफल होने पर इसे घटाकर 85 प्रतिशत तक किया जा सकता है। यदि कोई ग्राहक ऋण चुकाने के दो साल बाद भी अपना सोना या चांदी नहीं लेता है, तो बैंक उसे लावारिस घोषित कर देगा और ग्राहक या उसके उत्तराधिकारियों से संपर्क करने के लिए एक विशेष अभियान चलाएगा।

## भारतीय राज्यों में व्यापार करने में सुगमता पर रिपोर्ट जारी

# नियामकीय देरी, उच्च अनुपालन लागत से छोटे उद्यमों पर पड़ रहा असर: एसोचैम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उद्योग मंडल एसोचैम ने बृहस्पतिवार को कहा कि नियामकीय देरी, उच्च अनुपालन लागत और एक ही जगह हर प्रकार की मंजूरी व्यवस्था की कमी जैसी बाधाएं सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को अपनी क्षमता को हकीकत रूप देने से रोक रही हैं।

**एक ही जगह हर प्रकार की मंजूरी व्यवस्था की कमी**

एसोचैम ने 'भारतीय राज्यों में व्यापार करने में सुगमता' शीर्षक से जारी अपनी रिपोर्ट में सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाने के लिए त्वरित और राज्य स्तर सुधारों का आह्वान किया है। रिपोर्ट में प्रमुख नियामक और अवसंरचनात्मक बाधाओं का उल्लेख किया गया है जो व्यावसायिक संचालन में बाधक बन रही हैं।

## एमएसएमई उद्योगों को अपनी क्षमता को हकीकत रूप देने से रोक रही

### बंगाल व ओडिशा जैसे राज्यों में बिजली आपूर्ति की समस्या

इनमें जटिल अनुमोदन और जटिल पंजीकरण प्रक्रियाओं, पैसे की वापसी में देरी, लगातार आईटीसी विवादों सहित जीएसटी से संबंधित बाधाएं, लॉजिस्टिक और अवसंरचना संबंधी बाधाएं शामिल हैं। इसके साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में बिजली आपूर्ति की समस्या का भी जिक्र किया गया है, जो देरी और उत्पादन हानि का कारण बनती हैं।




### राज्य स्तरीय सुधार एक साथ लाने का आव्हान

यह रिपोर्ट भूमि, भवन एवं निर्माण, श्रम, पर्यावरण, व्यापार और कराधान सहित अन्य क्षेत्र-विशिष्ट मुद्दों का भी जिक्र करती है। रिपोर्ट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए केंद्र और राज्य-स्तरीय सुधारों को एक साथ लाने का आह्वान किया गया है। साथ ही उद्योग से प्राप्त कार्रवाई योग्य सुझावों को शामिल करने का सुझाव दिया गया है।

**इन राज्यों में सामने आई समस्या**

रिपोर्ट में ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली, गोवा, जम्मू-कश्मीर और मध्य प्रदेश में सामने आने वाली कई नियामक और अवसंरचनात्मक समस्याओं का उल्लेख किया गया है।

### श्रम कानून में सुधार की सिफारिश

इसमें सुगम मंजूरी व्यवस्था, जीएसटी सुधार, समयबद्ध भूमि उपयोग बदलाव, श्रम कानून में सुधार और कंपनी-संबंधी नियमों को युक्तिसंगत बनाने की सिफारिश की गयी है। रिपोर्ट बुनियादी ढांचे में सुधार और प्रक्रियाओं के मानकीकरण, सरलीकृत ई-वे बिल व्यवस्था, अलग से लॉजिस्टिक केंद्रों और अत्याधुनिक बिजली वितरण व्यवस्था की भी सिफारिश करती है।

### भरोसेमंद व पारदर्शी माहौल बने

इसमें कौशल विकास, प्रौद्योगिकी अपनाने, नवाचार, निर्यात संवर्धन और योजनाओं को लेकर जागरूकता के माध्यम से एमएसएमई को समर्थन देने की बात कही गयी है। रिपोर्ट में कहा गया, "इन मुद्दों का समाधान करके, सरकार एक भरोसेमंद, पारदर्शी और कुशल कारोबारी माहौल बना सकती है।"

# सोने में 3,000 रुपए का उछाल और चांदी 7,700 रुपए चढ़ी




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के चलते बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1,30,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के 'शटडाउन' की समाप्ति ने भी सुरक्षित-निवेश का विकल्प मानी जाने वाली परिसंपत्ति की अपील को समर्थन दिया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन बढ़त जारी रही, जो बुधवार के 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 3,000 रुपये बढ़कर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

- सोने की कीमत बढ़कर 1,30,900 रुपए प्रति दस ग्राम

### शटडाउन का भी असर पड़ा

गांधी ने कहा, "इसके अलावा, फेडरल रिजर्व द्वारा शटडाउन के कारण हुई आंशिक नकदी की कमी को दूर करने के लिए प्रणाली में और अधिक धन डालने की संभावना है, जिसका कीमती धातुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।" विदेशी व्यापार में हाजिर चांदी 1.13 प्रतिशत बढ़कर 53.86 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

### चांदी में इस सप्ताह 10 फीसदी से अधिक उछाल

गांधी ने कहा, "इस सप्ताह चांदी में जोरदार उछाल आया है और अब तक 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यह उछाल कई तेजी के कारकों से प्रेरित है, जिनमें ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें, आपूर्ति संबंधी चिंताएं, मजबूत औद्योगिक और निवेश मांग, और मजबूत तकनीकी गति शामिल हैं।"

## विदेशी निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रही

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

## सेंसेक्स व निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोर धारणा का घरेलू बाजार पर असर पड़ा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.16 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 84,478.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ऊंचे में यह 84,919.43 अंक तक गया जबकि नीचे में 84,253.05 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी नाममात्र 3.35 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,879.15 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू शेयर बाजार सकारात्मक कारोबार के बाद स्थिर बंद हुए। मुनाफावसूली ने सकारात्मक वैश्विक और घरेलू संकेतों के



बावजूद शुरुआती बढ़त को समाप्त कर दिया। अमेरिकी सरकार के विभागों में कामकाज ठप होने को समाप्त करने के लिए डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के एक अल्पकालिक वित्त पोषण विधेयक पर हस्ताक्षर करने और भारत के लिए शुल्क राहत की उम्मीदों से बाजार में तेजी आई।" नायर ने कहा कि अक्टूबर में रिकॉर्ड निचले स्तर पर मुद्रास्फीति के आंकड़ों से नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद बढ़ी है। इससे ब्याज दर को लेकर संवेदनशील धातु और रियल्टी जैसे क्षेत्र निवेशकों के लिए आकर्षक बन गए हैं।"उन्होंने कहा, हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी जारी रहने और कमजोर रुपये के बीच बिहार चुनाव के नतीजों से पहले ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली देखी गई।

### मारुति के शेयर में रही तेजी

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावरग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल, सन फार्मास्युटिकल्स, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचसीएल टेक्नोलॉजीज प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### टाटा स्टील में रहा नुकसान

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स की वाणिज्यिक वाहन इकाई, इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, ट्रेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और इन्फोसिस शामिल हैं।

### टाइटन आई+ ने बाल दिवस पर शुरू किया 'एक तारा परीक्षण' अभियान

**बेंगलुरु।** बाल दिवस के अवसर पर टाइटन आई+ ने बच्चों की दृष्टि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'एक तारा परीक्षण' नामक अभिनव अभियान की शुरुआत की है। इस अनूठी पहल का उद्देश्य अभिभावकों को अपने बच्चों की आंखों की जांच के लिए प्रेरित करना और कम उम्र में ही दृष्टि संबंधी समस्याओं की पहचान करना है। यह विचार प्राचीन 'हंटर टेस्ट' से प्रेरित है, जिसे अब एक मनोरंजक और सरल नेत्र-जांच उपकरण के रूप में पेश किया गया है।

# महिंद्रा का बीमा क्षेत्र के लिए मनुलाइफ से मिलाया हाथ

**भारत में 50:50 के अनुपात में जीवन बीमा उद्यम स्थापित करेंगे**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने मनुलाइफ के साथ 50:50 अनुपात में जीवन बीमा संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए समझौता करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसमें दोनों साझेदारों की ओर से 3,600-3,600 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है।

महिंद्रा समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) अनीश शाह ने कहा कि दोनों साझेदार एक



ऐसा व्यवसाय बनाना चाहते थे जिसका मूल्यांकन 10 वर्ष में 18,000 करोड़ रुपये से 30,000 करोड़ रुपये के बीच हो सके।

सीईओ ने ऑनलाइन आयोजित सम्मेलन में कहा, " अब, हम मानते हैं कि इसे हासिल किया जा सकता है..." यह नया उद्यम भारत में महिंद्रा और कनाडा की जवीन बीमा कंपनी मनुलाइफ की मौजूदा उपस्थिति को मजबूत करेगा। साथ ही यह दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक में ग्राहकों की वित्तीय कल्याण को बढ़ाने में उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा।

मुंबई स्थित कंपनी ने बयान में कहा कि प्रत्येक शेयरधारक की कुल पूंजी प्रतिबद्धता 3,600 करोड़ रुपये तक है।

# भारत के पीवीसी रेजिन आयात में कैंसरकारी तत्व की मौजूदगी

**सेंटर फॉर डोमेस्टिक इकॉनमी पॉलिसी रिसर्च ने जारी की रिपोर्ट**
**वैश्विक सुरक्षा सीमा से पांच गुना अधिक कैंसरकारी तत्व**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सेंटर फॉर डोमेस्टिक इकॉनमी पॉलिसी रिसर्च (सी-डीईपी डॉट इन) की एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को कहा गया है कि भारत को खराब गुणवत्ता वाले पीवीसी रेजिन के आयात से सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है, जिसमें वैश्विक सुरक्षा सीमा से पांच गुना अधिक स्तर तक के कैंसरकारी तत्व शामिल हैं। आईआईटी दिल्ली में जारी की गई इस रिपोर्ट से पता चला है कि आयातित पीवीसी रेजिन में उच्च स्तर के अवशिष्ट विनाइल क्लोराइड मोनोमर (आरवीसीएम) होते हैं, जिसे अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी द्वारा श्रेणी वन ए कार्सिनोजेन के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

पीवीसी वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है, जिसका व्यापक उपयोग जल, स्वच्छता, सिंचाई, स्वास्थ्य सेवा, निर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में होता है।रिपोर्ट में कहा गया कि पीवीसी रेजिन पर सरकार का प्रस्तावित गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ), जिसे पहली बार अगस्त, 2024 में अधिसूचित किया गया था, तीन बार स्थगित किया जा चुका है और अब इसे दिसंबर, 2025 में लागू किया जाना है। सी-डीईपी.इन के अध्यक्ष डॉ. जयजीत भट्टाचार्य ने कहा, "नरेन्द्र मोदी सरकार गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को अपनाकर शून्य दोष, शून्य प्रभाव की नीति को आगे बढ़ा रही है। सरकार का यह नीतिगत कदम उपभोक्ता सुरक्षा और औद्योगिक मानकों को मजबूत कर रहा है, साथ ही भारत से विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले निर्यात को बढ़ावा दे रहा है।" घरेलू उद्योगों की सुरक्षा को मिले प्राथमिकता शर्मा ने कहा, "स्वदेशी जागरण मंच एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। हम घरेलू उद्योगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करने पर केंद्रित हैं।"

## यामाहा ने पेश किए बाजार में चार नए स्कूटर

# सिर्फ 15 रुपए के चार्ज में 106 किमी दौड़ेगी यामाहा की स्कूटर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यामाहा मोटर कंपनी ने हाल ही में चार नए प्रोडक्ट पेश किए हैं- एक्सएसआर155 नियो-रेट्रो रोडस्टर, एफजेड-रेव, और दो इलेक्ट्रिक स्कूटर – एरॉक्स इलेक्ट्रिक और ईसी- यामाहा एक्सएसआर155 की शुरुआती कीमत 1.50 लाख रुपए रखी गई है, जबकि यामाहा एफजेड-रेव की कीमत 1.17 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) है।

यामाहा एरॉक्स इलेक्ट्रिक और ईसी-06 इलेक्ट्रिक स्कूटर ने ऑफिशियल डेब्यू किया है और 2026 की पहली तिमाही में शोरूम में उपलब्ध होंगी। कंपनी का दावा है कि यामाहा एरॉक्स इलेक्ट्रिक सिंगल चार्ज में 106 किमी की रेंज ऑफर करता है।

## यामाहा एफजेड-रेव की एक्स शोरूम कीमत 1.17 लाख रुपए रखी गई

### डुअल 1.5केडब्ल्यूएच रिमूवेबल बैटरी

यामाहा एरॉक्स इलेक्ट्रिक में डुअल 9.5केडब्ल्यू/48एनएम इलेक्ट्रिक मोटर है, जो डुअल 1.5केडब्ल्यूएच रिमूवेबल बैटरियों के साथ आता है। इन बैटरी पैक्स में 'हाई एनर्जी टाइप सेल्स' का उपयोग किया गया है जो बेहतर प्रदर्शन ऑफर करते हैं। यह 106 किमी की रेंज देता है और इसमें 4 राइडिंग मोड्स-इको, स्टैंडर्ड, पावर और बूस्ट हैं। ब्रेकिंग सिस्टम में फ्रंट और रियर डिस्क ब्रेक्स हैं, जो एबीएस से पावर्ड हैं।



### बॉक्सी स्टांस

नया ईसी-06 इलेक्ट्रिकस्कूटर रिवर इंडी की तुलना में ज्यादा बॉक्सी दिखता है। इसके कुछ प्रमुख हाइलाइट्स में एक कलर एलईडी डिस्प्ले, यूएसबी चार्जिंग, टेलिस्कोपिक फ्रंट फोर्क, ट्विन रियर शॉक्स और 14-इंच के फ्रंट और रियर व्हील्स शामिल हैं।

**14-15 रुपए में हो जाएगा चार्ज**

चूंकि इस स्कूटर में 1.5केडब्ल्यूएच बैटरी का इस्तेमाल किया जाता है. एक 2केडब्ल्यूएच की बैटरी आमतौर पर फुल चार्ज होने में 2 से 2.5 यूनिट तक पावर इस्तेमाल करती है। इस हिसाब से करीब 1.75 यूनिट से 2 यूनिट तक पावर की खपत करेगी। मान लेते हैं आपके शहर में प्रति यूनिट कीमत 7 रुपए है।

**पश्चिम मध्य रेल**

यांत्रिक शाखा खुली निविदा, Dated 10/11/2025
निविदा सूचना क्र. JBP-M-Tender-26-2025,
निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता फ्रेट/नकज, आर.ओ.एच. डिपो नकज, पश्चिम मध्य रेल, द्वारा अमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना कमांक दिनांक : JBP-M-Tender-26-2025, Dated 10/11/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : सी एंड डब्ल्यू एन.के.जे में सामग्री हैंडलिंग उपकरण का संचालन, **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये** : 9042615.85, **बयाना राशि रुपये** : 180900.00, **समापन की अवधि** : 12 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय** : 02.12.2025 15:00 Hrs., उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http:ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक),
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निर्देशात्मक सूचना**

क्र.पी/एनएजी/आरसीटी/2024/10
दिनांक 12.11.2025
द.पू.म.रेलवे, नागपुर मंडल में संविदा चिकित्सा प्रैक्टिशनर्स (फिजिशीयन-जनरल मेडिसीन) का एंगेजमेंट

द.पू.म. रेलवे, नागपुर मंडल में पूर्णकालिक संविदा चिकित्सा प्रैक्टिशनर्स (**फिजिशीयन-जनरल मेडिसीन**) विशेषज्ञ के एक (01) पद पर उम्मीद्वार के एंगेजमेंट के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार" **गुगल मीट " दिनाँक 05.12.2025 (शुक्रवार) को 11.45 बजे** से आयोजित किया जाएगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **03.12.2025** है। पात्रता की शर्ते एवं अन्य विवरण द.पू.म. रेलवे की वेबसाइट **https://secr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध हैं।
पथ निम्नानुसार है: -
**Recruitment/News/Press Release > Recruitment > Nagpur Division> Fresh engagement of CMPs (Physician-General Medicine)**

मंडल कार्मिक अधिकारी
कृते वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी
द.पू.म. रेलवे, नागपुर
AAA/39/180

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सुगम्य भारत अंतर्गत लिफ्ट के सिविल कार्यों हेतु ई-निविदा सूचना**

सीपीएम, जीएसयू, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:
**निविदा सूचना क्रमांक:** CPM-GSU-24-NAG-2025-26
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के भंडारा रोड (BRD), तुमसर रोड (TMR), और गोंदिया (G), स्टेशनों पर सुगम्य भारत अभियान (द्वितीय चरण) के अंतर्गत लिफ्टों के प्रावधान के लिए सिविल कार्यों का निष्पादन।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,89,50,204/-
**बयाना राशि:** ₹ 2,44,800/-
**निविदा सूचना क्रमांक:** CPM-GSU-25-NAG-2025-26
**कार्य का नाम:** नागपुर मंडल के कामठी (KP) स्टेशन पर सुगम्य भारत अभियान (द्वितीय चरण) के अंतर्गत लिफ्टों के प्रावधान के लिए सिविल कार्य का निष्पादन।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 45,31,669/-
**बयाना राशि:** ₹ 90,600/-
बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियाँ दिनांक **01.12.2025** के **15:00** बजे तक ही प्रस्तुत कर सकेंगे.
इन निविदाओं के अंतर्गत मैन्युअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और प्राप्त सभी मैन्युअल ऑफर्स को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।


उप मुख्य अभियंता-जीएसयू,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
AIM/36-174

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

चिंतन

# शिक्षा के मंदिर पर कैसे पड़ा आतंक का साया

स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय शिक्षा के मंदिर होते हैं जो हमें सांसारिक शिक्षा व बौद्धिक ज्ञान के साथ संस्कार भी देते हैं। वैसे भी हमारी शिक्षा विश्व भर में सर्वश्रेष्ठ रही थी। इसलिए भारत को विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित किया गया था। विश्वभर के लोग, भारत में शिक्षा ग्रहण एवं अध्ययन करने आते थे। हमारे पूर्वज शिक्षित और ज्ञानवान थे। भारतीय ज्ञान, परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर, भारतीय समाज में परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित हुई हैं। भारतीय समाज, विशुद्ध रूप से वैज्ञानिक दृष्टिकोणधारक समाज है। इसके पीछे हमारी शिक्षा व्यवस्था ही है। आज भी स्कूल, कोचिंग, विश्वविद्यालय समाज का सहयोग करने, नई पीढ़ी को सही और गलत का अंतर सिखाने में अहम भूमिका निभाते हैं। क्योंकि यही वे लोग हैं जो हमारे देश का भविष्य बनेंगे और उनके लिए यह जानना बेहद ज़रूरी है कि वे किसी परिस्थिति का विश्लेषण कैसे करेंगे और उसे कैसे संभालेंगे। पहले, शिक्षा भक्ति, विचार और संस्कृति से प्रेरित होती थी, जिसमें व्यवसाय और सीखने जैसी चीज़ों पर ज़ोर दिया जाता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। यह सच नहीं रहा कि स्कूल और कॉलेज, विश्वविद्यालय ही वो जगहें हैं जहां छात्रों को परिपक्व, सफल और ईमानदार इंसान बनने के लिए उचित माहौल मिलता है। वे पटरी से उतर गए हैं। किसी न किसी तरह वे अपनी राह से भटक गए हैं। इन संस्थानों में अनेक तरह की बुराइयां जन्म ले रही हैं। अब फरीदाबाद के मुस्लिम बहुल गांव धौज में बनी अल फलाह यूनिवर्सिटी को ही लें। दिल्ली ब्लास्ट के बाद ये विश्वविद्यालय टेरर मॉड्यूल से जुड़े डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में है। केंद्र सरकार ने इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट को यूनिवर्सिटी के फंडिंग की जांच के आदेश दे दिए हैं। अब तक यूनिवर्सिटी के तीन डॉक्टर डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. शाहीन सईद और डॉ. उमर नबी का नाम दिल्ली धमाके में आ चुका है। दिल्ली धमाके में डॉ. उमर की मौत हो चुकी है। डॉ. निसार-उल-हसन, जो मेडिसिन डिपार्टमेंट में प्रोफेसर थे, इन्हें 2023 में जम्मू-कश्मीर के एलजी द्वारा टेरर लिंक्स के लिए बर्खास्त किया गया था, फिर भी यहां भर्ती कैसे हो गए। क्या विवि ने उनके पूर्व कार्यकाल की जांच तक करना भी जरूरी नहीं समझा। बताया जा रहा है कि वर्ष 1995 में स्थापित अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित इस विश्वविद्यालय की शुरुआत 1997 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। 2013 में अल-फलाह इंजीनियरिंग कॉलेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से मान्यता प्राप्त हुई। अल-फलाह मेडिकल कॉलेज भी इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध है। दिल्ली ब्लास्ट के बाद 76 एकड़ में फैला यह विश्वविद्यालय जांज एजेंसियों के निशाने पर है। हर पहलू की जांच हो रही है। यह तो जांच के बाद पता लगेगा कि विवि प्रशासन कसूरवार है या नहीं, लेकिन इतना तो तय हो गया है कि इसी शिक्षा के मंदिर में आतंकवाद का सांप पल रहा था, जिसने देश की राजधानी में 18 जिंदगियों को लील लिया। सरकार को ऐसे ही अन्य संस्थानों की कड़ी निगरानी करनी होगी जहां युवा पीढ़ी राह भटक रही है।



बिहार चुनाव
प्रमोद भार्गव

# चुनावी पूर्वानुमानों में राजग को बहुमत

**बिहार में आजादी के बाद जो ऐतिहासिक मतदान हुआ है, वह सभी परंपराओं को नकारते हुए जदयू-भाजपा को एक बार फिर सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रहा है। बिहार में पहले चरण में 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। हालांकि कभी भी एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसलिए जिन दलों के विरुद्ध अनुमान गए हैं, उन्हें 14 नवंबर को वास्तविक परिणाम नहीं आने तक निराश होने की जरूरत नहीं है। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण एक नया विषय है। पेड न्यूज के सिलसिले में तो मीडिया पहले ही अपना विश्वास खो चुका है और अब पेड ओपिनियन और एग्जिट पोल खालिस मुनाफाखोरी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।**

बिहार विधानसभा चुनाव में हुए ऐतिहासिक मतदान के बाद आए पूर्वानुमानों ने राजग गठबंधन को स्पष्ट बहुमत से जीत दिला दी है। सभी अनुमान बता रहे हैं कि राजग को आसानी से 122 के जरूरी बहुमत के आंकड़े को पार करते हुए 140 से 150 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, महागठबंधन 84 सीटों पर सिमटता दिख रहा है। भाजपा को सबसे ज्यादा 75 सीटें मिलने का दावा है। जबकि वोट चोरी के आरोप को मुद्दा बनाने में लगे रहे राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस को 22 सीटों पर सिमटता दिखाया जा रहा है। प्रशांत किशोर जो बड़ी उम्मीद के साथ बिहार में नई पार्टी जनसुराज का निर्माण कर दो साल से जोर-शोर से प्रचार करते हुए बिहार की बुनियादी समस्याओं को उभार रहे थे, उन्हें चुनावी सर्वेक्षणों ने मात्र 1 से 3 सीटें मिलते दिखाया है। यानी बिहार का मतदाता फिलहाल बुनियादी मुद्दों के निदान के पक्ष में दिखाई नहीं दे रहा है।

बिहार में आजादी के बाद जो ऐतिहासिक मतदान हुआ है, वह सभी परंपराओं को नकारते हुए जदयू-भाजपा को एक बार फिर सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रहा है। बिहार में पहले चरण में 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। हालांकि कभी भी एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसलिए जिन दलों के विरुद्ध अनुमान गए हैं, उन्हें 14 नवंबर को वास्तविक परिणाम नहीं आने तक निराश होने की जरूरत नहीं है। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण एक नया विषय है। यह 'सेफोलॉजी' मसलन जनमत सर्वेक्षण विज्ञान के अंतर्गत आता है। भारत के गिने-चुने विश्वविद्यालयों में राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम के तहत सेफोलॉजी को पढ़ाने की शुरुआत हुई है। जाहिर है, विषय और इसके विशेषज्ञ अभी अपरिपक्व अवस्था में हैं। परिपक्व चुनाव विश्लेषक के रूप में अब तक योगेन्द्र यादव और फिर प्रशांत किशोर को माना जाता रहा है। इस नजरिए से यादव और किशोर का सम्मान और विश्वसनीयता भी जनता में बरकरार थे, लेकिन बाद में राजनीति से सीधे जुड़ने के बाद वे सर्वे के अनुमानों से बाहर हैं। सर्वेक्षणों पर शक की सुई इसलिए भी जा ठहरती है कि पिछले कुछ सालों में निर्वाचन-पूर्व सर्वेक्षणों की बाढ़ सी आई हुई है। इनमें तमाम कंपनियां ऐसी हैं, जो धन लेकर सर्वे करती हैं। गोया, छोटे पर्दे पर नतीजे इकतरफा नहीं आने के क्रम में कांग्रेस प्रवक्ता सुष्मिता देव ने एजेंसियों के सर्वेक्षण पर तंज कसते हुए कहा था कि इन्हें अभी और सीखने की जरूरत है, जिससे परिणाम परिपक्व दिखें। चूंकि कई बार अनुमान सटीक नहीं बैठे, बावजूद एजेंसियों ने कभी दलों और मतदाताओं से विनम्रता के साथ माफी नहीं मांगी। बेबाकी के लिए मशहूर दिग्विजय सिंह ने तो यहां तक दावा किया था कि 'धन देकर पार्टियां अपने अनुकूल सर्वे करा लेती हैं।' इसे नकारने की बजाय, गंभीरता से लेने की जरूरत है। दिग्विजय सिंह की यह बात भरोसा करने वाली है कि सर्वे संस्थान धन लेकर जनमत सर्वेक्षण करने में लगे हैं। वैसे भी किसी भी प्रदेश के करोड़ों मतदाताओं की मंशा का आकलन महज कुछ हजार मतदाताओं की राय लेकर सटीक नहीं जानी जा सकती है। कभी-कभी ये अटकलें खरी उतर जाती हैं। ओपिनियन पोल मतदाता को गुमराह कर निष्पक्ष चुनाव में बाधा बन रहे हैं। इसीलिए पूर्व महाधिवक्ता गुलाम ई वाहनवती ने केंद्र सरकार को निर्वाचन पूर्व सर्वेक्षणों पर रोक लगाने की सलाह दी थी। वैसे भी ये सर्वेक्षण वैज्ञानिक नहीं हैं, क्योंकि इनमें पारदर्शिता की कमी है और ये किसी नियम से बंधे नहीं हैं। साथ ही ये सर्वे कंपनियों को धन देकर कराए जा सकते हैं। बावजूद इन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ढोया जा रहा है। जबकि ये पेड न्यूज की तर्ज पर 'पेड ओपिनियन पोल' में बदल गए हैं। इसीलिए इसके परिणाम भरोसे के तकाजे पर खरे नहीं उतरते। सर्वे कराने वाली एजेंसियां भी स्वायत्त होने के साथ जवाबदेही के बंधन से मुक्त हैं। गोया, इन पर भरोसा कैसे किया जाए? दरअसल चुनाव आयोग ने 21 अक्टूबर 2013 को सभी राजनीतिक दलों को एक पत्र लिखकर, चुनाव सर्वेक्षणों पर राय मांगी थी। दलों ने जो जवाब दिए, उससे मत भिन्नता पेश आई। वैसे भी बहुदलीय लोकतंत्र में एकमत की उम्मीद बेमानी है। जाहिर है, कांग्रेस ने सर्वेक्षण निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले बताए थे। बसपा ने भी असहमति जताई थी। माकपा की राय थी कि निर्वाचन अधिसूचना जारी होने के बाद सर्वेक्षणों के प्रसारण और प्रकाशन पर प्रतिबंध जरूरी है। तृणमूल कांग्रेस ने आयोग के फैसले का सम्मान करने की बात कही थी। जबकि भाजपा ने इन सर्वेक्षणों पर प्रतिबंध लगाना संविधान के विरुद्ध माना था। दरअसल ज्यादातर चुनाव सर्वेक्षण भाजपा के पक्ष में आते रहे हैं। भाजपा ने तथ्य दिया था कि सर्वेक्षणों में दर्ज मतदाता या व्यक्ति की राय भाषण या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार क्षेत्र का ही मसला है। तय है, दलों की दलीलें अलग-अलग रुझान, भ्रम और गुमराह की मनस्थिति पैदा करने वाली थीं, इसलिए आयोग भी हाथ पर हाथ धरे बैठा रह गया। राजनैतिक दलों और सर्वेक्षण कंपनियों के जो पैरोकार इन सर्वेक्षणों को अभिवयक्ति की स्वतंत्रता के बहाने जारी रखने की बात कह रहे हैं, उन्हें सोचने की जरुरत है कि संविधान के अनुच्छेद 19-



1 में दर्ज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की आजादी के मौलिक अधिकारों के प्रावधानों का दुरुपयोग भी हुआ है। हर एक चुनाव में पेड न्यूज के जरिए दलों और उम्मीदवारों का प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मिडिया ने कितना आर्थिक दोहन किया, यह सक्रिय राजनीति और पत्रकारिता से जुड़ा हर व्यक्ति जानता है ? दरअसल संविधान की मूल भावना, 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' की ओट में ही मीडिया का उम्मीद से ज्यादा व्यवसायीकरण हुआ है। मीडिया में मीडिया से इतर व्यवसाय वाली कंपनियों ने बड़ी पूंजी लगाकर प्रवेश किया और देखते-देखते मीडिया के अनेक निष्पक्ष स्वायत्त घरानों, मंचों, पत्रकार समितियों व संस्थानों पर कब्जा कर लिया। नतीजतन मीडिया पर स्वामित्व मुट्ठी भर लोगों का हो गया। इसी का परिणाम है कि भूमि, खनिज, शराब और चिटफंड कंपनियों का भारतीय मीडिया पर एकाधिकार हो गया है। जाहिर है, पेड न्यूज के सिलसिले में तो मीडिया पहले ही अपना विश्वास खो चुका है और अब पेड ओपिनियन और एग्जिट पोल खालिस मुनाफाखोरी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

बाल दिवस विशेष
डा. रमेश ठाकुर



# बालमन को समझने वाला चाहिए एक और 'चाचा'

बाल समस्याओं की भरमार है। कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिन्हें समझने वाले और महसूस करने वालों का अकाल है। आज 'बाल दिवस' है जिसका सीधा संबंध पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू उर्फ चाचा से है। पर, ज्यादातर ये नहीं जानते कि नेहरू जी आखिर बच्चों के 'चाचा' बने कैसे? इस रहस्य से अधिकांश अनभिज्ञ है। वैसे, 'बाल दिवस' आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। जबकि, ये दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत 20 नवंबर को पूरे विश्व भर में मनाया जाता है। साल 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद, भारतीय संसद में उनके जन्मदिन को देश में आधिकारिक तौर पर 'बाल दिवस' के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव एकमत से जारी किया गया। क्योंकि वह बच्चों के नितांत प्रिय हुआ करते थे। उनका बच्चों के प्रति लगाव देखने लायक था। सन् 1954 में, संयुक्त राष्ट्र की ओर से 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस घोषित किया गया था। पर, भारत ने इस दिवस को 14 नवंबर यानी पंडित नेहरू के जन्मदिन पर मनाने का निर्णय लिया। हिंदुस्तान में इस दिन को बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण देना और उनकी शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर केंद्रित होता है। बच्चों के प्रति बढ़ते अत्याचार, बाल श्रम, और शिक्षा की कमी जैसी समस्याओं पर जागरूकता निरंती फैलती रहनी चाहिए। बच्चों को बचपन में सही मार्गदर्शन और प्यार दिया जाना चाहिए। सभी के बच्चे बिना किसी भेदभाव के स्वतंत्र रूप से सीखने और बढ़ने का अधिकार रखते हैं। पंड़ति नेहरू की जैसे ही नजर बच्चे के रोने पर पड़ी, उन्होंने अपना भाषण रूकवाया और तुरंत अपने अंगरक्षक जोगेंद्र सिह को बच्चा और उसकी मां को मंच पर लाने को कहा, मां अपने बच्चे के साथ जैसे ही मंच पर चढ़ी, नेहरू ने आगे बढ़कर स्वंय बच्चे को अपने गोद में उठा लिया। बच्चा पंड़तिजी की गोद में जाते ही चुप हो गया और उनके जेब में लगे पेन से खेलने लगा। बच्चे के प्रति नेहरू के प्यार-स्नेह को देखकर सभा में उपस्थित लोग अचंभित हो गए और उसी समय से लोगों ने उन्हें 'चाचा' कहना शुरू कर दिया। बच्चों के प्रति उनकी उदारता, दयालुपन, स्नेहभाव और दीवानगी की ललक हम सभी में भी जगे, उसी मकसद को आज का ये खास दिवस पूरा करता है। बच्चे से प्यार तो हर कोई करता है। पर, नेहरू का प्यार बेशकीमती, अद्भुत, चमत्कारी होता था। रोते हुए बच्चे भी उनके सम्मुख जाकर एकाएक चुप हो जाते थे। बच्चों को चुप कराने की उनके पास पता नहीं कौनसी अद्भुत कला थी, जो सभी आश्चर्यचकित करती थी। सालाना हिंदुस्तान में 'बाल दिवस' बड़े उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। ये दिवस बच्चों को ढेर सारा स्नेह, उपहार और लाड-प्यार देने को समर्पित होता है। जवाहरलाल नेहरू शुरू से बच्चों के अधिकारों और एक शिक्षा प्रणाली के पक्षधर और समर्थक रहे थे। वह प्रत्येक बच्चे को देश का आने वाला भविष्य कहते थे, बच्चा बेशक कितना भी नटखट क्यों न हो, वह उनकी भी भरपूर सराहना करते थे। फूलपुर की चुनावी सभा में नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषणों में एक बार कहा था कि बच्चे बगीचे में कलियों की तरह होते हैं और उनका सावधानीपूर्वक और प्यार से पालन-पोषण करना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। मौजूदा वक्त में जिस बेहिसाब से समूचे देश के नौनिहालों के प्रति अत्याचार, विभिन्न किस्म की समस्याएं और अपराध बढ़े हैं, वो अगर जिंदा होते तो बहुत दुखी होते। एनसीआरबी की सालाना रिपोर्ट बच्चों के गायब होने के जो आंकड़े प्रस्तुत करती है, वो निश्चित रूप से डरावने होते हैं। तमाम हुकूमती कोशिशों के बावजूद बाल समस्याएं रुकने का नाम नहीं लेती। बाल दिवस के मौके पर आज देशभर के स्कूलों में गायन, निबंध, वाद-विवाद, खेलकूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। दरअसल, 'नेशनल बाल दिवस' पं. नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि देने का भी दिन कहा जाता है, जो उसके हकदार भी हैं। नेहरू बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते थे। साथ ही वह अक्सर नौनिहालों को मुल्क का सबसे कीमती संसाधन के रूप में भी संदर्भित करते थे। इसलिए, अपने युवा नागरिकों के जीवन की बेहतरी के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस दिवस के जरिए बच्चों में खुशियां, उनके अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए जागरूकता भी फैलाई जाती है। बच्चों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और शिक्षा से भरपूर जीवन देने के लिए आज सभी को संकल्पित भी होना चाहिए।

(लेखक बाल संरक्षण कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है।

## शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित
प्रेरणा

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा-'तुम हँसे क्यों ? हँसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों पर विपरीत असर डालता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। *- राजेश सोनी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### भारत-नेपाल रेल संपर्क



भारत और नेपाल के बीच विनिमय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, इससे दोनों देशों के बीच रेल व्यापार संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री अनिल कुमार सिन्हा के साथ मेरी द्विपक्षीय बैठक के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

### टीबी मुक्त भारत अभियान




टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से, हमारा देश शीघ्र पहचान, आधुनिक निदान और सामुदायिक भागीदारी में नए मानक स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी टीबी उन्मूलन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### ईवी बस सेवा



दिल्ली से सोनीपत तक नई अंतरराज्यीय बस सेवाओं की शुरुआत हमारे जन-सुविधा के संकल्प को और मजबूत बनाती है। ये आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल ईवी बसें राजधानी और हरियाणा के बीच यात्रा को और अधिक सहज, तेज़ और भरोसेमंद बनाएंगी।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### नवीकरणीय ऊर्जा



कल्पना कीजिए कि आपके पास 6-लेन का राजमार्ग है, जिसका एक हिस्सा केवल दो लेन का है। वहां ट्रैफिक जाम होगा, राजमार्ग पर गति का लाभ खो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में यही हो रहा है।
**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

## करंट अफेयर

### लंदन में भारतीय रेस्तरां को बचाने ब्रिटिश शेफ आगे आएं



ब्रिटेन के कुछ प्रमुख खानसामा बृहस्पतिवार को लंदन के सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां में से एक 'वीरास्वामी' को बचाने की मुहिम में शामिल हुए। इस रेस्तरां के पट्टे को लेकर गतिरोध पैदा हो गया है जिससे रीजेंट स्ट्रीट से इसे हटाए जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। 'द टाइम्स' में प्रकाशित एक खुले पत्र में, साइरस टोडीवाला, रेमंड ब्लैंक और मिशेल रूक्स जैसे जाने-माने शेफ और रेस्तरां मालिकों ने विक्ट्री हाउस के मालिक क्राउन एस्टेट से अपील की है कि वह 'जिम्मेदारी से काम करें'। विक्ट्री हाउस में अप्रैल 1926 से लगभग 100 वर्षों से यह रेस्तरां स्थित है। गत गर्मियों में, 'वीरास्वामी' के मालिक एमडब्ल्यू ईट को सूचित किया गया कि उनके पट्टे का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा, क्योंकि क्राउन एस्टेट भवन की ऊपरी मंजिलों पर स्थित कार्यालयों के लिए भूतल के स्वागत क्षेत्र का विस्तार करना चाहता है। खानसामों ने पत्र में लिखा, 'ऐसे रेस्तरां को कार्यालय में परिवर्तित करना अनुचित होगा। इससे लंदन के रेस्तरां परिदृश्य और हमारी पर्यटन अर्थव्यवस्था, जो शहर के अद्वितीय और विविध स्थलों पर फलती-फूलती है, दोनों के लिए एक गंभीर क्षति होगी।'


## ऑफ बीट

### मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?



हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल-कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला-आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



## दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' से चर्चा में हैं। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से जुड़ा नया पोस्टर साझा किया है। इसमें वो महिमा चौधरी के साथ रोमांटिक अंदाज में दिख रहे हैं। दोनों कलाकार एक-दूसरे की तरफ पीठ करके बैठे हुए हैं और दोनों किताबें पढ़ने में लगे हुए हैं। इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, 'हो ले जाएंगे ले जाएंगे, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे। अरे रह जाएंगे रह जाएंगे, पैसेवाले देखते रह जाएंगे।' इस पोस्ट के सामने आते ही सोशल मीडिया पर नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं।

लाइफ Style



# प्रियंका

## साड़ी पहन हाथ में बंदूक लिए छा गईं देसी गर्ल

एसएस राजामौली की फिल्म 'ग्लोब ट्रोटर' से प्रियंका चोपड़ा का फर्स्ट लुक रिवील कर दिया गया है। इस फिल्म में पीसी मंदाकिनी के रोल में नजर आएंगी। पीले रंग की साड़ी में बुलेट से घिरी हुई प्रियंका हाथ में बंदूक थामे हुए हैं। वो फैंस के बीच छा गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा जल्द ही बॉलीवुड में कमबैक करने वाली हैं। वो एसएस राजामौली की फिल्म में मंदाकिनी के रोल में नजर आएंगी। इस फिल्म से उनका फर्स्ट लुक बुधवार को रिवील कर दिया गया है। पीले रंग की साड़ी में और हाथ में बंदूक लिए वो छा गई हैं। प्रियंका चोपड़ा ने राजामौली की फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'वो दिखने से कहीं बढ़कर हैं... मंदाकिनी को हैलो कहें... 'ग्लोब ट्रोटर'। प्रियंका के पोस्ट पर उनके पति निक जोनस ने भी कॉमेंट किया है। उन्होंने कॉमेंट सेक्शन में लिखा- अविश्वसनीय! आर माधवन ने लिखा- वाह वाह वाह वाह एंडी शानदार... क्या लुक और क्या इम्पैक्ट है। आप दिन-ब-दिन अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। असीस कौर ने लिखा- देसी गर्ल मंदाकिनी। जाकिर खान ने लिखा- क्वीन। जोया अख्तर से लेकर भूमि पेडनेकर, जेमी लीवर, रणवीर सिंह ने भी प्यार लुटाया है। प्रियंका से पहले मेकर्स ने पृथ्वीराज सुकुमारन का लुक जारी किया था। वो इस फिल्म में कुंभा के रोल में नजर आएंगे। उनके लुक से जाहिर होता है कि वो शरीर से तो दिव्यांग हैं, लेकिन उनका दिमाग तेज है। वो एक ऐसी चेयर पर हैं, जिसके चार हाथ भी हैं।

### हॉलीवुड मसाला




## हैरी पॉटर टीवी सीरीज की शूटिंग जारी

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ एक नई 'हैरी पॉटर' टीवी सीरीज ला रहा है। इसका निर्माण शुरू हो गया है। साल 2027 में सीरीज के रिलीज होने की उम्मीद है। इसमें मुख्य कलाकारों के लिए नए कलाकारों को चुना गया है। हाल ही में सीरीज के कलाकारों की सेट से तस्वीरें सामने आई हैं। 'हैरी पॉटर' टीवी सीरीज के कलाकारों की तस्वीरें इंग्लैंड के एश्रिज एस्टेट से सामने आई हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कई कलाकार सेट के आस-पास घूमते नजर आए। यहां डोमिनिक मैकलॉघलिन को भी देखा गया जो सीरीज में हैरी पॉटर का किरदार निभा रहे हैं।




## बड़े-बड़े कलाकारों के साथ किया था काम

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी मशहूर कॉमेडियन जिमी किमेल शो के बैंड लीडर क्लेटो एस्कोबेडो III का 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कॉमेडियन ने अपने दोस्त को याद करते हुए भावुक नोट लिखा है। क्लेटो एक्सकोबेडो सैक्सोफोन वादक थे। वो जिमी किमेल ने के शो में बैड लीडर के रूप में मौजूद थे। क्लेटो लास वेगास में पले-बढ़े और क्लेटो की मुलाकात जिमी किमेल से बचपन में हुई थी, और दोनों एक-दूसरे के घर के सामने रहने वाले थे, जिस कारण से दोनों करीबी दोस्त बन गए। इतना ही नहीं, दिवंगत क्लेटो ने बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम किया था। जिमी किमेल के लंबे समय के दोस्त और उनके शो के बैंड लीडर क्लेटो एस्कोबेडो III का 59 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। कॉमेडियन ने एक भावुक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने दोस्त के निधन की खबर की पुष्टि की।



## दे दे प्यार... की रिलीज से पहले लिया आशीर्वाद


**मुंबई।** रकुल प्रीत सिंह अपनी नई फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' की रिलीज से पहले गुरुवार को मुंबई के दादर में सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणपति का आशीर्वाद लिया। इस दौरान रकुल का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। रकुल ने सिद्धिविनायक मंदिर में बप्पा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान रकुल पीले रंग के सूट में बेहद प्यारी दिखीं। मंदिर से बाहर निकलकर उन्होंने पैपराजी से बात की और उन्हें प्रसाद दिया और दाहिने हाथ से प्रसाद लेने को कहा। रकुल का यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। 'दे दे प्यार दे 2' में रकुल के अलावा अजय देवगन और आर. माधवन अहम भूमिका में हैं। रकुल इस फिल्म में अजय देवगन के किरदार की प्रेमिका आयशा खुराना की भूमिका निभा रही हैं।



## बदतमीज दिल गाने पर जमकर थिरके...

**मुंबई।** इंटरनेट पर वायरल हो रहे वीडियो में बॉलीवुड के खूबसूरत कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट किसी कार्यक्रम में पहंचे हैं। इस इवेंट के दौरान दोनों एक्टर्स स्टेज पर फिल्म 'ये जवानी है दिवानी' के गाने 'बदतमीज दिल' पर जमकर झूमते नजर आ रहे हैं। वीडियो में एक्ट्रेस सफेद रंग की ड्रेस पहने दिख रही हैं, तो अभिनेता काले रंग के कोट-पैंट में नजर आ रहे हैं। इसके अलावा कुछ और वीडियो उसी इवेंट से सामने आ रहे हैं। रणबीर और आलिया एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। दोनों संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म 'लव एंड वॉर' में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म क्लासिक फिल्म 'संगम' से प्रेरित बताई जा रही है। इसमें विक्की कौशल भी अहम भूमिका में होंगे और फिल्म 2026 में रिलीज होने की संभावना है।

### टीवी मसाला



## टीआरपी लिस्ट जारी, अनुपमा और तुलसी के बीच कड़ा मुकाबला

**नई दिल्ली।** 44वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा' ने अपना दबदबा कायम रखा है। इस हफ्ते भी सीरियल टॉप पर रहा। 'अनुपमा'सीरियल को 2.1 की टीआरपी मिली है। वहीं, सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' दूसरे नंबर पर है। सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को 44वें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली है। तीसरे स्थान पर 'उड़ने की आशा'और चौथे नंबर पर 'तुम से तुम तक'सीरियल है। दोनों सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पांचवे नंबर पर है। इस बार इस सीरियल को 1.7 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल लगभग 17 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। सलमान खान शो 'बिग बॉस 19' को होस्ट करते हैं। सलमान के स्वैग के बावजूद यह शो इस बार दर्शकों को पसंद नहीं आ रहा है। इस बार शो में सिंगर अमाल मलिक, इंफ्लुएंसर तान्या मित्तल, टीवी एक्टर गौरव खन्ना जैसे लोग बतौर प्रतियोगी शामिल हैं। शो में खूब ड्रामा होता है लेकिन इसके बावजूद 44वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसको 1.4 की टीआरपी मिली है।

## सोढ़ी ने धर्मेंद्र के लिए मांगी दुआ



**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में नजर आ चुके गुरुचरण सिंह का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वो धर्मेंद्र के बारे में बातें करते दिख रहे हैं। इस वीडियो में उन्होंने धर्मेंद्र के लिए प्रार्थना करते हुए काफी कुछ कहा है। गुरुचरण सिंह से धर्मेंद्र को लेकर सवाल किया गया जिसपर वो कहते दिख रहे हैं, 'मैंने तो आज पढ़ा कि वो हॉस्पिटल से आ गए वापस।' इसपर सवाल पूछने वाले कहते दिख रहे हैं- हां, वो घर आ गए। इसके बार गुरुचरण सिंह कह रहे हैं- यार, ऐसे टेंशन में मत डालो। मैंने पढ़ा कि हॉस्पिटल से आ गए हैं घर। हम उनके लिए प्रार्थना कर रहे हैं.. वो हमेशा मेरे आइडियल हैं। वो बहुत बढ़िया रहें, फर्स्ट क्लास रहें।' उन्होंने आगे कहा, 'उनको देख-देख कर हम बड़े हुए हैं। उनसे सीख-सीख के हमें लगा कि हमें भी इंडस्ट्री में आना चाहिए। धर्मेंद्र पाजी जल्दी-जल्दी अच्छे हो जाएं और हम फिर से उनसे मिलें।' इस वीडियो पर लोगों ने कुछ कॉमेंट भी किए हैं। एक ने कहा- आप शो में वापस क्यों नहीं आ जाते? वहीं किसी ने पूछा- ये वापस आ गए? बता दें कि हाल ही में गुरुचरण सिंह ने फैन्स को खुशखबरी दी थी।

## धर्मेंद्र का हाल देख अमिताभ टूटे लिखा दिल कचोटने वाला पोस्ट



**मुंबई।** अमिताभ बच्चन 12 नवंबर को धर्मेंद्र के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उन्हें देखने उनके घर पहुंचे थे। धर्मेंद्र का हाल देख अमिताभ और टूट गए और अब सोशल मीडिया पर दिल कचोटने वाला पोस्ट लिखा है। दोस्त धर्मेंद्र की नासाज तबीयत ने अमिताभ बच्चन की भी रातों की नींद उड़ा दी है। दोस्त को देखने और हालचाल लेने के बाद अमिताभ ने एक पोस्ट किया है, जिसमें उनका दुख साफ झलक रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे हर दिन के दुख को झेलने और सर्वाइव करने के लिए हिम्मत चाहिए। अमिताभ ने लिखा, 'सुलह करो, और जो है उससे सुलह करें। जब सुलह से कुछ पैदा न हो...हर दिन एक मुश्किल पल... और उससे निपटने और जीवित रहने के लिए जरूरी ताकत चाहिए।' बाबूजी हरिवंशराय बच्चन की कुछ लाइनें लिखीं। ये थीं- वो किसे दोषी ठहराएं, और किसको दुख सुनाएं, जबकि मिट्टी साथ मिट्टी के करे अन्याय।' धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन की दोस्ती की बात करें, तो इसकी शुरुआत साल 1975 से हुई थी। तब धर्मेंद्र पहले से ही सुपरस्टार थे, और अमिताभ 'एंग्री यंग मैन' बनकर उभरे थे। उस साल अमिताभ और धर्मेंद्र 'शोले' और 'चुपके चुपके' में नजर आए थे। दोनों फिल्में सुपरहिट रही थीं और अमिताभ-धर्मेंद्र की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इसके बाद उन्होंने साथ में कई और फिल्में की थीं।

## लॉस एंजिल्स में हुई होमबाउंड की स्क्रीनिंग साथ नजर आए ईशान और विशाल



**मुंबई।** बॉलीवुड निर्माता-निर्देशक करण जौहर ने अपनी फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर एक खास जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। फिल्म 'होमबाउंड' की स्क्रीनिंग लॉस एंजिल्स में हुई, जिसकी तस्वीरें करण ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर खुशी जाहिर की है। करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर पोस्ट शेयर किया है। करण ने दो तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें 'होमबाउंड' के स्टार विशाल जेठवा और ईशान खट्टर के अलावा कई लोग नजर आ रहे हैं। 'होमबाउंड' दो दोस्तों की कहानी है, जो पुलिस अधिकारी बनने के लिए संघर्ष करते हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक असमानता और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इस फिल्म में विशाल जेठवा और ईशान खट्टर और जान्हवी कपूर ने अहम भूमिका निभाई है। 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक एंट्री के रूप में चुना गया है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा की फिल्म 'होमबाउंड' न्यूयॉर्क टाइम्स के एक निबंध से प्रेरित है।

### सिनेप्रेमियों के लिए बहुत ही शानदार साबित होने वाला है बाल दिवस

# सिनेमाघरों में आज रिलीज होंगी ये शानदार फिल्में

*मुंबई। 14 नवंबर का दिन सिनेप्रेमियों के लिए बहुत ही शानदार साबित होने वाला है। इस दिन थिएटर्स में कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। इस कड़ी में दे दे प्यारे दे 2, कांथा से लेकर द रनिंग मैन जैसी फिल्में शामिल हैं।*

### दे दे प्यार द 2

अजय देवगन और रकुलप्रीत सिंह की फिल्म दे दे प्यार दे 2 सिनेमाघरों में 14 नवंबर को रिलीज होगी। यह फिल्म साल 2019 में रिलीज हुई दे दे प्यार दे की सीक्वल है। इस बार फिल्म में अजय देवगन के साथ आर माधवन, गौतमी कपूर और मीजान जाफरी जैसे नए चेहरे नजर आएंगे।

### कांथा

साउथ अभिनेता दुलकर सलमान की फिल्म कांथा की कल यानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में 1950 का दशक दिखाया गया। जुनूनी फिल्ममेकर अय्या अपने बेटे (दुलकर सलमान) को बचपन से हीरो बनाने की तैयारी करता है। लेकिन, आगे चलकर इस वजह से पिता और बेटे के रिश्ते में दूरी आती है, टकराव बढ़ता है। इस फिल्म में दुलकर सलमान के अलावा समुथिरकानी मुख्य भूमिका में हैं।



**काल त्रिघोरी** : नितिन वैद्य द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म 'काल त्रिघोरी' भी 14 नवंबर को रिलीज होगी। इस हॉरर फिल्म में अरबाज खान मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म भूत-प्रेत और जादू-टोने जैसी चीजों को दिखाती है। फिल्म में राजेश शर्मा, मुग्धा गोडसे और अन्य कलाकार भी होंगे।

### दाउद

तमिल फिल्म 'दाउद' भी 14 सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म में दथो राधारवी, लिंगा, साई धीना, अभिषेक, जयकुमार और शरा अहम रोल में हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि यह फिल्म कैसा प्रदर्शन करती है।

### लव ओटीपी

अभिनेता से निर्देशक बने अनीश तेजेश्वर अपनी दूसरी फिल्म 'लव ओटीपी' के साथ निर्देशन में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस फिल्म में अनीश तेजेश्वर, जाह्नविका कलाकेरी और राजीव कनकला भी मौजूद हैं। यह फिल्म तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज होगी।

### द रनिंग मैन

एडगर राइट के निर्देशन में बनी हॉलीवुड एक्शन थ्रिलर फिल्म 'द रनिंग मैन' भी 14 नवंबर को सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में ग्लेन पॉवेल मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

# कालीमठ आमनपुर के स्वर्णिम 50वें वर्षगांठ समारोह का हुआ भक्तिमय आगाज

## शतचंडी यज्ञ एवं संत समागम चलेगा 19 नवम्बर तक



**जबलपुर।** कालीमठ की स्वर्णिम 50वीं वर्षगांठ के प्रथम चरण में श्री दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज, महंत चंद्रशेखरानंद के सानिध्य में माँ भगवती निरंकार काली की भव्य कलश शोभायात्रा कालीमठ प्रांगण से गंगासागर, गुलौआ चौक, शुक्ला नगर से होती हुई बैंडबाजा, नृत्य संगीत, आध्यात्मिक वेशभूषा के साथ मातृ शक्ति कलश धारण किये हुए शोभायात्रा आध्यात्मिक संस्कृति एवं सनातन धर्म की अलख जगा रही थीं, शोभायात्रा का जगह-जगह सनातन परम्परानुसार भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, दंडी स्वामी नर्मदानंद (रंजीतानंद), महंत रामदास जी, संदीप जैन, पूजा श्रीराम पटेल, रिंकू टांक, कल्लू पूजा रजक, कालीमठ शिष्य परिवार के भैयाराम अवस्थी, पूरन सिंह राजपूत, अनिल उसरेटे, अजय यादव, महेंद्र पहलवान, अजय ग्रोवर, उपस्थित रहे। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीमठ मदनमहल आमनपुर जबलपुर में माँ निरंकार काली के 50वीं स्वर्णिम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर दिनांक 12 नवम्बर से 19 नवम्बर तक शतचंडी यज्ञ प्रातः 8 से 12 बजे एवं 2 बजे से 5 तक एवं प्रतिदिन संध्या 4 बजे से 6 बजे तक संतों की अमृतवाणी का लाभ यज्ञ में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को श्रवण करने का सुअवसर प्राप्त होगा।

## नवधा भक्ति से भी बड़ा भक्ति मार्ग है भागवत श्रवणः नरसिंह देवाचार्य महाराज

**जबलपुर।** श्री नृसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस की पुण्य बेला में जगदगुरु डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान की कथा श्रवण मात्र से जीव का परम कल्याण हो जाता है, नवधा भक्तियों में श्रवण भक्ति को आचार्यों ने सर्वश्रेष्ठ माना है "श्रवणं सर्व धर्मेभ्यो बरं मन्ये तपोधनाः" अतः इस श्रवण मार्ग का आश्रय राजा परीक्षित ने लेकर मोक्ष को प्राप्त किया। महाराज श्री ने अत्यन्त भावपूर्ण अपने प्रवचन में भगवान की करुणा, कृपा व भक्तों पर किस प्रकार अनुग्रह करते हैं, दया करते हैं, इन बिन्दुओं पर बड़े विस्तार से माता कुन्ती द्वारा स्तुति, भीष्म पितामह के द्वारा की गई स्तुति का वर्णन करते हुए कहा कि इन सबने भगवान से एक ही वरदान मांगा है कि हमारा मन सतत आपके चरणों से लगा रहे। महाभागवत जिन परीक्षित जी ने सात दिवस पर्यन्त श्रीमद भागवत को श्रवण किया उनके जन्म और राज्य आदि का वर्णन किया। इस अवसर पर व्यास पीठ का पूजन हेमलता उमेश तिवारी, पूनम राजेश तिवारी, महेश वासुदेव, कमलेश परोहा, प्रवीन चतुर्वेदी, अभिषेक मिश्रा सहित सभी भक्तों ने किया। इस पावन अवसर पर भृगुदत महाराज, जगदीश साहू, मनोज नारंग, प्रदीप मिश्रा, डॉ. राजीव मिश्रा की उपस्थिति रही।



## यशोत्सव स्वागत जुलूस आज

### युवक कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष के आगमन पर रैली निकलेगी



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद के चुनाव में जबलपुर के यश घनघोरिया ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। उनकी इस जीत से संस्कारधानी का नाम एक बार फिर प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिव ने उनकी नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा की। युवक कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर आज यश उत्सव मनाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद यश घनघोरिया का नगर आगमन आज बुधवर 14 नवम्बर होगा। वे दोपहर 1 बजे डुमना विमानतल पहुंचेंगे, जहां युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 1:30 बजे से एक विशाल स्वागत रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली कांचघर चौक से प्रारंभ होकर शीतलामाई, घमापुर, भानतलैया, सिंधी कैम्प, बहेड़ाबाग, रद्दीचौकी, गोहलपुर, मिलौनीगंज, सिटी कोतवाली, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक, करमचंद चौक, बड़ी ओमती, छोटी ओमती, बेलबाग तिराहा, लखड़गंज होते हुए फुटाताल मैदान में समाप्त होगी।




## पमरे मुख्यालय में वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी व यातायात निरीक्षकों के लिए हुआ सेमिनार

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के लेखा विभाग में दो दिवसीय 19वां वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी (यातायात निरीक्षक) सेमिनार संपन्न हुआ। सेमिनार का शुभारंभ अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार तथा प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जोनल रेलों के अधिकारियों ने भाग लेकर कार्यप्रणालियों और चुनौतियों पर चर्चा की। प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री मनीष तिवारी और प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री कुशाल सिंह ने अधिकारियों को बदलते रेल परिवेश के अनुरूप निरीक्षण कार्य सुधारने के सुझाव दिए।सेमिनार के दौरान वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी (यातायात निरीक्षक) बुलेटिन का विमोचन किया गया और विशिष्ट राजस्व आय से संबंधित प्रकरणों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

**ट्रांसको पूर्व क्षेत्र के फील्ड इंजीनियर्स की समीक्षा बैठक**

## शून्य दुर्घटना लक्ष्य के साथ कार्य करें : तिवारी



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के पूर्वी क्षेत्र के मैदानी कार्यपालन अभियंताओं की समीक्षा बैठक कंपनी मुख्यालय, जबलपुर में आयोजित की गई। बैठक मे प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने मैदानी कार्यपालन अभियंताओं से कहा कि एमपी ट्रांसको के 'शून्य दुर्घटना लक्ष्य' को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य करें। सुरक्षा के प्रति लापरवाही पर शून्य सहनशीलता (जीरो टालरेंस) अपनाएं और प्रत्येक कार्य में सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। प्रबंध संचालक ने कहा कि सभी अधिकारी जहां कार्य कर रहे हैं वहां छोटे-छोटे सुधार करें एवं कंपनी की उत्तरोत्तर प्रगति मे योगदान करें। कंपनी की भविष्य की चुनौतियों का सामना करने हेतु प्रतिस्पर्धी और सक्षम बनें। उन्होंने मैदानी अभियंताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए आई)की दिशा में स्वयं को तैयार और प्रशिक्षित करें, ताकि भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप दक्षता विकसित हो सके।उन्होंने अभियंताओं से प्रोफेशनल नेटवर्किंग के माध्यम से सतत ज्ञानवृद्धि करने तथा ट्रांसमिशन लाइनों में कम ग्राउंड क्लीयरेंस की स्थिति की सूचना समय पर प्रशासन को देने तथा जनता को खतरे से आगाह करते हुए सूचना देने के निर्देश दिए। आपने सुरक्षा उपकरणों की समीक्षा हेतु एक विशेष समिति गठित करने के निर्देश दिए।

### कंपनी की ओनरशिप लें नई पीढ़ी

प्रबंध संचालक ने नई पीढी के अभियंताओं के साथ सीधा संवाद करते हुए कहा कि पुरानी पीढ़ी शीघ्र ही रिटायर होने वाली है अतः आप कंपनी की ओनरशिप लीजिए और भविष्य की चुनौतियों के लिए अपने आप को तैयार कीजिए।

### रबी सीजन पर दें विशेष ध्यान

प्रबंध संचालक ने कहा कि आगामी 2 माह ट्रांसमिशन कंपनी के लिए चुनौती वाले हैं. इस दरमियान रबी सीजन के मद्देनजर बढ़ती बिजली की मांग से निपटने के लिए ट्रांसमिशन नेटवर्क की स्थिरता और विश्वसनीयता बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दें. उन्होंने ट्रांसमिशन लाइनों, सब स्टेशनों मे ट्रांसफार्मर लोडिंग और उनकी ट्रिपिंग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि समय पर प्रीवेंटिव मेंटिनेस किया जाए ताकि ब्रेकडाउन की स्थिति से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि फील्ड अधिकारियों के हमेशा सजग और सतर्क रहने से ही एमपी ट्रांसको में ट्रिपिंग कम हुई है और ब्रेकडाउन का समय कम किया जा सका है ।

### मैदानी अधिकारियों ने भी साझा किया अपने विचार

बैठक में मैदानी कार्यपालन अधिकारियों ने सुरक्षा एवं कार्यप्रणाली मे सुधार के लिए किए जा रहे अपने प्रयासों को साझा किया। समीक्षा बैठक में मुख्यालय जबलपुर के वरिष्ठ अधिकारियों सहित पूर्व क्षेत्र के जबलपुर, सागर, सिवनी, सतना, कटनी, शहडोल, टीकमगढ़, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, रीवा, सिंगरौली और दमोह जिलों में कार्यरत लगभग 30 मैदानी अभियंता उपस्थित रहे।



## नकली किन्नर असली किन्नरों का मार रहे हक

### पुलिस अधीक्षक को सौंपी शिकायत

**जबलपुर।** सिलौड़ी थाना मझगवां व ढीमरखेड़ा निवासी किन्नर गजराबाई एवं साक्षीबाई ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नकली किन्नर हमारे साथ मारपीट कर हमारे क्षेत्रों में अवैध वसूली कर रहे हैं और हमारा हक छीन रहे हैं। आवेदकों ने बताया कि अनावेदक श्लोक खटीक उर्फ अंजली खटीक, शहंशाह भाईजान निवासी ग्राम पो. गोसलपुर थाना गोसलपुर, जिला जबलपुर के निवासी हमारे ड्राइवर धर्मेन्द्र खटीक से मारपीट करते हैं तथा हमारे गुरु को गाली बकते हैं। अनावेदक अपना लिंग परिवर्तन कराकर हमें झूठा फंसाने की धमकी देते हैं। हमारे द्वारा थाना मझगवां में शिकायत करने पर नकली किन्नर ने लिखकर दिया था कि अब वह कभी परेशान नहीं करेगा, लेकिन वह फिर से परेशान करने लगा है। इनके द्वारा हमें जान-माल का खतरा बना हुआ है। यदि भविष्य में हमारे साथ कोई घटना, दुर्घटना होती है तो उसकी समस्त जवाबदार अनावेदकगण होंगे। अतः निवेदन है कि अनावेदकों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कर उचित जांच व दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

## अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता प्रारंभ

### समापन एवं पुरुस्कार वितरण तरंग में आज



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में तरंग प्रेक्षागृह में दो दिवसीय अंतरक्षेत्रीय विद्युत नाट्य एवं एकल व समूह नृत्य प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने किया। प्रतियोगिता में जबलपुर, भोपाल, इंदौर, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर, अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में सातों टीम मंचीय व नुक्कड़ नाटक के साथ एकल व समूह नृत्य में भाग लेंगी। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर जबलपुर, इंदौर, भोपाल, चचाई, सारनी के प्रतिभागियों द्वारा एकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई। समूह नृत्य प्रतियोगिता में इंदौर, बिरसिंगपुर, जबलपुर व खंडवा की टीमों ने अपनी प्रस्तुति दी।

शक्तिभवन परिसर में चचाई द्वारा स्वच्छता अभयान व प्राथमिक शिक्षा पर केन्द्रित नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। तरंग प्रेक्षागृह में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह ने सीता स्वयंवर और भोपाल ने स्मार्ट मीटर मंचीय नाटक की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण 14 नवम्बर को अपरांह 4 बजे से तरंग प्रेक्षागृह में होगा।

## समाधान योजना के प्रथम चरण में पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के उपभोक्ताओं को मिली राहत

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुरू की गई बिजली बिल बकायादारों के लिए "समाधान योजना 2025-26" के प्रथम चरण में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। योजना के तहत अब तक 6,895 उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं, जिससे उपभोक्ताओं का रु. 78.98 लाख का सरचार्ज माफ हुआ और पूर्व क्षेत्र कंपनी की रु. 2.69 करोड़ की बकाया राशि प्राप्त हुई। यह योजना प्रदेश सरकार की उपभोक्ता हितैषी पहल है, समाधान योजना 2025-26 का मुख्य उद्देश्य तीन माह से अधिक अवधि के बकायादार उपभोक्ताओं को विलंबित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में छूट देकर राहत प्रदान करना है। यह योजना दो चरणों में लागू है- प्रथम चरणः 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक (60% से 100% तक सरचार्ज छूट), द्वितीय चरणः 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक (50% से 90% तक सरचार्ज छूट), योजना का लाभ उपभोक्ता एकमुश्त भुगतान या किश्तों में भुगतान दोनों विकल्पों से ले सकते हैं। घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को केवल कुल बकाया राशि का 10 प्रतिशत तथा गैर-घरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं को 25 प्रतिशत राशि जमा कर पंजीकरण कराना होगा जिसके अंतर्गत 03 नवम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक दो चरणों में बकाया उपभोक्ताओं को विलंबित भुगतान अधिभार (सरचार्ज) में भारी छूट दी जा रही है।

## सांई मंदिर सिविल लाइन के स्थापना दिवस पर त्रिदिवसीय समारोह आज से

**जबलपुर।** सांई मंदिर सिविल लाइन का 57वां स्थापना दिवस समारोह 14 से 16 नवम्बर तक सांई महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। आयोजकों ने बताया सांई मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा एवं फूलों से सजाया गया है। आज प्रातः सांई अभिषेक पूजन, आरती के पश्चात प्रातः 08 बजे सांई ध्वजारोहण डॉ. अजय सेठ द्वारा किया जाएगा। तत्पश्चात 10 बजे से सुंदरकांड पाठ श्री सांई रामायण मंडल द्वारा तथा बाबा को दोपहर छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। संध्या महाआरती 6.30 बजे न्यायमूर्ति दीपक खोत के द्वारा संपन्न होगी। 07 बजे श्री सांई पालकी शोभायात्रा, बैंड, धमाल, चाचर नृत्य, झंडा, बैनर एवं सैकड़ों सांई भक्तों की उपस्थिति में निकाली जाएगी, जो क्षेत्र का भ्रमण कर वापस सांई मंदिर पहुंचकर समाप्त होगी।समिति के रविनंदन सिंह, सुनील चंदेल, मृगेन्द्र नारायण सिंह, प्रेम भंडारी, संजय सेठ, उमेश पिल्ले, डॉ. सुनील देशपांडे, संतोष अवस्थी, कमलेश अग्रवाल, डॉ. तनुश्री सिंह, लक्ष्मण दास, श्याम खत्री, भीमराव, मनोहर कनौजिया, रवि पांडे, राजेन्द्र तोमर, अशोक स्वामी, लालजी रजक एवं राजेश कुशवाहा सहित अन्य ने उपस्थिति की अपील की है।



## संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय में युवा उत्सव आयोजित




**जबलपुर।** कहीं चिड़ियों की चहचहाट, कहीं बादलों की गड़गड़ाहट, नदियों की कलकल कृत्रिम ध्वनियों से प्रेरणा हॉल गूंज उठा। अवसर था युवा महोत्सव में होने वाली माईम का, जिसके अंतर्गत महाविद्यालयों में कृष्ण जन्मोत्सव, सफलता की राह, ए.आई, शिलायान्स का पत्थर जैसे विषयों को माइम के माध्यम से उभारा गया। ज्ञात हो कि युवा उत्सव 2025 के अर्न्तगत माइम, मिमिक्री, स्किट का आयोजन संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालयों से माईम-10, मिमिक्री-02 व स्किट-10 प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम का निर्देशन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एन्टोन रोज़ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. स्मारिक लारेन्स ब एवं डॉ. सोनल राय एवं उनकी टीम के माध्यम से कार्यक्रम को गति प्रदान की गयी। संचालन डॉ. मंजु सोलोमन ने किया। निर्णायक मंडल में बांके बिहारी व्यौहार, संजय प्रसाद, हिमांशु राय की उपस्थिति थी। शिलान्यास के पर्थर के माध्यम से नेताओं, मीडिया और समाज में फैले भ्रष्टाचार पर स्किट के माध्यम से ज्वलन्त मुद्दों पर कटाक्ष किया गया। इसके अलावा इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर, राष्ट्रीय भ्रष्टाचार एवं सफलता की राह जैसे विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम की समाप्ति पर आभार प्रदर्शन सांस्कृति प्रभारी डॉ. स्मारिका लारेन्स ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा परिणाम की घोषणा की गई।

## अंतस बाल महोत्सव एवं सम्मान समारोह आज

**जबलपुर।** अंतस साहित्यिक सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था के तत्वावधान में बाल दिवस के अवसर पर नन्हे-मुन्ने बाल कलाकारों द्वारा बाल काव्य पाठ, फैंसी ड्रेस, नृत्य, गायन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रतनश्री डीसिल्वा स्कूल बल्देवबाग में 14 नवम्बर शाम 6:00 बजे से किया जा रहा है, संस्था के संस्थापक डॉ अनिल कोरी, विनीता पैगवार ने उपस्थिति की अपील की है।

## जिला शिकायत निवारण समिति की हुई बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार तथा सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला शिकायत निवारण समिति की बैठक गुरुवार को आरकेएस मीटिंग हॉल में आयोजित की गई। निजी चिकित्सालयों में आयुष्मान योजना के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन पर चर्चा की गई तथा प्राप्त सुझावों के आधार पर कुछ शिकायतों का निराकरण भी किया गया बाकी शिकायतों के लिए आगामी 10 दिन की समय अवधि में सीएम हेल्पलाइन का निराकरण करने के आदेश दिए गए। अगामी 7 दिन मे पुनः आयुष्मान सीएम हेल्पलाइन की फिर से समीक्षा की जाएगी। बैठक मे जिला आयुष्मान नोडल अधिकारी डॉ जया श्रीवास्तव जिला शिकायत निवारण अधिकारी अजय कुरील, सीएम हेल्प लाइन से शिवांश पटेल, आयुष्मान समन्वयक प्रणय खरे एवं शुभजीत पटेल उपस्थित थे।

## अनक्लेम्ड अस्सेट्स के निराकरण संबन्धित शिविर का आयोजन आज

**जबलपुर।** वित्तीय सेवा विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार जबलपुर जिले में अनक्लेम्ड अस्सेट्स के निराकरण संबन्धित शिविर का आयोजन 14 नवम्बर 2025 पूर्वाह्न 11:00 बजे से कलेक्टर कार्यालय में किया जा रहा है, कैंप में जिले के सभी बैंक के अधिकारी जीवन बीमा एवं जनरल इन्शुरेंस कंपनी के अधिकारी लंबित अनक्लेम्ड अस्सेट्स के त्वरित निराकरण के लिए उपलब्ध रहेंगे, इस शिविर का आयोजन कलेक्टर की अध्यक्षता में किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में हितग्राहियों को भी आमंत्रित किया गया है।

CHANGE OF NAME
I, ARMY NO. 15717854P RANK HAV NAME SANJAY ORAON S/O SURESH ORAON OF UNIT HQ 1STC, JABALPUR (MP) AADHAR CARD NO. 6582 0107 9286 I, have changed name of my SON from ANNAJAY ORAON (name as per my army service record) to ANANJAY ORAON (name as per my SON BIRTH CERTIFICATE AND AADHAR CARD) vide affidavit dated 12/11/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)
CORRECT NAME
ANANJAY ORAON
INCORRECT NAME
ANNAJAY ORAON

## वैश्विक स्तर पर कीमत 39 फीसदी तक कम कर दी

# चावल निर्यात में भारत ने गाड़े झंडे, चावल की कीमतों में 29 फीसदी की गिरावट आई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है। भारत दुनिया के अलग-अलग देशों में चावल निर्यात भी करता है। हिंदुस्तान के निर्यात से महंगाई पर लगाम लगी। वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार इस साल चावल अब तक 29 फीसदी तक सस्ता हुआ है। वहीं,चावल समेत अन्य खाद्य सामग्री 2022 के अपने उच्चतम स्तर से 39 फीसदी सस्ती हो चुकी हैं। भारत ने चावल निर्यात करके न सिर्फ चावल की महंगाई पर रोक लगाई है, बल्कि चावल से बनने वाली अन्य चीजों को भी महंगा होने से रोकना का काम किया है।

वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार इस पॉलिसी में बदलाव से 2025 में ग्लोबल चावल की कीमतों में 29 फीसदी की गिरावट आई, और इससे खाने-पीने की चीजों की महंगाई कम करने में मदद मिली - खासकर


चावल का स्टॉक

सेनेगल और बांग्लादेश जैसे अफ्रीकी और एशियाई देशों में, जो भारतीय चावल पर बहुत ज़्यादा निर्भर हैं। इससे पहले एक अक्टूबर में भी एक रिपोर्ट आई थी। उस रिपोर्ट के अनुसार भारतीय एक्सपोर्ट बैन हटने के बाद चावल की कीमतें एक साल में 35 फीसदी गिरकर 2017 के बाद से सबसे निचले स्तर पर आ गई हैं । तीन साल की भारी उतार-चढ़ाव के बाद, मार्केट में चावल की सप्लाई बहुत ज्यादा हो गई है (2024 में 541 मिलियन टन उत्पादन), जिससे कीमतें गिर रही हैं और ग्लोबल प्रोड्यूसर और इंपोर्टर्स का बैलेंस बिगड़ रहा है।

### भारत का बज रहा है डंका

*वर्ष 2022 से दुनिया के सबसे बड़े एक्सपोर्टर भारत ने दुनिया भर में बढ़ती कीमतों (2022 और 2023 में 19 फीसदी की बढ़ोतरी) को कंट्रोल करने के लिए अपने एक्सपोर्ट पर रोक लगा दी थी। यह बढ़ोतरी खासकर यूक्रेन युद्ध और एशिया में खराब मौसम की वजह से हुई थी। 2024 में एक्सपोर्ट फिर से शुरू होने और एशिया में रिकॉर्ड फसल होने से एक साल में कीमतों में 35फीसदी की गिरावट आई। 2026 के लिए बढ़ते प्रोडक्शन के अनुमान और 2025 की चौथी तिमाही में ला नीना के संभावित वापसी को देखते हुए, हम 2026 में सप्लाई में बढ़ोतरी की उम्मीद करते हैं। ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के पूर्व प्रेसिडेंट विजय सेतिया के अनुसार नई दिल्ली दुनिया के चावल एक्सपोर्ट का लगभग 45 फीसदी हिस्सा है और यहां कोई भी पॉलिसी में बदलाव सीधे ग्लोबल खाने की कीमतों पर असर डालता है।*

# विल्लोर इंस्टीट्यूट में 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू, इंजीनियरिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) मॉरीशस ने अपने प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यक्रमों के फरवरी और अगस्त 2026 सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान ने महत्वाकांक्षी विद्यार्थियों को अपने सपनों के करियर की दिशा में अगला कदम बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया है।

विद्यार्थी अब www.vit-mauritius.mu पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए किसी प्रवेश परीक्षा की आवश्यकता नहीं है — प्रवेश केवल हाई स्कूल के प्रदर्शन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर दिया जाएगा। मेधावी और आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियाँ भी उपलब्ध हैं। साथ ही, विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान पार्ट-टाइम काम करने के अवसर और पढ़ाई पूरी होने के बाद 3 वर्षों का पोस्ट-स्टडी वर्क परमिट भी प्रदान किया जाएगा।

## सीतारमण ने की प्रतिनिधियों से मुलाकात

# अधिकारियों संग बजट के इनपुट के लिए चर्चा की


एमएसएमई के प्रतिनिधियों के साथ वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को तीसरी प्री-बजट बैठक की अध्यक्षता की और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रतिनिधियों के साथ आगामी बजट के इनपुट के लिए चर्चा की। वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह बैठक आने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर थी। वित्त मंत्री मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण ने आने वाले केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के प्रतिनिधियों के साथ तीसरी प्री-बजट बैठक की नई दिल्ली में अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। प्री-बजट चर्चा के तहत सरकार आने वाले बजट के इनपुट के लिए इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों और अन्य पक्षकारों के साथ लगातार बैठक कर रही है। इससे पहले वित्त मंत्री ने किसान संगठनों और कृषि सेक्टर से जुड़े अर्थशास्त्रियों के साथ प्री-बजट बैठक की थी।

### विकास और सुधार में तेजी पर दिया बल

एसोचैम की रिपोर्ट के अनुसार सभी राज्यों में एमएसएमई के लिए निवेश माहौल सुधारने में डिजिटलाइजड और समयबद्ध सिंगल विंडो क्लियरेंज सिस्टम एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। रिपोर्ट में व्यावसायिक नियमों को सरल बनाने, अनुमोदन प्रणालियों में सुधार लाने और भारत के एमएसएमई के विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुधारों में तेजी लाने की आवश्यकता जताई गई है। रिपोर्ट में कंपनी अधिनियम के तहत अनुपालन को आसान बनाने के लिए पंजीकृत एमएसएमई के लिए द्विवार्षिक या त्रैवार्षिक फाइलिंग साइकिल शुरू करने का भी सुझाव दिया गया है।

### टाटा मोटर्स ने 'कर्व' का नया संस्करण पेश किया

**मुंबई ।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने अपनी लोकप्रिय स्पोर्ट्स यूटिलिटी गाड़ी 'कर्व' को नए और उन्नत फीचर्स के साथ लांच किया है। कंपनी ने बेहतर इंजीनियरिंग तकनीक अपनाते हुए कर्व के पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक, सभी मॉडलों में केबिन की जगह बढ़ाई गई है। इससे यात्रियों को पहले से अधिक आराम, सुविधा और बेहतर ड्राइविंग अनुभव मिलेगा। कर्व में अब दो जोन वाला स्वचालित वातानुकूलन सिस्टम भी शामिल किया गया है, यह नया संस्करण, अब कर्व के 'अकम्प्लिश्ड' मॉडल में 14.55 लाख रुपए से उपलब्ध होगा, जबकि कर्व ईवी के 'अकम्प्लिश्ड' और 'एमपावर्ड' संस्करणों की शुरुआती कीमत 18.49 लाख रुपए है।

### चिक क्रेम हेयर कलर का कैटेगरी में प्रवेश

**जबलपुर।** केविनकेयर का चिक ब्रांड, जबलपुर के बाजार में हेयर कलर कैटेगरी में चिक क्विक क्रेम हेयर कलर लेकर आया है। इस घोषणा के साथ चिक ने क्रेम हेयर कलर कैटेगरी में अपनी एंट्री दर्ज की है। यह उत्पाद एक अनोखे 10-मिनट के फास्ट एक्शन फॉर्मूले से लैस है, जो क्रेम हेयर कलरिंग को और आसान व समय-बचाने वाला बनाता है। इसमें आंवला और भृंगराज जैसे प्राकृतिक तत्वों की अच्छाई शामिल है, जिससे यह गहरे, नैचुरल दिखने वाले रंग का अनुभव देता है।



# एसबीआई फंड्स ने 26 आंगनवाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण कर बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने ऐक्शन अगेंस्ट हंगर फाउंडेशन इंडिया के सहयोग से मध्य प्रदेश के धार और छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिलों में 26 आंगनवाड़ी केंद्रों का नवीनीकरण किया। इन केंद्रों का उद्देश्य ग्रामीण इलाको में बच्चों और माताओं के लिए सुरक्षित, शिक्षाप्रद और पोषण संबंधी सुविधाओं को मज़बूत करना है। इन दोनों जिलों में कुल 1,078 बच्चों को बेहतर सुविधाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ मिल रहा है।

इन 26 आंगनवाड़ी केन्द्रों के नवीनीकरण के बाद 3-5 साल की उम्र के बच्चों की उपस्थिति में बढ़ोतरी देखी गई है। धार में यह 51 फीसदी से बढ़कर 84फीसदी और




गरियाबंद में 51 फीसदी से 77 फीसदी हो गई। इसमें बच्चों के लिए अर्ली चाइल्डहूड डेवलपमेंट (ईसीडी) और एंथ्रोपोमेट्रिक किट्स की अहम भूमिका रही है। इस उल्लेखनीय वृद्धि से यह पता चलता है कि समुदाय का भरोसा बढ़ा है और बच्चे प्रारंभिक शिक्षा व विकास निगरानी कार्यक्रमों में अधिक भाग लेने लगे हैं। उद्घाटन समारोह में टीर्ला ब्लॉक के सीडीपीओ एसएन मकवाना, एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के अधिकारी रजत ग्रोवर (चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर), रविंद्र जैन (रीजनल हेड), निशांत बंगेड़ा (लीड सीएसआर),विनय अय्यर (सीईओ, एक्शन अगेंस्ट हंगर फाउंडेशन इंडिया), और संदीप देवाल (प्रोजेक्ट मैनेजर) के साथ-साथ आंगनवाड़ी सेविकाएं और बच्चे भी उपस्थित थे।

### टैफे ईवीएक्स 75 का अनावरण, 100 एचपी तक के तीन उत्पाद प्रदर्शित

**मुंबई ।** टैफे ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड ने अपने अगली पीढ़ी के इलेक्ट्रिक हाइब्रिड ट्रैक्टर टैफे ईवीएक्स75 का अनावरण किया, साथ ही टैफे ईवी28 इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर को सस्टेनेबल ट्रैक्टर श्रेणी में "ट्रैक्टर ऑफ द ईयर 2026" पुरस्कार के लिए फाइनलिस्ट चुने जाने की एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न भी मनाया गया। ईवीएक्स75 के अलावा टैफे ने अपनी नई विज़न गाइडेंस सिस्टम और नई रेंज भी प्रदर्शित की। इसमें एक नए कैब वाला 100 एचपी का ट्रैक्टर , 74 एचपी का ऑर्चर्ड और फ्रूट ट्रैक्टर और कॉम्पैक्ट यूटिलिटी सीरीज़, 65 एच का ट्रैक्टर शामिल है, इनमें से प्रत्येक ट्रैक्टर को यूरोपियाई कृषि के अनुसार परिचालन और आवश्यकताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## निठारी कांड : बच्चों के परिजन बोले

# कोली व पंढेर ने नहीं मारा था तो क्या बच्चों को भूत ने मारा?

एजेंसी ▶▶ नोएडा

यहां करीब 20 साल पहले सामने आए सनसनीखेज निठारी हत्याकांड में मारे गए बच्चों के परिवारों ने पूछा है कि अगर उनके बच्चों को सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर ने नहीं मारा था, तो क्या फिर उन्हें किसी 'भूत' ने मारा था। उन्होंने यह सवाल मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा मामले के एकमात्र दोषी सुरेंद्र कोली को आरोपों से बरी किए जाने के बाद उसकी रिहाई पर सवाल उठाए। कोली को एक ऐसे मामले में बरी किया गया, जिसमें वह उम्रकैद की सजा काट रहा था।


कोली की रिहाई पर उठे सवाल

उसने इन बच्चों की हत्या उस वक्त की थी, जब वह पंढेर के घर में घरेलू सहायक के रूप में काम करता था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एक मृत बच्चे के पिता ने कहा कि हमें बहुत दुख हुआ था जब पंढेर को बरी कर दिया गया था।

# किसना डायमंड मैराथन : 100 शहरों में एक साथ 'स्वच्छ भारत दौड़'

**मुंबई।** हरी कृष्णा ग्रुप द्वारा आयोजित किसना डायमंड मैराथन – स्वच्छ भारत दौड़ का 10वां संस्करण इस बार एक ऐतिहासिक स्वरूप में 28 दिसंबर 2025 को देशभर के 100 शहरों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। यह राष्ट्रीय स्तर की मैराथन फिटनेस, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। पिछले नौ वर्षों में इस पहल से 36,000 से अधिक धावक जुड़ चुके हैं। प्रतिभागियों से प्राप्त पूरा पंजीकरण शुल्क 'स्वच्छ भारत



अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता एवं सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजनाओं में उपयोग किया जाएगा।मुख्य आयोजन मुंबई के भारत डायमंड बोर्स (BKC) में होगा। प्रतिभागियों को आधिकारिक टी-शर्ट, कैप, बिब नंबर, फ़िनिशर मेडल और गुडी बैग प्रदान किए जाएंगे।हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा, "किसना डायमंड मैराथन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ भारत के लिए एक जन-आंदोलन है।"

## टैक्सटाइल और परिधान आयोजन 2026 की घोषणा

# भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन का चार दिवसीय वैश्विक टैक्सटाइल मेगा इवेंट अगले साल आज से

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन तीसरे संस्करण के आयोजन के लिए तैयार है। भारत टेक्स देश का प्रमुख वैश्विक टेक्सटाइल और परिधान आयोजन है जो 14 से 17 जुलाई 2026 तक नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित होगा। यह घोषणा भारत टेक्स ट्रेड फेडरेशन (बीटीटीएफ ) द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई।

### ग्लोबल मेगा टैक्सटाइल्स इवेंट के रूप में स्थापित

*बीटीटीएफ के चेयरमैननरेन गोयनका ने कहाकि भारत टेक्स के पहले दो संस्करणों ने इसे भारत के ग्लोबल मेगा टेक्सटाइल्स इवेंट के रूप में स्थापित कर दिया है। दूसरा संस्करण, जो 14 से 17 फरवरी 2025 के बीच भारत मंडपम और इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 2.2 मिलियन वर्ग फुट क्षेत्र में आयोजित किया गया और अत्यंत सफल रहा।*

## राशिफल

**मेष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह** — मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु** — नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर** — वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

# भारत का 111 देशों को कपड़ा निर्यात 10 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का 111 देशों को कपड़ा निर्यात अप्रैल-सितंबर के दौरान सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ा है। यह वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों और प्रमुख बाजारों में शुल्क संबंधी चुनौतियों के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में उल्लेखनीय मजबूती को दर्शाता है। कपड़ा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इन 111 बाजारों ने अप्रैल-सितंबर, 2025 के दौरान 848.90 करोड़ अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया जबकि पिछले वर्ष यह 771.85 करोड़ डॉलर डालर था। यह 10 प्रतिशत व 77.03 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि दर्शाता है। भारत के वस्त्र, परिधान और सिले हुए वस्त्र के वैश्विक निर्यात में अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान सालाना आधार पर कुल मिलाकर 0.1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई।

## मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का काम हो गया और तेज

# 2027 में बुलेट ट्रेन दौड़ाने की तैयारी, पहली बार पीएम करेंगे सवारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट काम तेजी से चल रहा है। 2027 में सूरत और बिलीमोरा के बीच बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी है। इस बीच प्रधानमंत्री पहली बार ग्राउंड पर पहुंचकर प्रोजेक्ट का जायजा लेंगे। पीएम 15 नवंबर को सूरत के अत्रोली बन रहे हाई स्पीड बुलेट रेल स्टेशन का निरीक्षण करेंगे। पीएम के निरीक्षण को लेकर नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन, रेलवे और स्थानीय प्रशासन तैयारियों में जुटे हैं। प्रोजेक्ट के शिलान्यास के बाद पहली बार पीएम इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण करेंगे।

*पीएम 15 को करेंगे स्टेशन का निरीक्षण*


बुलेट ट्रेन का मॉडल

### सूरत और बिलीमोरा के बीच बुलेट ट्रेन चलेगी

#### समीक्षा बैठक की भी अटकलें

पीएम सूरत से बिलिमोरा के बीच वर्ष 2027 तक बुलेट ट्रेन की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक भी कर सकते है। अंत्रोली बुलेट ट्रेन स्टेशन तीन स्तरों पर तैयार किया जा रहा है। इनमें भूतल, कॉनकोर्स लेवल और रेल लेवल शामिल है। भूतल पर पार्किंग, पिंक एंड ड्राप वे, सुरक्षा जांच, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी सुविधाएं होंगी। कॉनकोर्स स्तर पर प्रतीक्षा लाउंज, शौचालय, कियोस्क और टिकट काउंटर बनाए जा रहे है।


#### स्टेशन की ये होंगी खासियतें

सूरत-बारडोली रोड के पास अंत्रोली गांव में स्थित यह बुलेट ट्रेन का स्टेशन कई परिवहन के साधनों से भी जुड़ा है। इस प्रस्तावित बुलेट ट्रेन स्टेशन से प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन 280 मीटर, बीआरटीएस बस स्टॉप 330 मीटर, सूरत रेलवे स्टेशन 11 किलोमीटर, सूरत सिटी बस स्टैंड 10 किमी और चलथान रेलवे स्टेशन 5 किमी दूर स्थित है। स्टेशन को ग्रीन बिल्डिंग मानकों पर तैयार किया जा रहा है। यहां वर्षा जल संचयन,कम जल खपत वाले फिटिंग, स्काई लाइट्स और प्राकृतिक वेंटिलेशन की व्यवस्था की गई है। स्टेशन के अग्रभाग और आंतरिक डिजाइन में सूरत के हीरा उद्योग की झलक देखने को मिलेगी। यह स्टेशन विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ हाई स्पीड रेल का अनुभव देगा।

#### 2027 में सूरत से बिलिमोरा के बीच होगा ट्रायल रन

508 किलोमीटर लंबे अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का शिलान्यास 14 सितंबर को प्रधानमंत्री और जापान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने किया था। कोविड-19 के कारण इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य शुरुरू होने में देरी हुई। फरवरी 2021 में इसके निर्माण कार्य ने तेजी पकड़ी। पीएमओं लगातार इस प्रोजेक्ट की प्रगति की मॉनिटरिंग करता रहा है।

## शब्द पहेली - 6047



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना( अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 6046 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |

## सूडोकु नवताल - 6057

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

MANDAL SENAGHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6056 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अच्छे-अच्छे कामों के साथ फुल एंज्वॉयमेंट



बच्चो, सोचो जरा चिल्ड्रेंस-डे पर अगर कोई एंजेल आकर तीन विशेज मांगने को कहे तो क्या मांगोगे या फिर अगर कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो क्या करना चाहोगे? ये सवाल **बालभूमि** ने पूछे टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स से। साथ में यह भी पूछा कि वे चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इनके बालभूमि के अपने नन्हे दोस्तों के लिए क्या मैसेज है?

## बच्चों के लिए एक नो-जजमेंट-जोन बनाना चाहूंगाः सुभान खान



**सोनी सब** के शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में बाल कार्तिकेय की भूमिका सुभान खान निभा रहा है। उससे जब पूछा गया कि अगर कोई एंजेल उसकी तीन विशेज पूछे तो वह क्या होंगी, उसने एक पल सोचा फिर बोला, 'मेरी पहली विश होगी कि दुनिया में एक भी बच्चा भूखा न रहे। हर बच्चे को शिक्षा मिले। हर बच्चे के चेहरे पर बिग स्माइल हो। एंजेल से मेरी दूसरी विश होगी कि मेरे सारे फैंस और दोस्त खूब टैलेंटेड बनें, उन्हें सक्सेस मिले। मेरी तीसरी विश होगी कि मुझे हमेशा अच्छे शोज में काम करने का मौका मिले ताकि मैं अपने ऑडियंस को एंटरटेन करता रहूं।' सुभान खान को अगर सुपर-पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, पूछने पर वह जवाब देता है, 'अगर मुझे सुपर-पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले यह श्योर करूंगा कि दुनिया के हर बच्चे को राइट-टू-एजुकेशन के साथ, राइट-टू-इमोशनल-सपोर्ट मिले। मैं बच्चों के लिए एक 'नो-जजमेंट-जोन' बनाना चाहूंगा, जहां कोई भी उन्हें उनके लुक्स, मार्क्स या सपनों के लिए जज न करे। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरी आजादी मिले।' सुभान चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करता है, वह बताता है, 'हम सेट पर ही केक काटते हैं, चॉकलेट्स शेयर करते हैं और जमकर मस्ती करते हैं।' चिल्ड्रेंस-डे के अवसर पर सुभान 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए मैसेज देता है, 'मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि नेवर स्टॉप ड्रीमिंग। आप जो भी बनना चाहते हैं, उसके लिए मेहनत करें। हैप्पी चिल्ड्रेंस-डे।' *

## मेरी विश होगी मुझे ऑस्कर अवार्ड मिलेः हरीति जोशी





**हरीति जोशी** इन दिनों सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार निभा रही है। वह हंसते हुए कहती है, 'अगर कोई एंजेल आकर मेरी तीन विशेज पूरी करने की बात कहे, तो मैं उससे पहली विश मांगूंगी कि मुझे ऑस्कर अवॉर्ड मिले, ताकि मेरे परिवार और देश का नाम रोशन हो। मेरी दूसरी विश होगी कि मैं क्रूज वैकेशन पर जाऊं, जहां मैं समंदर के बीच मजे करूं। मेरी तीसरी विश होगी कि हमारा भारत एजुकेशन में दुनिया में सबसे आगे हो, यहां हर बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े और सभी को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले।' हरीति नेचर और एनवॉयर्नमेंट को लेकर भी काफी अवेयर है। वह कहती है, 'अगर मुझे कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले अपने पर्यावरण को बचाना चाहूंगी। मैं पेड़ों को काटने से रोकूंगी, हर जगह पेड़ लगवाऊंगी और नदियों को साफ रखूंगी। मैं चाहूंगी कि हमारी धरती हमेशा हरी-भरी और खूबसूरत रहे।' हरीति ने वैसे तो इस बार चिल्ड्रेंस-डे को लेकर कुछ खास प्लानिंग नहीं की है, लेकिन उसे सेट पर किसी सरप्राइज की उम्मीद है। वह बताती है,'इस बार मैं अपने शो के सेट पर ही चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करूंगी। इसके अलावा मैं स्कूल और अपने घर के आस-पास के बच्चों को चॉकलेट्स भी बांटूंगी।' चिल्ड्रेंस-डे पर हरीति 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को यह मैसेज देती है, 'अपने सभी दोस्तों से मैं यही कहूंगी कि हमेशा खुश रहें, स्ट्रॉन्ग बनें और अपने सपनों को साकार करें। बड़ों की बात मानें, पढ़ाई करें, खेलें और खुश रहें।' *



## सड़क पर रहने वालों के लिए घर बनवाऊंगाः सैयांश गुप्ता




**सोनी सब** चैनल के पॉपुलर शो 'इत्ती सी खुशी' में बनी दिवेकर का रोल निभा रहे सैयांश गुप्ता से जब चिल्ड्रेंस-डे पर किसी एंजेल से मिलने और तीन विशेज पूरी करने के बारे में पूछा जाता है तो वह बड़े भोलेपन से कहता है, 'मैं एंजेल से बहुत सारे खिलौने और टेडी बियर मांगूंगा। मैं दूसरी विश मांगूंगा कि मैं इतना सक्सेसफुल बन जाऊं, जिससे मेरे मम्मी-पापा को मुझ पर प्राउड फील हो। तीसरे विश में मैं एंजेल से सभी के लिए खुशियां मांगूंगा।' अगर सैयांश को सुपर पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, वह बताता है, 'यदि मुझे सुपर पॉवर मिलेगी, तो मैं ऐसे लोगों के लिए घर बनवाऊंगा, जो सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। उन लोगों को खाना खिलाऊंगा, जिन्हें पेटभर खाना नहीं मिल पाता। मैं चाहता हूं कि कोई भी इंसान भूखा या बेघर न रहे।' सैयांश इस बार कुछ अलग ढंग से चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करने की सोच रहा है। वह बताता है, 'मैं हर साल चिल्ड्रेंस-डे अपने फ्रेंड्स के साथ खूब एंज्वॉय करता हूं। इस बार मैं कुछ अलग करना चाहता हूं। मैंने तय किया है कि मैं चिल्ड्रेंस-डे पर जरूरतमंद बच्चों को खाना खिलाऊंगा और पूरा दिन उन्हीं के साथ बिताऊंगा। उनके साथ मेरा दिन भी खास बन जाएगा, क्योंकि मुझे कई सारे चेहरों पर मीठी-मीठी मुस्कुराहट देखने को मिलेगी।' सैयांश का 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'मैं अपने दोस्तों से यही कहना चाहूंगा कि खूब खाओ-पीयो और मस्ती करो। खूब धमाल मचाओ, लेकिन किसी को परेशान मत करो। आप अच्छे बनकर रहेंगे तो सभी आपके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे, आपसे प्यार करेंगे।' * **प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

---

प्रेरणा / विनय कुमार पाठक

कुछ बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अपने इनोवेटिव आइडियाज से दूसरों की हेल्प भी करते हैं। इन्हीं लोगों में है अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की किशोरी तेजस्वी मनोज। तेजस्वी को टाइम मैग्जीन ने 'किड ऑफ द ईयर' चुना है।

## सीनियर सिटीजंस को साइबर क्राइम से बचा रही है
# मल्टी-टैलेंटेड तेजस्वी मनोज



बच्चो, प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन ने अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की 17 वर्षीया तेजस्वी मनोज को 'किड ऑफ द ईयर-2025' चुना है। तेजस्वी अमेरिका के टेक्सास राज्य के लेबनान ट्रेल हाई स्कूल में पढ़ती है। तुम जरूर जानना चाहोगे कि तेजस्वी ने आखिर ऐसा क्या किया, जो उसे यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है।

**तेजस्वी मनोज की उपलब्धिः** तेजस्वी ने कुछ समय पूर्व 'शील्ड सीनियर' नाम की एक वेबसाइट बनाई। इस वेबसाइट पर बुजुर्गों को सिखाया जाता है कि किस तरह वे संदिग्ध ई-मेल या मैसेज को पहचानें और उसकी कहां रिपोर्ट करें? साथ ही साइबर फ्रॉड से कैसे बचें? टाइम मैग्जीन ने 'शील्ड सीनियर' की फाउंडर तेजस्वी को उसकी इस उपलब्धि के लिए न केवल 'किड ऑफ द ईयर' चुना है, साथ ही मैग्जीन में तेजस्वी की इस उपलब्धि और उसके काम पर विशेष आलेख भी प्रकाशित किया गया है।




**कहां से मिली प्रेरणाः** तेजस्वी को 'शील्ड सीनियर' बनाने की प्रेरणा एक घटना से मिली। एक दिन उसने सुना कि साइबर ठगों ने उसके दादाजी को धोखा देने की कोशिश की। यह बात सुनकर तेजस्वी सोच में पड़ गई, 'अगर मेरे दादाजी के साथ ऐसा हो सकता है, तो इससे कितने और बूढ़े लोग परेशान होते होंगे?' उसने इंटरनेट पर खोजबीन शुरू की और पाया कि 2024 में करीब 8,60,000 साइबर स्कैम हुए, जिनसे लोगों के लगभग 16 बिलियन डॉलर ठगे गए। इनमें से एक तिहाई से अधिक रकम 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों से ठगी गई थी। तेजस्वी को यह देखकर बहुत चिंता हुई। उसने निश्चय किया कि वह सीनियर सिटीजंस को इन धोखेबाजों से बचाने के लिए कुछ करेगी। एक साल के भीतर ही उसने 'शील्ड सीनियर' नाम की वेबसाइट बना डाली।

**मल्टी-टैलेंटेड है तेजस्वीः** तेजस्वी बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। वह स्काउटिंग अमेरिका की सक्रिय सदस्य है। वह बहुत अच्छा वायलिन बजाती है। वह अपने स्कूल की ऑर्केस्ट्रा टीम में भी शामिल है। साथ ही एक एनजीओ के साथ मिलकर शरणार्थी बच्चों को गणित और अंग्रेजी पढ़ाती है।

बच्चो, तेजस्वी हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि उम्र छोटी हो या बड़ी, अगर हम ठान लें तो किसी भी समस्या का हल खोज सकते हैं। *

---

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

# पापा तुमने कभी न जाना

पापा तुमने कभी न जाना
क्यों हम गुमसुम होते हैं।
मम्मी तुमने कभी न समझा
आखिर क्यों हम रोते हैं।
नींद नहीं पूरी हो पाती
सुबह जागना पड़ता है।
हड़बड़-तड़बड़ भारी बस्ता
लाद भागना पड़ता है।
सब कहते पढ़ने-लिखने को
विद्यालय हो चाहे घर।
कोई कभी नहीं कहता कि
बच्चों खेलो जी भरकर।
नहीं चाहिए हमें खिलौने
नहीं चॉकलेट, ना टॉफी
मम्मी प्यार करो, दुलराओ
बस इतना ही है काफी।
थोड़ा समय हमें दो पापा
धंधे से छुट्टी पाकर।
कभी तो बैठो पास हमारे
ऑफिस से जल्दी आकर।
पापा हमसे कहें कहानी
मम्मी हमको दुलराएं।
फिर तो हम खुश रहें हमेशा
कभी न रोएं, चिल्लाएं।



एआई इमेज

---



कहानी
गोविंद भारद्वाज

समझदारी और साहस हो तो बच्चे क्या नहीं कर सकते! यश और हर्ष ने एक बच्चे को टी-स्टॉल पर पिटते देखा तो दोनों ने जाकर उसे बचाया। पता चला टी-स्टॉल का मालिक उस बच्चे से बाल मजदूरी कराता है। क्या यश और हर्ष उस बच्चे की कोई मदद कर सके, टी-स्टॉल वाले को सबक सिखा सके?

# नन्हे जागरूक



यश और हर्ष दोनों सगे भाई हैं। वे हमेशा एक-दूसरे के साथ रहते हैं। स्कूल भी साथ ही आया-जाया करते हैं। उन दोनों भाइयों में आपस में बहुत प्यार है, कभी आपस में लड़ते-झगड़ते नहीं हैं। दोनों भाई समझदार और साहसी हैं। एक शाम दोनों भाई बाजार जा रहे थे। रास्ते में एक चाय की दुकान के सामने काफी भीड़ जमा देखी। यश ने पूछा, 'हर्ष, यहां पर इतनी भीड़ क्यों जमा है?'

'मुझे तो किसी लड़के की रोने की आवाज आ रही है। लगता है कोई किसी बच्चे को पीट रहा है।' हर्ष भीड़ से आ रहे शोर को ध्यान से सुनते हुए बोला।

दोनों भाई तेज कदमों से भीड़ के पास गए। उन्होंने देखा, एक आदमी दस-बारह साल के बच्चे को बुरी तरह से पीट रहा है। खड़ी भीड़ सिर्फ तमाशा देख रही है। कोई भी उस बच्चे को बचाने का प्रयास नहीं कर रहा है। यश और हर्ष को यह सब देखकर बहुत बुरा लगा। दोनों को बहुत गुस्सा आया। यश ने उस आदमी को रोकते हुए पूछा, 'अंकल, आप इस बच्चे को क्यों पीट रहे हैं?' 'तुम कौन होते हो मुझसे यह पूछने वाले... चलो फूटो यहां से।' आदमी गुस्से से बोला।

यह सुन यश-हर्ष को और ज्यादा तेज गुस्सा आ गया। यश ने बच्चे का हाथ पकड़ा और बोला, 'मैं हूं यश और यह है हर्ष। अब बताएं आप इसे क्यों मार रहे हैं?'

वह आदमी गुस्से से बोला, 'इसने मेरा नुकसान किया है।' 'कैसा नुकसान?' यश ने तुरंत पूछा।

'इसने कांच के गिलास धोते समय तोड़ दिए हैं।' वह आदमी, जो टी-स्टॉल का मालिक था, गुस्से से लाल होकर बोला।

'क्या आप इसे अपने टी-स्टॉल पर नौकर रखकर इससे जूठे गिलास, बर्तन धुलवाते हैं?' हर्ष ने कुछ तेज स्वर में पूछा। टी-स्टॉल वाला बोला, 'क्यों नहीं धुलवाऊं गिलास, कप-प्लेट, बर्तन। पूरे पांच सौ रुपए देता हूं इसे हर महीने।' हर्ष फिर पलट कर बोला, 'इसका मतलब यह हुआ कि आप एक गरीब बच्चे से मजदूरी करवा रहे हैं, बाल मजदूरी। आपको पता होना चाहिए कि छोटे बच्चे को मजदूरी पर रखना कानूनन जुर्म है?'

'जुर्म... कैसा जुर्म?' टी-स्टॉल वाले ने आश्चर्य और गुस्से से पूछा।

'इसकी पढ़ने की उम्र में आपने इसे काम पर रख रखा है। दूसरा यह कि यह नाबालिग है, फिर भी आपने इसे काम पर रखा है। ऊपर से आप इसे पूरा मेहनताना भी नहीं दे रहे हैं। ये सब अपराध की श्रेणी में ही आता है अंकल जी... ।' यश ने अंगुलियों पर चाय वाले के जुर्म गिना दिए। यश की ये सब कानूनी बातें सुनकर टी-स्टॉल वाले का दिमाग चकरा गया, उसने पूछा, 'तुम बच्चों को कैसे पता... ये कानूनी बातें?'

हर्ष ने मुस्कुराते हुए बताया, 'अंकल, समय-समय पर हमारे स्कूल में इस बारे में जानकारियां दी जाती हैं। टीवी-अखबारों में भी इन सब की जानकारी दी जाती है। एक और बात बताऊं अंकल?'

'कौन-सी बात?' टी-स्टॉल वाले ने तुरंत पूछा।

हर्ष ने बताया, 'हमारे पापा-मम्मी दोनों ही शहर के जाने-माने वकील हैं।'

यह सुनकर वह आदमी घबराने की बजाय उल्टे बच्चों पर बिगड़ उठा, 'एक तो इस बच्चे की गरीबी पर रहम खाते हुए हमने नौकरी दी, ऊपर से तुम लोग मुझे ही अपराधी ठहरा रहे हो। चलो भागो यहां से वरना... ।'

'वरना क्या, हमें मारोगे? हम इसे आपके चुंगल से छुड़वाए बिना कहीं नहीं जाने वाले। हमारी बात मान लो वरना हम पुलिस को बुलाएंगे।' हर्ष कड़े स्वर में बोला।

'बुलाओ पुलिस ... जो भी करना है करो। बड़े आए हैं मुझको धमकाने। इस टी-स्टॉल पर न जाने कितने पुलिसवाले, वकील और तुम जैसे रोज आते हैं चाय पीने, उन्होंने कभी मुझे नहीं टोका।' टी-स्टॉल वाला बोला।

हर्ष तुरंत पास की एक परिचित दुकान में गया, वहां से फोन पर उसने पुलिस कंट्रोल रूम को पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद ही पुलिस की गाड़ी वहां आ गई। अब तो वहां खड़ी भीड़ को भी जोश आ गया। उन सबने टी-स्टॉल वाले के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया। यश और हर्ष की होशियारी और हिम्मत के सामने टी-स्टॉल मालिक की एक न चली। उस कप-प्लेट धोने वाले बच्चे ने पुलिस को टी-स्टॉल के मालिक की सारी करतूतें बताईं। पुलिस वाले तुरंत उसे थाने ले गए और बच्चे को बाल सुरक्षा गृह में भिजवा दिया गया। यश और हर्ष की जागरूकता और हिम्मत के कारण उस अनाथ बच्चे को बाल मजदूरी से छुटकारा मिल गया।


अगले दिन सभी अखबारों में यश और हर्ष की बहादुरी और समझदारी की खबर उनकी तस्वीरों के साथ छपी थी। जिला प्रशासन ने दोनों भाइयों को 'नन्हे जागरूक नागरिक' सम्मान देने की घोषणा की। कई दिनों तक शहर में यश-हर्ष की चर्चा होती रही। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां

बाल कथाओं की एक किताब 'हारिए न हिम्मत' कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें नौ कहानियां और महान देशभक्त, क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन की प्रमुख घटनाओं को संकलित किया गया है। इसके लेखक डॉ. दिनेश पाठक 'शशि' हैं। बच्चो, ये सभी कहानियां पढ़ने में रोचक तो हैं ही, इनसे तुम्हें अच्छे, समझदार और साहसी बनने की प्रेरणा भी मिलेगी। 'दादू आए खुशियां लाए' कहानी में रोहित की बाजारू खाना खाने की आदत को उसके दादाजी कैसे सुधारते हैं, इसे पढ़ सकते हो। किसी संकट के समय में भी धैर्य और साहस से दूसरे की मदद की जा सकती है, इसे 'हारिए न हिम्मत' कहानी में रोचक तरीके से बताया गया है। कुछ इसी तरह की कहानी 'पकड़ा गया चोर' है। इसमें नंदन कैसे बुद्धिमानी से चोर को पकड़वाता है, यह पढ़ सकते हो। दो भाइयों सागर, आकाश और उनकी पालतू बिल्ली किट्टी की मजेदार कहानी है 'और वह रोने लगी।' इस किताब में जानवरों पर आधारित भी दो कहानियां हैं। 'खों खों दादा सुधर गए' में गुस्सैल बंदर की कहानी है तो 'आलस का परिणाम बुरा' में डॉगी के बच्चे की कहानी है। इन सभी कहानियों को पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *




**पुस्तकः** हारिए न हिम्मत, **लेखकः** डॉ. दिनेश पाठक 'शशि', **मूल्यः** 350 रुपए, **प्रकाशकः** जान्हवी प्रकाशन, दिल्ली

---

## जीके क्विज-179

1. आईसीसी वूमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच कौन बनीं?
2. हाल ही में रायपुर में छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन किसने किया?
3. महाराष्ट्र में औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नया नाम क्या रखा गया है?
4. वर्ल्ड चिल्ड्रेंस-डे कब मनाया जाता है?
5. विश्व मधुमेह दिवस (वर्ल्ड डायबिटीज डे) कब मनाया जाता है?
6. किस पशु को रेगिस्तान का जहाज भी कहा जाता है?
7. इन दिनों सोनपुर का मेला किस राज्य में चल रहा है?
8. 'ग्रैंड मास्टर' शब्द का संबंध किस खेल से है?
9. श्रीलंका की राजधानी कहां है?
10. महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-179 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।


**जीके क्विज-178 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.हरमनप्रीत कौर, 3.रोहित शर्मा, 4.साने तकाइची, 5.न्यायमूर्ति सूर्यकांत, 6.अमित शाह, 7.अवतल लेंस, 8.कार्बन डाइऑक्साइड, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.LVM3-M5 (बाहुबली रॉकेट)

**जीके क्विज-178 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, चुनेंद्र-बालोद, रितेश-मटियारी, आद्या-मानपुर, मन्नत-कैथल, सौरभ-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, रोशन-रायपुर

---

## रंग भरो-189

**रंग भरो-189** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।






रितेश, मटियारी




आशना, जांजगीर



प्रियांशु, रायपुर



ईशान, ई-मेल से



सूर्याश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, साकेत-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, रोहन-बिलासपुर, कोमल-कोरबा



पराग, ई-मेल से

---

## रंग भरो 190



बच्चो, यहां गार्डन में साथ मिलकर दौड़ रहे बच्चों का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

# ओलंपिक में 100 साल बाद दिखेगा क्रिकेट, महिलाओं का फाइनल 20 जुलाई और पुरुषों का 29 को

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिल्स

लॉस एंजिल्स ओलंपिक आयोजकों ने 2028 खेलों का पूरा कार्यक्रम जारी किया। इस बार उद्घाटन दिवस पर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ को शामिल किया गया है। 14 से 30 जुलाई तक चलने वाले ये खेल अब तक के सबसे बड़े होंगे, जिनमें 49 स्थानों पर 51 स्पर्धाओं में 11,200 खिलाड़ी भाग लेंगे। पहली बार लैंगिक समानता और नए कार्यक्रम निर्धारण को प्राथमिकता दी गई है, जबकि 'सुपर शनिवार' का आयोजन इस खेल का विशेष आकर्षण रहेगा।




### 100 साल बाद क्रिकेट की हो रही वापसी

*क्रिकेट 100 साल से अधिक समय बाद ओलंपिक में वापसी कर रहा है, जिसमें महिलाओं का फाइनल 20 जुलाई 2028 और पुरुषों का फाइनल 29 जुलाई 2028 को होगा। बेसबॉल को भी दोबारा शामिल किया गया है, जिसके मुकाबले 13 जुलाई से डॉजर स्टेडियम में होंगे ताकि खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस बार अमेरिकी फ्लैग फुटबॉल और स्क्वैश जैसे नए खेल जोड़े गए हैं, जबकि लैक्रोस 1908 के लंदन ओलंपिक के बाद एक बार फिर वापसी करेगा।*




### महिला खिलाड़ियों पर दिया गया विशेष जोर

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 खेल इतिहास में लैंगिक समानता की नई मिसाल कायम करेगा। इस बार कुल प्रतिभागियों में 50.5 प्रतिशत महिला खिलाड़ी होंगी और पहली बार सभी टीम खेलों में पुरुषों के बराबर या उनसे अधिक महिला टीमें भाग लेंगी। 15 जुलाई को उद्घाटन दिवस पर अब तक की सबसे अधिक महिला फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनकी शुरुआत महिला ट्रायथलॉन से होगी और समापन रोमांचक 100 मीटर दौड़ से होगा।

### ओलंपिक में पहली बार होगा ऐसा

ओलंपिक इतिहास में पहली बार एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं पूरे खेल अवधि के दौरान आयोजित की जाएंगी। आयोजकों ने पारंपरिक कार्यक्रम में बड़े बदलाव किए हैं ताकि खिलाड़ियों को बेहतर माहौल मिल सके। मौसम को ध्यान में रखते हुए कई प्रतियोगिताओं का समय बदला गया है। सैंटा एनीटा में होने वाली घुड़सवारी स्पर्धाओं को शाम के सत्र में रखा गया है, ताकि खिलाड़ियों को ठंडे और अनुकूल मौसम में प्रदर्शन करने का अवसर मिले।

### सुपर शनिवार में 23 खेल होंगे


तैराकी प्रतियोगिताओं को दूसरे सप्ताह में स्थानांतरित किया गया है क्योंकि सोफी स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के साथ-साथ तैराकी स्पर्धाएं भी होंगी। 29 जुलाई को सुपर शनिवार के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें 23 खेलों की 26 फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनमें 15 टीम इवेंट्स के स्वर्ण और कांस्य मुकाबले तथा 15 व्यक्तिगत खेलों के फाइनल शामिल हैं। मैराथन दौड़ें अंतिम सप्ताहांत में होंगी। महिलाओं की 29 जुलाई को और पुरुषों की 30 जुलाई को आयोजित की जाएंगी।

### जनवरी से मिलेंगे टिकट

लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए टिकट पंजीकरण जनवरी में शुरू होगा। लगभग 1.4 करोड़ टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनकी कीमतों की जानकारी बाद में जारी की जाएगी। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि टिकटों पर गतिशील मूल्य निर्धारण प्रणाली लागू नहीं होगी। अमेरिका के विभिन्न शहरों में खेले जाने वाले ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट और लॉस एंजिल्स पैरालंपिक से जुड़ी जानकारी भी आगामी समय में घोषित की जाएगी।

---

## खबर संक्षेप



### विश्व कप विजेता दीप्ति का आगरा में जोरदार स्वागत

**आगरा।** अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत को पहली बार महिला विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति शर्मा का यहां अपने घर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान 10 किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया गया। भारत ने दो नवंबर को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया था। जिसमें दीप्ति ने अर्धशतक बनाने के अलावा पांच विकेट भी लिए थे। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं दीप्ति के सम्मान में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रोड शो में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। रोड शो में शामिल हुए तथा रोड शो के मार्ग पर झंडे लहराते हुए और फूल बरसाते हुए नजर आए। समारोह के दौरान सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए 150 से अधिक पुलिस और यातायात कर्मियों को तैनात किया गया था।

### इंडियन पिकलबॉल लीग एक दिसंबर से दिल्ली में



**नई दिल्ली।** पहली इंडियन पिकलबॉल लीग का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में एक से सात दिसंबर तक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि लीग में हिस्सा लेने वाली टीम में भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों को जगह मिलेगी। एक हफ्ते के टूर्नामेंट के दौरान पहले राउंड रोबिन मुकाबले और फिर नॉकआउट दौर होगा। भारतीय पिकलबॉल संघ के अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह भुल्लर ने कहा, ''आईपीबीएल का शुभारंभ भारत में पिकलबॉल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह लीग इस खेल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए आवश्यक पैमाने और संरचना का प्रतिनिधित्व करती है।''टाइम्स ग्रुप द्वारा शुरू की जा रही आईपीबीएल को आईपीए से स्वीकृति मिली हुई है और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है।

### गुजरात टाइटंस का मुख्य प्रायोजक होगा बिरला एस्टेट्स




**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के 2026 सत्र के लिए आदित्य बिरला रीयल एस्टेट लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बिरला एस्टेट्स को मुख्य प्रायोजक बनाया। बिरला एस्टेट्स फेंटेसी गेमिंग मंच ड्रीम 11 की जगह लेगा जिसे इस साल अगस्त में वास्तविक धनराशि वाली गेमिंग में प्रतिबंध लगाने वाले केंद्र सरकार के अधिनियम के बाद अपने काम को बहुत सीमित करना पड़ा। बिरला एस्टेट्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ केटी जितेंद्रन ने कहा, ''यह सहयोग हमें भारत और उसके बाहर लाखों प्रशंसकों से जुड़ने और जुनून, दृढ़ता और प्रगति के साझा मूल्यों का जश्न मनाने का अवसर देता है।

---

पहला टेस्ट सुबह 9:30 बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में

# टीम इंडिया घरेलू मैदान का उठाना चाहेगी फायदा दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों से निपटना कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच आज 14 नवंबर से कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ तेम्बा बावुमा की कप्तानी में प्रोटियाज टीम कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के बेहतरीन स्पिन आक्रमण के सामने भारत के सितारा बल्लेबाजों के कौशल की असली परीक्षा होगी जब दोनों टीमें दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में आमने सामने होंगी। दक्षिण अफ्रीका का गेंदबाजी आक्रमण इस समय स्पिनरों पर निर्भर है और ऐसे में मेजबान टीम को धीमे गेंदबाजों के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियन दक्षिण अफ्रीका आम तौर पर अच्छे तेज गेंदबाजों के लिये जानी जाती रही है लेकिन इस समय उसके पास धुरंधर स्पिनर हैं।



### लगभग बराबरी का रहा है आपसी मुकाबला

टेस्ट क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 44 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 16 मैच में जीत मिली है और 18 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। 10 मैच दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहे हैं। भारत की धरती पर दोनों टीमों के बीच 19 टेस्ट खेले गए हैं। 11 मैच में भारतीय टीम को जीत और 5 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा (ड्रॉ- 3) है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

राहुल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली घरेलू सीरीज में 3 पारियों में 196 रन बनाए थे। उनका हालिया प्रदर्शन शानदार रहा है। बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 20.76 की औसत के साथ 38 विकेट लिए हैं। वह भारत में 17.59 की औसत के साथ 54 विकेट ले चुके हैं। रबाडा ने भारत के खिलाफ 14 टेस्ट में 22.60 की औसत से 55 सफलताएं हासिल की।

### संभावित एकादश

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (उपकप्तान/विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, रयान रिकेलटन, ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी जोरजी, काइल वेरिन (विकेटकीपर), सेनुरन मुथुसामी, कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर, केशव महाराज, और कगिसो रबाडा।

---

एशियाई तीरंदाजी

# ज्योति सहित भारतीय महिला और मिश्रित टीम को स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| ढाका

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने यहां एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीते।

अनुभवी तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिला व्यक्तिगत वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले उन्होंने दीपशिखा और प्रितिका प्रदीप के साथ मिलकर महिला टीम वर्ग में देश को स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय महिला टीम ने कोरिया को फाइनल में 236-234 से हराया। तीनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया की पार्क येरिन, ओ यूहयून और जुंगियून पार्क को मात दी।

### ज्योति ने हराया हमवतन प्रितिका को

एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति ने कंपाउंड महिला व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में 17 साल की हमवतन प्रितिका पर 147-145 से जीत दर्ज कर खिताब जीता। ज्योति ने सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की सि यु चेन को 149-143 से हराने के दौरान केवल एक अंक गंवाया था जबकि प्रितिका ने अंतिम चार में घरेलू प्रबल दावेदार कुलसुम अख्तर मोन को 146-145 से पराजित किया था।


### अभिषेक और दीपशिखा ने जीता स्वर्ण पदक

कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अभिषेक वर्मा और दीपशिखा ने बांग्लादेश को 153-151 से हराकर स्वर्ण जीता। हालांकि कंपाउंड पुरूष टीम फाइनल में भारत को कजाखस्तान से 230-229 से हार का सामना करके रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में अभिषेक वर्मा, साहिल राजेश जाधव और प्रथमेश फुगे थे जबकि कजाखस्तान टीम में दिलमुखामेत मुसा, बुनियोद मिर्जामेतोव और आंद्रेइ युतयुन शामिल थे।

---

बैडमिंटन

# लक्ष्य जापान मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में, प्रणय हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| कुमामोतो (जापान)

भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन एचएस प्रणय का सफर दूसरे दौर में ही समाप्त हो गया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने 39 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 21-13, 21-11 से हराया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी सेन का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय को हालांकि 46 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में डेनमार्क के रासमस गेम्के के हाथों 18-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



### लक्ष्ये ने शुरू से ही बना ली थी बढ़त

लक्ष्य ने पहले गेम में 8-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद तेह ने कुछ देर के लिए 10-9 की मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी ने फिर बढ़त बना ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच 14-13 के स्कोर तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन इसके बाद लक्ष्य ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में शुरू से अच्छा प्रदर्शन किया और जल्द ही 5-0 की बढ़त बना ली। उन्होंने इंटरवल तक 11-3 की बढ़त बनाकर अपने प्रतिद्वंदी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी और आसानी से मैच जीता।

---

# भारतीय महिला टेनिस टीम की अग्निपरीक्षा आज से

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला टेनिस टीम बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) क्वालीफायर्स में जगह बनाने के लिए आज शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे प्ले ऑफ में नीदरलैंड और स्लोवेनिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को घरेलू मैदान पर हराने की उम्मीद के साथ कोर्ट पर उतरेगी। भारतीय टीम चार नवंबर से शहर में डेरा डाले हुए है। गैर खिलाड़ी कप्तान विशाल उप्पल ने उम्मीद जताई कि 10 दिवसीय अभ्यास शिविर से उनके खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। भारत नीदरलैंड और स्लोवेनिया के साथ ग्रुप जी में है। भारतीय अभियान का नेतृत्व सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती, अंकिता रैना, रिया भाटिया और प्रार्थना थोम्बरे करेंगे।



### भारतीय टीम के मैच का शेड्यूल

शुक्रवार को नीदरलैंड और स्लोवेनिया के बीच मुकाबला होगा। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा और उसके बाद रविवार को वह सातवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड से भिड़ेगा। यह पहला अवसर है जबकि भारत इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है।

---

# यानिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह की पक्की

एजेंसी ▶▶| तूरिन (इटली)

गत चैंपियन यानिक सिनर ने घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के बीच अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। सिनर ने इनडोर हार्ड कोर्ट पर अपनी जीत का सिलसिला 28 मैचों तक बढ़ा दिया है। यह सिलसिला दो साल पहले इस प्रतियोगिता के फाइनल में नोवाक जोकोविच से मिली हार के बाद शुरू हुआ था। यह सिनर की ज्वेरेव पर लगातार पांचवीं जीत है, जिसमें इस वर्ष का ऑस्ट्रेलियाई ओपन का फाइनल भी शामिल है।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन

सिनर दो जीत के साथ ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि ज्वेरेव और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने एक-एक जीत हासिल की है। बेन शेल्टन अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाए हैं। एक अन्य मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त ऑगर अलियासिमे ने शेल्टन को 4-6, 7-6 (7), 7-5 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की।

---

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड का फरमान, दूसरा वन-डे आज


# पाक में धमाके के बावजूद श्रीलंका खेलेगी पूरी सीरीज

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं के बावजूद अपनी टीम को पाकिस्तान का दौरा जारी रखने का आदेश दिया है। कई खिलाड़ियों ने घर लौटने की इच्छा जताई थी, लेकिन बोर्ड ने चेतावनी दी कि ऐसा करने वालों पर औपचारिक समीक्षा की जाएगी। बोर्ड ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह खिलाड़ियों के स्थान पर नए खिलाड़ी भेजेगा। बता दें, हमले में 12 लोगों की मौत और 27 घायल हुए थे।

### शेड्यूल में हुआ बड़ा बदलाव

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दूसरे और तीसरे वनडे मैचों का शेड्यूल बदल दिया है। अब दूसरा मैच गुरुवार की बजाय शुक्रवार (14 नवंबर) और तीसरा मैच शनिवार की बजाय रविवार (16 नवंबर) को रावलपिंडी में खेला जाएगा। पीसीबी के प्रमुख और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सोशल मीडिया पर नया कार्यक्रम साझा करते हुए श्रीलंकाई टीम का आभार जताया है। श्रीलंका ने हालिया सुरक्षा चिंताओं के बावजूद पाकिस्तान दौरा जारी रखने का फैसला किया है।




### श्रीलंका का खिलाड़ियों के लिए आदेश

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि उनकी सभी सुरक्षा चिंताओं पर पीसीबी और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। बोर्ड ने बयान जारी कर कहा कि खिलाड़ियों से तुरंत बातचीत की गई और उन्हें आश्वस्त किया गया कि दौरे पर मौजूद प्रत्येक सदस्य की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सभी हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### खिलाड़ी अगर घर लौटे तो तुरंत नए सदस्य आएंगे

एसएलसी ने यह स्पष्ट किया कि जो खिलाड़ी या सहयोगी स्टाफ सदस्य घर लौटना चाहेंगे, उनकी जगह तुरंत नए सदस्य भेजे जाएंगे ताकि सीरीज बिना बाधा जारी रह सके। बोर्ड ने कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मौजूदा दौरे की निरंतरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता के तहत लिया गया है। बोर्ड ने दोहराया कि सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है।

# हाई कोर्ट ने राज्य शासन व मुख्य सचिव से मांगा जवाब

# क्या 38 वर्ष निरंतर सेवा के बाद नियुक्ति को अवैध ठहराना उचित



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सवाल किया है कि क्या 38 वर्ष निरंतर सेवा के बाद नियुक्ति को अवैध ठहराना उचित है। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने पूर्व निर्देश के बावजूद शिकायत दूर न किए जाने पर जवाब मांगा है। इसके लिए एक सप्ताह का समय दिया गया।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी राकेश चौरसिया की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे व अक्षय खंडेलवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता कार्यालय उप संचालक उद्यान, जबलपुर में कार्यरत हैं। लंबे समय से सेवा देने के बावजूद नियमितिकरण का लाभ नहीं दिया गया। लिहाजा, हाई कोर्ट की शरण ली गई थी। याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने शिकायत दूर करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद राज्य शासन की ओर से जो निर्णय लिया गया, उसमें कहा गय कि याचिकाकर्ता की 38 वर्ष पूर्व हुई नियुक्ति अवैध थी। वह जिस पद पर नियुक्त हुआ था, उस समय वह पद स्वीकृत ही नहीं था। इसीलिए उसका नियमितिकरण नहीं किया जा सकता। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि हाई कोर्ट का ऐसा आदेश है कि वे कर्मचारी जो कि 10 वर्ष से अधिक सेवारत हैं, उनकी नियुक्ति चाहे अवैध हो या अनियमित हो उनके प्रकरणों पर नियुक्तिकरण हेतु स्थाई समिति नियुक्त की जानी चाहिए। मुख्य सचिव का इस सिलसिले में दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। कोर्ट ने साफ किया था कि राज्य शासन एक आदर्श नियोक्ता है, इसलिए वह लंबे समय से सेवारत कर्मी की नियुक्ति को अवैध करार देकर नियमितिकरण के लाभ से वंचित नहीं कर सकता।

**सांसद, विधायक व महापौर से प्रस्ताव का विरोध करने की मांग**

## हरदा का न्यायिक क्षेत्राधिकार जबलपुर से छीनकर इंदौर को देने के प्रस्ताव से आक्रोश

### अधिवक्ता संघ मुख्य न्यायाधीश को सौपेंगे लिखित आपत्ति

जबलपुर। राज्य सरकार के विधि एवं विधायी कार्य विभाग ने हरदा जिले का न्यायिक क्षेत्राधिकार जबलपुर से पृथक कर इंदौर बेंच को दिए जाने का प्रस्ताव किया गया है। इसकी जानकारी लगते ही जबलपुर के अधिवक्ता संघ आक्रोशित हो गए हैं। उन्होंने विरोध दर्ज कराया है। गुरुवार को इस सिलसिले में हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार, हाई कोर्ट बार, जिला बार, एमपी स्टेट बार व सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के पदाधिकारियों की आपात संयुक्त बैठक आहूत हुई। जिसमें हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल की अध्यक्ष शोभा मेनन, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राधेलाल गुप्ता सहित सदस्य मनीष दत्त, शैलेंद्र वर्मा, अहादुल्लाह उस्मानी सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में प्रतिवाद किया। साथ ही निर्णय लिया कि शुक्रवार को इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा को लिखित आपत्ति दे दी जाएगी। जबलपुर के सांसद, विधायक व महापौर से इस प्रस्ताव का विरोध करने हेतु अनुरोध किया जाएगा। समस्त अधिवक्ता संगठन एकजुट होकर संबंधित सभी विभागों एवं अधिकारियों को संयुक्त हस्ताक्षरित प्रतिवेदन सौंपेंगे।

संयुक्त बैठक में विगत वर्षों में जबलपुर के साथ किए गए सौतेले व्यवहार व उसके वैध अधिकारों से वंचित किए जाने के विषय पर भी चर्चा हुई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि यदि वर्तमान प्रस्ताव को वापस नहीं लिया जाता है, तो जबलपुर के अधिवक्ता समुदाय एवं अन्य संगठनों के साथ मिलकर आंदोलनात्मक रणनीति अपनाई जाएगी। बैठक में हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष देवेंद्र गंगराड़े, लाइब्रेरी सेक्रेटरी आनंद नायक, कार्यकारिणी सदस्य अक्षय पवार, स्वाति, अधिवक्ता असीम जॉर्ज, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित जैन, सहसचिव योगेश सोनी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तथा जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी व सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राज्याधिवक्ता परिषद के सदस्य मृगेंद्र सिंह और मनीष तिवारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित हुए। सभी उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जबलपुर का अधिकार दिला कर रहेंगे, और उसके हक को किसी भी स्थिति में जाने नहीं देंगे।

# चयन समिति में सभी वर्गों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शामिल करने की मांग

**जिला अदालतों के कर्मियों के चयन का मामला**

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट द्वारा सिविल जज के अलावा जिला अदालतों में द्वितीय व तृतीय वर्ग कर्मचारियों की भर्ती की जाती है। इसके लिए चयन समिति बनी है। मप्र पिछड़ा वर्ग अधिवक्ता कल्याण मंच ने चीफ जस्टिस को पत्र भेजकर उक्त चयन समिति में सभी वर्गों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शामिल करने की मांग की है। मंच के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह ठाकुर व सचिव विनायक प्रसाद शाह ने पत्र में कहा कि इससे भर्ती प्रक्रिया में और अधिक निष्पक्षता व पारदर्शिता आएगी।पत्र में कहा गया कि उक्त नियुक्तियों में आरक्षण के नियमों को त्रुटिपूर्ण रूप से लागू किया जाकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के साथ चयन समिति द्वारा भेद भाव किया जा रहा है। यह कहा गया कि हाल ही में सिविल जज भर्ती में अनारक्षित वर्ग के बैकलॉग के पद भी विज्ञापित किए गए। सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों और संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार बैकलॉग केवल आरक्षित वर्ग के पदों का ही होता है।

पत्र में यह मांग भी की गई कि यदि वरिष्ठ अधिवक्ताओं को चयन समिति में शामिल नहीं किया जा सकता तो उक्त भर्तियां पूर्व की भांति मप्र लोक सेवा आयोग या कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से कराई जाएं। पत्र की कॉपी चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया, मुख्य सचिव अनुराग जैन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग भोपाल के प्रमुख सचिव एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव को भी भेजी है।

# हाईवा की टक्कर से 1 की मौत, 2 घायल

**पहरेवा नेशनल हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना**

जबलपुर। खितौला थाना अतंर्गत पहरेवा जबलपुर नेशनल हाईवे पर एक हाईवा ने एक ट्रेक्टर को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार तीनों युवक नीचे गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने तीनों को अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टर ने चैक कर एक युवक को मृत घोषित कर दिया। खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरगवां दराची थाना सिहोरा निवासी 23 वर्षीय सागर पटेल गत दोपहर लगभग 3 बजे अपना ट्रेक्टर बनवाने के लिए सिहोरा पीयूष इंटरप्राईजेज आया था। रात लगभग 8 बजे सिहोरा से अपना ट्रेक्टर सुधरवाकर निकला और रिलायंस पेट्रोल पम्प पर डीजल भरवाकर अपने गांव जा रहा था पहरेवा जबलपुर नेशनल हाईवे पर रात लगभग 10.20 बजे उसका ममेरा भाई शुभांशु पटेल एवं सचिन पटेल मिले जो उसका ट्रेक्टर रूकवाकर बोले कि घाट सिमरिया जाना है उसने टेक्टर रोड़ किनारे खड़ा किया जैसे ही सचिन पटेल और शुभांशु उसके ट्रेक्टर में बैठने लगे तभी सिहोरा तरफ से आ रहा हाईवा क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 9903 के चालक ने उसके ट्रेक्टर में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे टेक्टर रोड किनारे बनी नाली में गिर गया और तीनों रोड किनारे गिर गये। सागर को पैर में, शुभांशु के सिर में तथा सचिन पटेल को हाथ पैर एवं शरीर में चोट आई। शुभांशु पटेल को हाथ पैर एवं सिर पर अत्यधिक चोटें आ जाने से मौके पर मृत्यु हो गयी। राहगीरों ने तीनों को एम्बुलेंस से शासकीय अस्पताल सिहोरा लेकर गये जहां डाक्टर ने पहरेवा निवासी 16 वर्षीय शुभांशु पटेल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हाईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 106(1)बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सट्टे के 2 अड्डों पर पुलिस ने मारा छापा

## 7 सटोरिये गिरफ्तार 95 हजार जब्त



**जबलपुर।** कोतवाली पुलिस ने छोटे फुहारा स्थित सट्टे के अड्डे पर छापा मारकर सट्टा पट्टी लिखते 4 सटोरिए को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि सोनू महाराज (तिवारी) के लिए 500 रुपए प्रतिदिन की दिहाड़ी पर काम करते है। पुलिस ने इनके पास से सट्टा पट्टी और 58 हजार 660 रुपए बरामद किए। इसी तरह गढ़ा पुलिस ने गंगासागर तालाब के पास तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर 37 हजार रुपए और सट्टा पट्टी जब्त की है। पुलिस ने सट्टा लिखने वाले और सट्टा खिलाने वालों पर मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि गत शाम मुखबिर की सूचना पर छोटा फुहारा स्थित बीएसएनएल मैदान में सट्टा पट्टी लिख रहे संतोष कुमार सोनी, राजेश कोरी, राजेश उर्फ बल्लू गुप्ता, राजेन्द्र चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारों सटोरियों के कब्जे से 8 सट्टा पट्टी तथा नगदी 58 हजार 660 रूपये जप्त किए हैं। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि सोनू महाराज (तिवारी) के कहने पर सट्टा पट्टी लिखते थे जिनके एवज में 500 रुपए मजदूरी मिलती थी। इसी तरह गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि चौकी प्रभारी धनवंतरीनगर दिनेश गौतम एवं उनके हमराह स्टाफ तथा थाना गढ़ा की संयुक्त टीम ने गंगासागर तालाब किनारे स्ट्रीट लाईट के नीचे बिजली के उजाले में सट्टा पट्टी लिख रहे दिनेश उर्फ दिनेश विश्वकर्मा, विवेक झारिया और अभिषेक श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 6 सट्टा पट्टी तथा 37 हजार रूपये जब किए है। सट्टा पट्टी लिखने के संबंध में पूछताछ करने पर तीनों सटोरियों ने गंगासागर निवासी बल्लू केवट के कहने पर सट्टा पट्टी लिखने के एवज में बल्लू केवट द्वारा प्रतिदिन 400 रूपये के हिसाब से देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने सभी सटोरियों के विरूद्ध पृथक पृथक धारा 4(क) सट्टा एक्ट तथा 49 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई।

# आरक्षण लागू करने से पहले नहीं देखा कि अभी कौन से वर्ग वाकई हैं पिछड़े, उनका कितना प्रतिनिधित्व

**हाईकोर्ट में याचिकाकर्ताओं की ओर से रखा गया पक्ष, प्रमोशन में आरक्षण के नियम को चुनौती का मामला**

**जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में राज्य में प्रमोशन में आरक्षण को लेकर बने नियम की वैधानिकता को चुनौती देने वाले मामले में गुरूवार को भी सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के विपरीत नियम बनाए हैं, इसलिए वे चुनौती योग्य हैं। कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के एम नागराज और जरनैल सिंह के मामलों में जो निर्देश दिए हैं उनका पालन नहीं किया गया है। सरकार ने आरक्षण लागू करने से पहले यह नहीं देखा कि कौन से वर्ग अभी वाकई पिछड़े हैं और उनका वर्तमान में कितना प्रतिनिधित्व है।**



यह दलील भी दी गई कि सुप्रीम कोर्ट ने उक्त प्रकरणों में क्रीमी लेयर का मुद्दा भी स्पष्ट किया है। जब तक पिछड़े वर्ग से क्रीमी लेयर को अलग नहीं किया जाता, तब तक यह तय नहीं किया जा सकता कि उन्हें कितना आरक्षण मिलना चाहिए। यदि किसी पिछड़े वर्ग का व्यक्ति आईएएस या आईपीएस बनता है, तो उसके बच्चे सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े नहीं माने जाएंगे। ऐसे में उन्हें आरक्षण का लाभ देना बाकी उम्मीदवारों के साथ भेदभाव होगा। अभी इस मामले में याचिकाकर्ताओं की ओर से पक्ष रखा जा रहा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने अगली सुनवाई 20 नवंबर को निर्धारित की है। याचिकाकर्ताओं की बहस पूरी होने के बाद सरकार अपना पक्ष रखेगी।भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाईकोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाम मात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए, वहीं मामले में अजाक्स संघ सहित आरक्षित वर्ग की ओर से अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल की हैं।

# गंदगी फ़ैलाने वालों से 22 लाख से अधिक का जुर्माना वसूला

**जबलपुर।** पमरे जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। रेलवे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर कुल सात माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 10,919 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 22 लाख 12 हजार 90 रूपये जुर्माना वसूला गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240